# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


आखिर, इस दरिंदे को कितनी क्रूर सजा मिलनी चाहिए? जिसने मासूम के 'मन और जीवन' से हैवानियत की

सिर्फ 'एक चॉकलेट' उसकी जिंदगी पर इतनी भारी पड़ जाएगी, उस मासूम बच्ची ने सोचा भी न होगा?

# 6 साल की बच्ची भोपाल एम्स में मौत के मुहाने पर, पेट में छेद कर बनाया मल द्वार, दरिंदे ने हैवानियत कर मलद्वार कर दिया था बर्स्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रायसेन जिले के गौहरगंज में छह साल की मासूम से सलमान नाम के दरिंदे द्वारा चॉकलेट का लालच दिखाकर हैवानियत मामले से पूरे प्रदेश में गुस्सा है। एम्स भोपाल में भर्ती मासूम आईसीयू में जिंदगी की जंग लड़ रही है। दरिंदे ने मामूम के साथ रेप के करने के साथ उनके मल द्वार में भी हैवानियत की थी।

*आईसीयू में बच्ची न बोलती है, न देखती है, उसकी खामोशियों में इतना दर्द कि मां-पिता देखकर ही फफक पड़ते हैं*

- आरोपी सलमान की 30 घंटे बाद भी गिरफ्तारी नहीं, उसे दबोचने कई टीमें लगाई गईं
- गौहरगंज क्षेत्र के वकीलों ने कहा- कोई भी वकील आरोपी के पक्ष में केस नहीं लड़ेगा

### दरिंदे सलमान पर 20 हजार का इनाम

पुलिस ने आरोपी सलमान पर इनाम बढ़ाकर 20,000 रुपए कर दिया है और उसे पकड़ने के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। पूरे इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात है। प्रशासन द्वारा सोमवार दोपहर 12 बजे तक का समय मांगा गया है और अगर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 12 बजे के बाद मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, सुल्तानपुर, बाड़ी बरेली सभी जगह हाईवे पर हिंदू सकल समाज धरना-प्रदर्शन करेगा।

### पुलिस की 10 टीमें कर रहीं छापेमारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जिले के गौहरगंज क्षेत्र की दुष्कर्म से पीड़ित 6 वर्षीय बालिका के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए नियमित जानकारी ली जा रही है। इस जघन्य अपराध के आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए एसपी पंकज कुमार पांडे गौहरगंज में ही डेरा डाले हुए हैं।



लोगों में आक्रोश...औबेदुल्लागंज में उबाल, सड़क पर उतरी भीड़


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी के साथ छेड़छाड़



**झाबुआ।** शहर के गोपाल कॉलोनी में एक राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट एथलीट के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी फरार है। छेड़छाड़ और मारपीट में 8-10 लोग शामिल थे।

### स्मृति मंधाना के पिता की तबीयत खराब, शादी टली



**नई दिल्ली।** क्रिकेट स्टार स्मृति मंधाना और म्यूजिक कंपोजर पलाश मुच्छल की शादी अचानक पोस्टपोन कर दी गई है। मंधाना के मैनेजर तुहिन मिश्रा ने बताया कि सुबह में जब स्मृति के पिता नाश्ता कर रहे थे तब उनकी तबीयत खराब होने लगी] हम उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए। इसके बाद शादी समारोह को टालने का फैसला किया गया।

### हैदराबाद एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी



**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को रविवार को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद बहरीन से हैदराबाद आ रही गल्फ एयर की फ्लाइट जीएफ 274 को मुंबई एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया। एयरपोर्ट का कोना खंगाला गया, लेकिन तलाशी में कुछ नहीं मिला।

**जी-20 शिखर सम्मेलन:** मंच से दुनिया को मिला दो टूक संदेश, संयुक्त घोषणापत्र जारी

# अब कोई भी देश धमकी अथवा ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगा, अमेरिका को ऐतराज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*जी-20 देशों का कहना है- जी-20 किसी एक देश पर निर्भर नहीं, किसी ऐसे देश की गैरमौजूदगी के आधार पर घोषणा पत्र को रोका नहीं जा सकता है, जिसे पहले से निमंत्रण दिया गया था। यह सम्मेलन सभी 21 सदस्यों के बारे में है*

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी-20 के मंच से रविवार को सभी सदस्य देशों ने मिलकर संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया। जिसमें किसी भी देश को ताकत का गलत इस्तेमाल करके धमकी न देने की बात कही गई है।

इस घोषणा पत्र में आतंकवाद की आलोचना से लेकर जलवायु परिवर्तन समेत नस्ल, भाषा और धर्म के आधार पर भेदभाव न करने की अपील की गई है। हालांकि, अमेरिका ने इस पर आपत्ति जताई है। मगर, इसके बावजूद सभी देशों ने मिलकर इस डिक्लेरेशन को हरी झंडी दिखा दी है। दरअसल संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुसार, किसी भी देश को दूसरे देश की संप्रभुता और अखंडता पर चोट करने या उसकी राजनीतिक आजादी पर कब्जा करने की धमकी नहीं देना चाहिए। जी-20 देशों ने भी इसी पर जोर दिया है, जिसे रूस, इजराइल और म्यांमार के लिए छिपा हुआ संदेश माना जा रहा है। अमेरिका अगले साल जी-20 शिखर सम्मलेन को होस्ट करने वाला है। ऐसे में अमेरिका की मौजूदगी के बिना जी-20 डिक्लेरेशन पास होने पर वॉशिंगटन ने नाराजगी जाहिर की है।

अमेरिका की आपत्ति के बाद भी घोषणा पत्र पारित



जी-20 की बैठक में पीएम मोदी

सभी देशों ने मिलकर इस डिक्लेरेशन को मंजूरी दी

- *प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक आतंकवाद को लेकर दुनिया को किया आगाह*
- *पीएम ने कहा- इस वक्त यूएनएससी में सुधार बहुत जरूरी हो गया है*
- *घोषणा पत्र रूस, इजराइल और म्यांमार के लिए छिपा हुआ संदेश माना जा रहा*

### आतंकवाद को लेकर दोहरी नीति नहीं चलेगी

जी-20 के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी यूएनएससी में सुधारों का पुरजोर तरीके से समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि इस वक्त यूएनएससी में सुधार बहुत जरूरी हो गया है। मोदी ने कहा कि भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका को यूएनएससी में बदलाव को लेकर स्पष्ट संदेश देना चाहिए।



अलग-अलग देशों के साथ बैठक करते पीएम मोदी

### मोदी ने अमेरिका पर इशारों में साधा निशाना

जी-20 के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका की तरफ से दुनिया भर के देशों पर लगाए जाने वाले टैरिफ को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के देशों पर एकतरफा टैरिफ और दबाव बनाने की रणनीति पर चिंता जताई। मोदी ने कहा कि इससे पूरी दुनिया के बाजार में अनिश्चितता और अस्थिरता का खतरा पैदा होगा। एकतरफा टैरिफ को मोदी ने भेदभावपूर्ण और विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ बताया।

सागर में दर्दनाक सड़क हादसा

## यात्री बस ने सड़क किनारे खड़े चार युवकों को रौंदा

- चारों की मौत, परिवार में छाया मातम
- चारों भैंस को खोजने घर से निकले थे



दुर्घटना में मृतक



दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ उमड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई और आपस में रिश्तेदार हैं। सड़क हादसे में यात्री बस ने चार युवकों को रौंद दिया। हादसे में चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा जिले के रहली थाना इलाके के अनंतपुरा गांव के पास हुआ है। बस की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार चारों युवक उछलकर सड़क किनारे जा गिरे। इनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार बाइक सवार युवक अनंतपुरा गांव से सिमरिया हर्राखेड़ा की ओर जा रहे थे जबकि बस सिमरिया से होते हुए दमोह जा रही थी। ग्रामीणों के अनुसार चारों भैंस को खोजने घर से निकले थे। वो सड़क के किनारे खड़े थे तभी बस ने रौंद दिया।

**आज जस्टिस** सूर्यकांत बनेंगे देश के 53वें सीजेआई

## विदाई समारोह में जस्टिस गवई ने कहा-रिटायरमेंट के बाद नहीं लूंगा कोई पद

*दिल्ली में ही रहूंगा और आदिवासियों के लिए काम करूंगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बीआर गवई

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने रिटायरमेंट के बाद कोई पद न लेने का ऐलान किया है। अपने विदाई समारोह में चीफ जस्टिस ने कई मुद्दों पर खुलकर अपने विचार रखे और कुछ पर टिप्पणी करने से इनकार भी किया। भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई से रविवार को रिटायर हो गए। उन्होंने कहा कि वे आदिवासियों के लिए काम करेंगे और दिल्ली में ही रहेंगे। गवई ने कहा कि अगर चीफ जस्टिस सरकार के पक्ष में कोई फैसला देते हैं तो वह स्वतंत्र जज नहीं हैं, यह कहना गलत है।

### नए सीजेआई का शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में



भूषण रामकृष्ण गवई 23 नवंबर 2023 को भारतीय सुप्रीम कोर्ट के 52वें मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए थे और 2 साल बाद 23 नवंबर 2025 को उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। उनके बाद जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के 53वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ लेंगे।

सीरीज के लिए भारतीय स्क्वाड का ऐलान

## केएल राहुल बने कप्तान, जडेजा की लंबे समय बाद हुई वापसी



पहला वन डे मैच 30 नवंबर को रांची में होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम अभी साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है। इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएंगी। इसके लिए भारतीय स्क्वाड का ऐलान कर दिया गया है। कप्तानी की जिम्मेदारी केएल राहुल को सौंपी गई है। स्क्वाड में युवा और अनुभवी प्लेयर्स को चांस मिला है। स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की लंबे समय बाद वापसी हुई है।

संघ प्रमुख डॉ. भागवत बोले

## गीता को अपनाएंगे तो भारत विश्व गुरु बनने को अग्रसर होगा



भगवद् गीता विश्व के लिए शाश्वत मार्गदर्शन

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को लखनऊ में गीता प्रेरणा महोत्सव में कहा कि भारत कभी पूरे विश्व का विश्व गुरु था और दुनिया के लिए बड़ा सहारा बना रहा, लेकिन पिछले 1000 वर्षों में आक्रमणकारियों के पैरों तले रौंदा गया। ये सब था। तब भी यह भारतवर्ष था। संघ प्रमुख ने लोगों से गीता का अध्ययन करने, उसका अर्थ और धीरे-धीरे उसकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का आग्रह किया।

टावर वैगन हरदा में हुई बेपटरी

## करीब 6 घंटे तक मुंबई-दिल्ली रेलवे डाउन ट्रैक रहा प्रभावित



लंबी रूट की 3 दर्जन ट्रेनों का आवागमन बाधित रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

रेलवे डबल फाटक के समीप डाउन ट्रैक पर एक टावर वैगन पटरी से उतर गई। घटना रविवार सुबह करीब 7:45 बजे हुई। जिसके कारण मुंबई से इटारसी की ओर जाने वाली करीब 3 दर्जन ट्रेनें करीब 6 घंटे तक प्रभावित हुईं। हालांकि, अप ट्रैक चालू होने से मुंबई तरफ जाने वाली सभी ट्रेनों को निकाला गया। घटना के बाद डाउन ट्रैक पर रेल यातायात बाधित हो गया।

शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा वजह

**बैतूल के** जिला अस्पताल में आग

## धुएं से ग्राउंड फ्लोर के वार्ड में मौजूद मरीज व परिजन भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



दमकलकर्मी आग बुझाते हुए



अस्पताल में अफरा-तफरी

जिला अस्पताल के किचन एरिया के पास स्टोर रूम में रविवार 9 सुबह आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, अन्यथा बड़ा नुकसान भी हो सकता था।

धुंआ उठते ही वार्ड नंबर 1 और 4 के मरीजों को ट्रामा सेंटर में स्थानांतरित कर दिया गया था, वहीं ऊपरी मंजिल के वार्ड को भी ऐहतियातन खाली कराया गया। घने धुएं के कारण ग्राउंड फ्लोर के वार्ड में मौजूद मरीज और उनके परिजन भाग निकले। आग अस्पताल के स्टोर रूम में लगी थी, जहां सफाई का सामान और कुछ केमिकल सामग्री रखी हुई थी। दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

नीमच बना सौर ऊर्जा उत्पादन में प्रदेश में अव्वल

सिंगोली परियोजना से हरित ऊर्जा उत्पादन को मिली नई गति

## हर साल 68 मिलियन यूनिट हरित बिजली दे रहा भारतीय रेल और राज्य की विद्युत कंपनियों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव की सरकार में मध्यप्रदेश स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है। जीआईएस-भोपाल के शुभारंभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पिछले दशक में देश के ऊर्जा क्षेत्र ने अभूतपूर्व प्रगति की है।

इसमें मध्यप्रदेश का योगदान उल्लेखनीय है। राज्य की 31 हजार मेगावाट क्षमता में हरित ऊर्जा उत्पादन का 30 प्रतिशत से अधिक योगदान है। प्रदेश का नीमच जिला सौर ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

- *प्रदेश में 30% से अधिक हरित ऊर्जा उत्पादन*
- *देश के हरित ऊर्जा लक्ष्य में बड़ा योगदान*



सोलर प्लांट

### कार्बन उत्सर्जन में बड़ी कटौती, 6 लाख से ज्यादा घरों में बिजली

जावद जनपद के ग्राम भगवानपुरा में 151 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा इकाई वेल्सपन सोलर एमपी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित की गई है। फरवरी 2014 से लगातार इसमें उत्पादन हो रहा है। सौर ऊर्जा उत्पादन से यह इकाई प्रतिवर्ष 2 लाख 16 हजार 372 टन कार्बन उत्सर्जन कम कर रही है। यहां हो रहे उत्पादन से 6.24 लाख घरों को ऊर्जा आपूर्ति की जा रही है।

### रीवा के सोलर एनर्जी पार्क से दिल्ली मेट्रो को सप्लाई

*रीवा सोलर पार्क देश के सबसे बड़े और सफल सोलर एनर्जी पार्कों में से एक है। यहां से दिल्ली मेट्रो को बिजली आपूर्ति की जा रही है। ओंकारेश्वर में देश का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। ओंकारेश्वर का 278 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लांट हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए जलाशयों के बेहतर उपयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मुरैना में देश की पहली 'सोलर प्लस बैटरी स्टोरेज' परियोजना स्थापित की जा रही है।*

## खबर संक्षेप

### 98 लाख का सोना लेकर कारीगर हो गया फरार

**मेरठ।** देहली गेट थाना क्षेत्र में नील की गली के सराफा



व्यापारियों का 770 ग्राम सोना लेकर एक कारीगर फरार हो गया। कारीगर मूल रूप से बंगाल के विक्रमपुर, थाना देवरा और वर्तमान में ब्रह्मपुरी निवासी श्याम सुंदर है। श्याम परिवार सहित गया है और यहां किराए का मकान खाली छोड़ गया है। पुलिस अब पड़ताल कर रही है।

### 400 करोड़ की जीएसटी चोरी, 2 गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** नौकरी और लोन



दिलाने के नाम पर बेरोजगारों के दस्तावेजों के सहारे 2 मोबाइल नंबर पर 144 फर्जी फर्म बनाकर करीब 400 करोड़ की जीएसटी चोरी के मामले में एसआईटी ने मास्टर माइंड इखलाक और इत्तेहात आलम को गिरफ्तार कर लिया। 1 मोबाइल फोन, 8एटीएम कार्ड,3 आधार बरामद किया है।

### वांगचुक की याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट



सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी की अर्जी पर सुनवाई करेगा। वांगचुक की पत्नी ने शीर्ष अदालत में बताया कि उनके पति को कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनके तहत हिरासत में रखना गैर-कानूनी है और यह उनके बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक मनमाना कदम है।

### चंडीगढ़ को लेकर मोदी सरकार के प्रस्तावित विधेयक पर बवाल

# चंडीगढ़ पर हम कोई विधेयक लेकर नहीं ला रहे, केवल कानूनी प्रक्रिया को सरल बना रहे

## सत्ताधारी आप के साथ ही कांग्रेस ने किया इसका विरोध



गृहमंत्री अमित शाह

**गृह मंत्रालय ने दी सफाई**

**पंजाब सरकार ने गंभीर परिणाम होने की चेतावनी**



नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृहमंत्रालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चंडीगढ़ को लेकर मोदी सरकार के प्रस्तावित विधेयक पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पंजाब सरकार ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है, जबकि कांग्रेस ने भी इसके गंभीर परिणाम होने की चेतावनी दी है। इसी बीच गृह मंत्रालय सामने आया है और पूरे मामले पर सफाई दी है।

गृह मंत्रालय ने जोर देकर कहा है कि केवल कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है और चंडीगढ़ के प्रशासनिक ढांचे में किसी भी तरह का बदलाव नहीं होगा। संसद की तरफ से जारी इस बुलेटिन के सामने आने के बाद पंजाब में राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि वह पंजाब से चंडीगढ़ छीनने की कोशिश कर रही है।

### आर्टिकल 240 क्या है?

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 240 उन केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन से जुड़ा है जिनके पास अपनी कोई विधायिका नहीं होती। इस सूची में वर्तमान में अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली आदि आते हैं। अगर नया विधेयक पारित हो जाता है, तो चंडीगढ़ भी इस सूची में शामिल हो जाएगा। दूसरे शब्दों में- चंडीगढ़ में एक स्वतंत्र प्रशासक नियुक्त किया जाएगा।

### चंडीगढ़ की जिम्मेदारी फिलहाल राज्यपाल के पास

फिलहाल पंजाब के राज्यपाल ही चंडीगढ़ के प्रशासक के रूप में कार्य करते हैं। राजधानी भले ही संयुक्त हो, लेकिन प्रशासनिक शक्ति लंबे समय से पंजाब के राज्यपाल के पास रही है। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है, तो यहां भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा और प्रशासक की नियुक्ति केंद्र के स्तर से की जाएगी।

### गृह मंत्रालय ने कहा- पंजाब-हरियाणा में समझौता जारी रहेगा

गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया किसरकार फिलहाल सिर्फ कानून बनाने की प्रक्रिया को आसान करने पर विचार कर रही है और प्रस्ताव पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। चंडीगढ़ के गवर्नर और उसके एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। चंडीगढ़ का जो पारंपरिक समझौता वर्षों से चला आ रहा है, वह जैसा है वैसा ही जारी रहेगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि सभी पक्षों से बातचीत के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा और चंडीगढ़ के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।इसके अलावा, गृह मंत्रालय ने यह भी साफ कर दिया कि इस विषय पर किसी भी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

**ये बोले नेतागण**

### बिल से जुड़े फैसलों को वापस लिया जाए: जाखड़



केंद्र सरकार द्वारा चंडीगढ़ पर लाए जाने वाले प्रस्ताव को लेकर पंजाब भाजपा चीफ ने सुनील जाखड़ ने कहा कि वह इस प्रस्ताव को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वे चाहते हैं कि इस बिल से जुड़े फैसलों को वापस लिया जाए।

### अधिकारों पर सीधा हमला किया जा रहा: मान



चंडीगढ़ को लेकर केंद्र के प्रस्तावित संविधान संशोधन बिल ने पंजाब की सियासत में भूचाल ला दिया है। शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले ही इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पंजाब के दल इसे अपने अधिकारों पर सीधा हमला मान रहे हैं।

### राजनीति चमकाने विपक्ष कुछ भी बोल रहा: भाजपा



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि बिल चंडीगढ़ में नई व्यवस्थाओं के लिए सुविधाजनक बदलाव के तौर पर लाया जा रहा है। सिंह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए विरोध कर रहे हैं।

### नागपुर में मामला दर्ज किया

## आईआईएम छात्र की हिट एंड रन हादसे में मौत, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ नागपुर

नागपुर में शनिवार रात एक सड़क हादसे में आईआईएम नागपुर के छात्र की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना रात करीब 9:30 बजे वर्धा रोड पर स्थित मिहान फ्लाईओवर पर हुई। मृतक की पहचान अनुज पाठक (22) के रूप में हुई है, जो उत्तराखंड का रहने वाला था और आईआईएम नागपुर में पढ़ाई कर रहा था। वह अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल फ्लाईओवर की रेलिंग से जा टकराई और दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी एक राहगीर ने पुलिस को दी है। पुलिस के पहुंचने पर अनुज सड़क पर मृत अवस्था में मिला और उसकी बाइक का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हिट-एंड-रन में शामिल वाहन की पहचान के लिए जांच जारी है।

### कर्नाटक में कुर्सी पर सियासी बवाल



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से मिलते सीएम सिद्धारमैया

## सिद्धारमैया ने खरगे से की मुलाकात बोले-फैसला सभी को मानना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/बेंगलुरु

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को बेंगलुरु में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। बैठक के बाद सिद्धारमैया ने कहा कि चर्चा पार्टी संगठन, स्थानीय निकाय चुनावों और आगामी जिला पंचायत व तालुक पंचायत चुनावों को लेकर हुई। मंत्रिमंडल के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई। नेतृत्व परिवर्तन सिर्फ़ अटकलें हैं और यह मीडिया की उपज है। सिद्धारमैया ने कहा कि विधायकों को जाने दीजिए, लेकिन आलाकमान जो भी कहेगा, हम सभी को उसे मानना होगा। चाहे मैं हूं या डीके शिवकुमार। कब कोई फैसला लेगा, इस पर सिद्धारमैया ने कोई वादा नहीं किया।

### मंत्री ने मुख्यमंत्री के तौर पर किया दावा

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को साफ संकेत दिया कि



अगर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन होता है, तो वे भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में हैं। लंबे समय से चली आ रही 'दलित मुख्यमंत्री' की मांग के बीच उनका यह बयान राजनीतिक हलचल को और गर्म कर गया है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि अभी तक कांग्रेस हाईकमान की ओर से नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई आधिकारिक चर्चा नहीं हुई है, न ही पार्टी आलाकमान ने इस विषय पर कोई संकेत दिया है और न ही कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) में यह मुद्दा उठा है।

### कुमारस्वामी ने साधा निशाना



इस पर एनडीए कांग्रेस पर हमलावर है। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने विस्फोटक राजनीतिक घटनाक्रम की चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य में ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि यह कहना असंभव है कि राजनीति में कौन क्या निर्णय लेगा? यहां अप्रत्याशित और विस्फोटक घटनाक्रम होंगे।

## 'टेल्स ऑफ कामसूत्र फेस्टिवल' पर बैन



**पणजी।** गोवा में क्रिसमस के दौरान 'टेल्स ऑफ कामसूत्र फेस्टिवल' आयोजित करने का ऐलान हुआ था, जिसे लेकर जमकर बवाल हुआ। बढ़ते विरोध को देखते हुए गोवा पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और आयोजकों को कार्यक्रम रद्द करने का निर्देश दे दिया। इसे 25 से 28 दिसंबर तक होना था। आयोजित करने की योजना थी।


# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान

### गणना पत्रक की प्रविष्टियां भरने के लिए ध्यान देने योग्य बिंदु

- गणना पत्रक में प्रथमत: पिता, माता, पति/पत्नी संबंधित जानकारी अंकित करें।
- पिछले SIR की मतदाता सूची में मतदाता (स्वयं का) या रिश्तेदार (पिता/माता/दादा/दादी) का विवरण बताए गए स्थान पर अंकित करें।
- सर्च के लिए निम्न व्यवस्थाएं : पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में स्वयं अथवा पिता/माता/दादा/दादी का विवरण प्राप्त करने हेतु :-
  - बीएलओ से प्राप्त गणना पत्रक पर दिए गए नाम एवं फोन नंबर पर अथवा जिला प्रशासन द्वारा स्थापित अपने नजदीकी हेल्प-डेस्क पर सम्पर्क कर सकते हैं।
  - अन्य राज्यों के पूर्व SIR से संबंधित मतदाता सूची https://voters.eci.gov.in पर सर्च के लिए उपलब्ध है।
  - मध्यप्रदेश राज्य की पूर्व SIR से संबंधित मतदाता सूची https://ceoelection.mp.gov.in/ पर सर्च के लिए उपलब्ध है।
  - क्यू आर कोड पर स्कैन कर भी मतदाता अपना विवरण सर्च कर सकते हैं।

**ध्यान रहे : 04 दिसम्बर 2025 गणना पत्रक जमा करने की अंतिम तिथि है**

- गणना पत्रक भरने हेतु किसी भी बीएलओ/अधिकारी द्वारा ओटीपी की मांग नहीं की जाती है।
- यदि पूर्व SIR में स्वयं या रिश्तेदार (पिता/माता/दादा/दादी) का नाम उपलब्ध नहीं है तो भी मतदाता का गणना पत्रक प्राप्त किया जाएगा तथा इनका नाम प्रारुप मतदाता सूची में शामिल होगा। गणना पत्रकों की जांच प्रारुप मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात शुरु होगी।

**शुद्ध मतदाता सूची, सशक्त लोकतंत्र**

अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करें 1950

ceoelection.mp.gov.in /CEOMPElections @ceompelections /ceompelections /CEOMPSVEEP

**भारत निर्वाचन आयोग**

**प्रारुप गणना पत्रक**

Name and Contact No. of BLO

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| निर्वाचक का नाम :<br>ईपीआईसी (इपिक) :<br>पता : विवरण पहले से भरा होगा। | क्रम संख्या :<br>भाग संख्या एवं नाम :<br>विधानसभा/संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का नाम :<br>राज्य का नाम : | विवरण पहले से भरा होगा। | इस स्थान पर वर्तमान मतदाता सूची में उपलब्ध मतदाता की फोटो प्रिंट रहेगी। | नवीन फोटो चिपकाएं |

| | |
|---|---|
| जन्मतिथि (दिन/माह/वर्ष) | यहां मतदाता की जन्म तारीख भरें (दिन/माह/वर्ष) |
| आधार संख्या (वैकल्पिक) | यहां मतदाता की आधार संख्या भरें (वैकल्पिक) |
| मोबाइल नंबर | यहां मतदाता का मोबाइल नंबर भरें |
| पिता/अभिभावक का नाम | यहां मतदाता के पिता का नाम भरें |
| पिता/अभिभावक का इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो) | यहां मतदाता के पिता का इपिक नंबर भरें (यदि उपलब्ध हो) |
| मां का नाम | यहां मतदाता की माता का नाम भरें |
| माता का इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो) | यहां मतदाता की माता का इपिक नंबर भरें (यदि उपलब्ध हो) |
| पति या पत्नी का नाम (यदि लागू हो) | यहां मतदाता के पति या पत्नी का नाम भरें (यदि लागू हो) |
| पति या पत्नी का इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो) | यहां मतदाता के पति या पत्नी का इपिक नंबर भरें (यदि उपलब्ध हो) |
| पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में मतदाता का विवरण | पिछले कॉलम में दिए गए रिश्तेदार का विवरण, पिछले एसआईआर के अनुसार |
| निर्वाचक का नाम : | नाम : |
| इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो) : | इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो) : |
| रिश्तेदार का नाम : | रिश्तेदार का नाम : |
| रिश्ता : | रिश्ता : |
| जिला : | जिला : |
| राज्य का नाम : | राज्य का नाम : |
| विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम : | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम : |
| विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या : / भाग संख्या / क्रम संख्या | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या : / भाग संख्या / क्रम संख्या |

यदि आपका नाम पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में दर्ज है तो उसका विवरण भरें।

यदि आपका नाम पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो अपने पिता/माता/दादा/दादी का पूर्व एसआईआर में दर्ज विवरण भरें।

(i) उपर्युक्त निर्वाचक ने, स्वयं मैंने/मेरे परिवार के सदस्य होने के नाते किसी अन्य देश की नागरिकता प्राप्त नहीं की है।

(ii) मैं मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आवेदन कर रहा हूं और ऊपर उल्लिखित नाम, मेरा/मेरे परिवार के सदस्य का होने के नाते, किसी अन्य विधान सभा क्षेत्र/संसदीय क्षेत्र में शामिल नहीं है।

(iii) मुझे ज्ञान है कि इस आवेदन के संबंध में उपरोक्त कथन या घोषणा करना, जो मिथ्या है और जिसके मिथ्या होने का मुझे ज्ञान या विश्वास है या जिसके सत्य होने का मैं विश्वास नहीं करता/करती हूं, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 (1950 का 43) की धारा 31 के अधीन कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों, दण्डनीय अपराध होगा।

**मतदाता या किसी अन्य वयस्क पारिवारिक सदस्य के हस्ताक्षर/बांये अंगूठे का निशान (रिश्ते का उल्लेख करें) तिथि सहित**

**बीएलओ की घोषणा :** मैंने उपरोक्त विवरण को पिछले एसआईआर मतदाता सूची से सत्यापित कर लिया है।

**बीएलओ के हस्ताक्षर**

D-11147/25

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी**

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## पंचतत्व में विलीन हुए विंग कमांडर पायलट नमांश, सैन्य सम्मान के साथ नम आंखों से दी विदाई

एजेंसी ▶▶ कांगड़ा

दुबई में आयोजित एयर शो में तेजस विमान हादसे का शिकार हुए विंग कमांडर पायलट नमांश स्याल का पार्थिव शरीर रविवार दोपहर करीब एक बजे एयरफोर्स के विशेष विमान से गगल स्थित कांगड़ा हवाई अड्डे पर लाया गया।

नामांश स्याल के माता-पिता, पत्नी व बेटी भी पार्थिव देह के साथ आए। कांगड़ा एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी विंग कमांडर अफशां एयरफोर्स की वर्दी में पहुंची। यहां से पार्थिव देह को उनके पैतृक गांव पटियालकड़ ले जाया गया। यहां मोक्षधाम में सैन्य सम्मान के साथ नामांश स्याल की अंत्येष्टि की गई। इस गमगीन माहौल में नमांश के पिता जगन नाथ स्याल ने रूंदे गले से कहा कि देश ने एक बेहतरीन पायलट खो दिया है।



विंग कमांडर के घर पर लगा बैनर

# रूंधे गले से बोले नमांश के पिता- उसने जिस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया वो जीतकर ही लौटा है लेकिन यहां वो मौत से हार ही गया!

### वायु सेना ने तस्वीर पोस्ट कर दी श्रद्धांजलि


इस तस्वीर के साथ किया सलाम

*भारतीय वायुसेना ने विंग कमांडर नमांश स्याल के दुःखद निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक 'समर्पित लड़ाकू विमान पायलट' और पूर्णतः पेशेवर थे, जिनकी देश सेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता थी और उन्होंने असाधारण कौशल और अडिग कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया। पोस्ट में कहा गया, विंग कमांडर नमांश स्याल के दुःखद निधन पर हम गहरा शोक व्यक्त करते हैं। उनका दुबई एयर शो में तेजस विमान दुर्घटना में निधन हो गया। वह एक समर्पित लड़ाकू विमान पायलट थे, जो पूर्णतः पेशेवर थे. उनमें देश सेवा की अटूट प्रतिबद्धता थी और उन्होंने असाधारण कौशल और अडिग कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया।*

### तिरंगे में विंग कमांडर

वायुसेना ने अपने पोस्ट में स्याल की वायुसेना की वर्दी में और पायलट ओवरऑल में एक लड़ाकू विमान के पास खड़े उनकी दो तस्वीरें साझा कीं, साथ ही उस दुखद दुर्घटना के बाद उन्हें दी गई अंतिम विदाई का वीडियो भी साझा किया। साझा किये गए वीडियो क्लिप में वायुसेना के अधिकारी और जवान स्याल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लिपटे ताबूत में रखा गया था। बल ने पोस्ट में कहा, भारतीय वायुसेना इस गहरे शोक के समय उनके परिवार के साथ एकजुट है और उनके साहस, समर्पण और सम्मान की विरासत का सम्मान करती है। उनकी सेवा को कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा।


वायु सेना ने दी भावभीनी विदाई

### बेहतरीन पायलट और बेटा खो दिया

और मैंने एक जवान बेटा खो दिया है। उसकी जिंदगी में कभी कोई पल बोरिंग नहीं रहा और उसने हर उस कॉम्पिटिशन में जीत हासिल की जिसमें उसने हिस्सा लिया। पर...एक हादसे के आगे मौत से हार गया।

## जी-20 में विश्व के मुद्दों के समाधान पर रहा प्रधानमंत्री का फोकस

# पीएम मोदी ने ब्रिटेन, फ्रांस और ब्राजील समेत विश्व के कई शीर्ष नेताओं से की खास मुलाकात

एजेंसी ▶▶ जोहान्सबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में चल रहे जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम देने के लिए कई विश्व नेताओं से मुलाकात की।

इनमें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली-जे-म्यूंग, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटरेस, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी समेत अन्य कई देशों के विश्व नेता शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस इन विश्व नेताओं से मुलाकात के दौरान वैश्विक समस्याओं और उनके समाधान पर मुख्य रूप से केंद्रित रहा। पीएम मोदी ने शनिवार को दुनिया के कई नेताओं के साथ अलग-अलग मुद्दों पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने वैश्विक तरक्की और खुशहाली के लिए साझा प्रतिबद्धता जाहिर की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जोहान्सबर्ग में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर से मिलना बहुत अच्छा रहा।

### कई देशों के नेताओं से भी पीएम मोदी की चर्चा

### दक्षिण कोरिया और ब्राजील के साथ हुई सार्थक वार्ता


जोहान्सबर्ग के जी-20 से इतर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डिसिल्वा (बाएं), ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर(बीच में) और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जेइ म्यूंग (दाएं) से मिलते पीएम मोदी।

### पीएम की मुलाकात में व्यापार, साझेदारी पर भी हुई चर्चा

सम्मेलन के मुख्य सत्र से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी समेत कई दूसरे नेताओं से भी बातचीत की। शिखर सम्मेलन में जी-20 नेताओं के साथ एक 'फोटो' साझा करते हुए मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम एक साथ मिलकर वैश्विक प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। मोदी ने अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंजाल्वेस लौरेंको से भी मुलाकात की और कहा कि उन्हें इस साल की शुरुआत में दिल्ली में उनका स्वागत करने का सम्मान मिला। उन्होंने कहा, भारत अंगोला के साथ दोस्ती को महत्व देता है और दोनों देश व्यापार के साथ-साथ सांस्कृतिक संबंध बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

### ब्रिटेन की भागेदारी पर दोनों देशों का संवाद

*इस साल भारत-ब्रिटेन भागीदारी में नई ऊर्जा आई है और हम इसे कई क्षेत्रों में आगे बढ़ाते रहेंगे। मोदी ने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री इब्राहिम के साथ उनकी अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया द्विपक्षीय सहयोग को विविध क्षेत्रों में प्रगाढ़ करने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर खुश हुए।जिनके साथ उनकी अलग-अलग मुद्दों पर अच्छी बातचीत हुई।*

### विश्व व्यापार संगठन के प्रमुख से भी वार्ता

पीएम मोदी ने इस दौरान विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के महानिदेशक डॉ. नगोजी ओकोन्जो-इवेला से भी बातचीत की। इसके साथ ही इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली से भी वार्ता की। उन्होंने कहा, भारत और इथियोपिया की साझेदारी ऐतिहासिक है और विकास में सहयोग से यह मजबूत हुई है।

### कनाडा में गायब हुए पाकिस्तानी फ्लाइट अटेंडेंट

**कराची।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के एक सीनियर फ्लाइट अटेंडेंट आसिफ नजम कनाडा में गायब हो गए हैं। वे 16 नवंबर 2025 को लाहौर से टोरंटो (फ्लाइट पीके-789) पहुंचे थे। उन्हें 19 नवंबर को वापसी फ्लाइट पीके-798 पर ड्यूटी करनी थी, लेकिन वो ड्यूटी पर नहीं आए। जब एयरलाइन ने उन्हें फोन कर नहीं आने का कारण पूछा तब आसिफ ने तबीयत खराब होने का बहाना बनाया। इसके बाद आसिफ का फोन स्विच ऑफ हो गया। उनका अबतक कुछ पता नहीं चला है। पीआईए ने इसकी जांच शुरू कर दी है। पीआईए ने कहा है कि अगर आसिफ के गैरकानूनी तरीके से गायब होने की बात सामने आई तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो ने किया दावा

# यूक्रेन शांति योजना का प्रस्ताव अमेरिका का नहीं

एजेंसी ▶▶ ओटावा

रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दृष्टिकोण के आलोचक कई सीनेटर ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बातचीत के दौरान उन्हें बताया कि जिस शांति प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए ट्रंप द्वारा कीव पर दबाव डाला जा रहा है वह असल में अमेरिकी योजना नहीं, बल्कि रूसियों की इच्छा सूची है। यह 28-बिंदु वाला शांति प्रस्ताव ट्रंप प्रशासन और क्रेमलिन द्वारा तैयार किया गया था, जिसमें यूक्रेन को शामिल नहीं किया गया था। इस प्रस्ताव में कई ऐसे रूसी मांगों को शामिल किया गया है जिन्हें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दर्जनों बार नकार दिया है। इसमें यूक्रेन द्वारा बड़े भूभागों को छोड़ना भी शामिल है। ट्रंप का कहना है कि वह चाहते हैं कि यूक्रेन इस प्रस्ताव को अगले सप्ताह के अंत तक स्वीकार कर ले।


विदेश मंत्री रुबियो

## ड्यूमा अध्यक्ष ने रूस और भारत के संबंधों को सराहा

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूसी संसद के निचले सदन 'ड्यूमा' के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदिन ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को जन्मदिन की बधाई देते हुए भारत-रूस सहयोग को मजबूत करने में उनके योगदान की सराहना की। 'ड्यूमा' की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए बधाई संदेश में वोलोदिन ने कहा, ड्यूमा के प्रतिनिधि अंतर-संसदीय सहयोग के विकास एवं रूस और भारत के बीच विशेष रूप से विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में आपके योगदान को अत्यधिक महत्व देते हैं, जिससे हमारे देशों के लोगों के बीच मित्रता मजबूत होगी। बिरला (64) के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा, हर काम में सफलता आपके साथ रहे।

### रुस-यूक्रेन विवाद जल्द खत्म कर, भारत ने किया शांति का समर्थन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा से फोन पर बातचीत की। एस जयशंकर ने अपने एक्स हैंडल पर इस बातचीत की जानकारी दी और बताया कि उन्होंने यूक्रेन के विदेश मंत्री से रविवार को फोन पर रूस के साथ चल रहे संघर्ष के ताजा घटनाक्रम पर चर्चा की। एस जयशंकर ने बातचीत की जानकारी एक्स पर देते हुए लिखा कि, यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा के साथ फोन पर बातचीत हुई। यूक्रेन विवाद से जुड़े हालिया विकास पर उनकी ब्रीफिंग के लिए धन्यवाद। इस विवाद को जल्द खत्म करने और पक्की शांति बनाने के लिए भारत ने अपने समर्थन को दोहराया। बता दें, इससे पहले दोनों देशों के मंत्रियों ने इससे पहले नवंबर में कनाडा में आयोजित जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में आउटरीच सेशन के दौरान मुलाकात की थी। यहां दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय कोऑपरेशन, यूक्रेन में शांति का रास्ता, और लड़ाई के मैदान के हालात पर बात की थी।

भारत शुरुआत से ही दोनों देशों के बीच बातचीत के माध्यम से विवादों को सुलझाने और कुशल रणनीति के जरिए समझौता करने की वकालत करता रहा है। दूसरी ओर, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन हमारे इतिहास के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहा है।






### बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के अंबर त्रिपाठी ने किया टॉप, सीजीपीए 9.87 मिली

# मैनिट: 22वें दीक्षांत में 1600 को मिली डिग्री, बीटेक कम्प्यूटर साइंस में 230 को उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में शनिवार को 22वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस बार दीक्षांत में बीटेक और मास्टर डिग्री सहित कुल 1600 विद्यार्थियों को उपाधि से सम्मानित किया गया। साथ ही 72 स्कॉलर्स को पीएचडी की डिग्री से सम्मानित किया गया। इस साल मैनिट के बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के अंबर त्रिपाठी ने टॉप किया।

इनका सीजीपीए 9.87 रहा है। संस्थान ने बीटेक कम्प्यूटर साइंस में सबसे अधिक 230 को उपाधि प्रदान की। 219 को एमटेक, 108 को एमसीए, 23 को एमबीए और 21 को एमएससी केमेस्ट्री की डिग्री मिली है।

दीक्षांत समारोह में मप्र विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) के विकास शेंडे, प्रधान वैज्ञानिक म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान भवन, भोपाल को एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग से नवकरणीय ऊर्जा में पीएचडी उपाधि से सम्मानित किया गया है।

**72 को पीएचडी, 219 को एमटेक, 108 को एमसीए, 23 को एमबीए, 21 को एमएससी केमेस्ट्री की डिग्री**

### मेपकास्ट के प्रधान वैज्ञानिक विकास शेंडे को मैनिट के एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग से मिली पीएचडी

### 12 विद्यार्थियों को गोल्ड और 12 को सिल्वर मेडल, 5 को दिया प्रायोजित गोल्ड मेडल, बीटेक कम्प्यूटर साइंस की सुहानी बत्रा को 4 प्रायोजित और एक गोल्ड


मेनिट में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान उत्साहित छात्राएं।

## मैनिट में सीओपीएस की घोषणा

दीक्षांत समारोह म कैलाश मकवाना, पुलिस महानिदेशक ने संस्थान में सेंटर ऑफ पब्लिक सेफ्टी (सीओपीएस) के स्थापना के लिए कार्रवाई किए जाने की घोषणा की है। यह केंद्र लोक सुरक्षा के विभिन्न आयामों पर शोध एवं परियोजनाओं का क्रियान्वयन करेगा। मकवाना, मैनिट भोपाल के ही पूर्व छात्र रहे हैं। साथ ही दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि भी रहे हैं।

## सुहानी बत्रा को 5 गोल्ड मेडल

*मैनिट में सत्र 2024-25 का प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया गोल्ड मेडल इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्र अंबर त्रिपाठी को मिला। उनका सीजीपीए 9.87 रहा। वहीं, सबसे अधिक गोल्ड मेडल लेने वाली सुहानी बत्रा को 5 गोल्ड मेडल मिले। बीटेक कम्प्यूटर साइंस की सुहानी को 4 प्रायोजित और एक गोल्ड मेडल दिया गया है। सुहानी बत्रा का सीजीपीए 9.75 रहा है। विभिन्न ब्रांच में प्रथम स्थान वाले विद्यार्थियों को भी गोल्ड मेडल दिए गए। इनमें सिविल से संस्कार गुप्ता, मैकेनिकल से रोहित सेन, इलेक्ट्रिकल से शिशिर मिश्रा, सीएसई से सुहानी बत्रा, केमिकल से सुशोभित मलिक, मटेरियल व मेटलर्जिकल से तुलसी कुमारी, बी-आर्क से यूसुफ सैफी और बी- प्लानिंग से गजेंद्र लोधी शामिल रहे हैं।*

## यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीजीपी मकवाना के अलावा प्रो. टीजी सीताराम, एआईसीटीई और संदीप जन्नज़ारिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक, जीई वनोवज़ टी एंड डी इंडिया लिमिटेड रहे। मुख्य अतिथि सीताराम ने दीक्षांत अभिभाषण दिया। अध्यक्षता प्रो. अरविंद ए. नाटू अध्यक्ष, शासी निकाय, मैनिट ने की। प्रो. केके शुक्ल, निदेशक मैनिट तथा कुलसचिव गौरव द्विवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


मेनिट में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान उपाधि लेता छात्र।


दीक्षांत समारोह में मेपकॉस्ट के डॉ. विकास शेंडे उपाधि लेते हुए।


मेनिट में आयोजित दीक्षांत समारोह में सेल्फी लेते छात्र-छात्राएं।

## खबर संक्षेप

### एनसीआईएसएम की फिजिकल सीएमई क्रेडिट प्वाइंट्स पर रोक

**भोपाल।** नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन द्वारा जारी आदेश में देशभर में भौतिक सीएमई क्रेडिट प्वाइंट्स के आवंटन और आवेदन प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि कोई भी नया सीएमई क्रेडिट पॉइंट प्रस्ताव नहीं लिया जाएगा तथा पूर्व में भेजे गए प्रस्तावों की प्रोसेसिंग भी आगे के निर्देशों तक बंद रहेगी। नीमा छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि सीएमई चिकित्सकों के कौशल-विकास और ज्ञान-विस्तार के लिए अनिवार्य है परंतु 50 क्रेडिट प्वाइंट की अनिवार्यता पहले ही चिकित्सकों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है।

### नहीं दे पाए प्रदेशभर के नगरीय निकाय दैवेभो कर्मचारियों की जानकारी

**भोपाल।** प्रदेशभर के नगरीय निकायों से नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 28 मार्च 2000 के बाद नियुक्त हुए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की जानकारी मांगी थी, लेकिन प्रदेश की एक भी नगरीय निकाय जानकारी एकत्र नहीं कर सका। विभाग ने 25 अक्टूबर तक यह जानकारी मांगी थी। इसके लिए बाकायदा जानकारी भरने के लिए प्रारुप भी दिया गया था। नगरीय विकास द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि संपूर्ण जानकारी आगामी एक सप्ताह में विभाग को उपलब्ध कराएं।

### प्रारंभिक कक्षाओं का अर्धवार्षिक मूल्यांकन 8 दिसंबर से

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा 3 से 8 के लिए सोमवार 24 नवम्बर से आयोजित होने वाला अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथि बढ़ाई गई है। अब मूल्यांकन का कार्य 8 से 13 दिसम्बर के मध्य होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने वर्तमान में प्रदेश में संचालित चुनावी प्रक्रिया एसआईआर में शासकीय कर्मचारियों की व्यस्तता के कारण कक्षा 3 से 8 के अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथियों को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में नवीन समयसारिणी जारी की है।

### उपमुख्यमंत्री को जूडा ने लिखा पत्र: पदों को लेकर रखी अपनी मांगें

**भोपाल।** जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ कुलदीप गुप्ता ने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को पत्र लिखकर सरकारी अस्पतालों में हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर के पदों पर एमबीबीएस और एमडी विशेषज्ञों को प्राथमिकता दिए जाने की मांग की है। उपमुख्यमंत्री को लिखे पत्र में डॉ गुप्ता ने बताया कि वर्तमान चिकित्सा प्रणाली में अस्पताल प्रबंधन का स्वरूप अत्यंत जटिल, तकनीकी एवं बहुआयामी हो चुका है।

### चिकित्सा सम्मेलन में पहुंचे मंत्री सारंग, ग्रामीण स्वास्थ्य पर दिया जोर

*कुशाभाऊ ठाकरे कंवेंशन सेंटर में राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन का शुभारंभ*

# देश में हर 15 मिनट में आता है करीब एक व्यक्ति को हार्ट अटैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीवनशैली से जुड़ी गंभीर बीमारियों, खासकर मधुमेह और हृदय रोग से निपटने के उपायों पर चर्चा करने के लिए कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में दो दिवसीय 23वें राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि डॉक्टरों को ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनी सेवाएं देनी चाहिए। सम्मेलन के आयोजक डॉ पंकज मनोरिया ने देश में तेजी से बढ़ रहे मधुमेह और हार्ट अटैक के मरीजों पर चिंता जताई।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में लगभग 10 करोड़ मधुमेह के मरीज है। वहीं प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख लोगों को हार्ट अटैक होता है, यानी देश में हर 15 मिनट में एक हार्ट अटैक होता है। डॉ. मनोरिया ने कहा कि हार्ट अटैक कोई कैंसर नहीं है जिस पर काबू न पाया जा सके।


23वें राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन का शुभारंभ करते मंत्री विश्वास सारंग।


23वें राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन में व्याख्यान देते डॉक्टर।

### स्वस्थ्य रहने के लिए अपनाए '80 का मूल मंत्र'

चिकित्सा सम्मेलन में आयोजन अध्यक्ष डॉ पीसी मनोरिया ने डायबिटीज और हार्ट अटैक से बचने के लिए '80 का मूल मंत्र' की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कमर का घेरा (कमर) 80 (सेमी), नीचे का ब्लड प्रेशर 80 एमएम एचडी, धूम्रपान करने वालों से दूरी 80 मीटर रहे।

### स्वस्थ जीवन शैली से रहो स्वस्थ: डॉ दुर्ईराज

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. दुर्ईराज प्रभाकरण ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली एवं नियमित दिनचर्या के लिए सभी चिकित्सकों को ऐसे सम्मेलनों में अनिवार्य रूप से भाग लेना चाहिए जिससे वे हृदय रोग एवं मधुमेह के बारे में नई जानकारियां प्राप्त कर सके।

### सीएमई मिली जानकारी नहीं मिली इंटरनेट पर

आएसएसडीआइ नागपुर के अध्यक्ष डॉ. सुनील गुप्ता ने कहा कि सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) के कार्यक्रम चिकित्सा शिक्षा का अभिन्न अंग बन गया है और ऐसी सटीक जानकारियां इंटरनेट एवं मेडिकल जनरल के माध्यम से इतने कम समय मे प्राप्त नहीं की जा सकती।

### लकवा एक आम बीमारी: डॉ पदमा

सम्मेलन में गुरूग्राम से आई न्यूरोफिजिशन डॉ. पदमा श्रीवास्तव ने कहा कि लकवा एक आम बीमारी है। यदि किसी मरीज के किसी अंग में अचानक कमजोरी आ जाए तो तुरंत अस्पताल में भर्ती होना चाहिए। यदि चार या पांच घंटे में भर्ती हो जाता है तो खून को थक्के को घोलने की दवाई देने से उसके अंग की कमजोरी दूर हो जाती है।

### एम्स में आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण

# विशेषज्ञ अब और सटीक ढंग से जान पाएंगे मौत का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसी भी आपराधिक मामले में मौत कब हुई, यह जांच का सबसे अहम सवाल होता है। इसी सवाल का वैज्ञानिक जवाब और अधिक सटीक रूप से खोजने के लिए एम्स भोपाल में देशभर के फॉरेंसिक विशेषज्ञ जुटे। संस्थान में फॉरेंसिक अपडेट वीआइआइआइ के नाम से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में उन आधुनिक तकनीकों पर खास फोकस रहा, जिनसे मृत्यु के बाद बीते समय (टाइम-सिंस-डेथ) का निर्धारण पहले से कहीं अधिक सटीक किया जा सकेगा।

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. माधवानंद कर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. रजनीश जोशी डीन एकेडमिक्स ने किया। कार्यशाला में वरिष्ठ फॉरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. बीपी दुबे और डॉ. डीएस बड़कुर भी मौजूद रहे।


एम्स में कार्यशाला का दृश्य।

### शवों में भी समय पता लगाने की तकनीके

कार्यशाला में बताया गया कि मृत्यु के समय का पता लगाना अक्सर चुनौतीपूर्ण होता है, खासकर तब जब शव सड़ चुका हो, जला हो, पानी में रहा हो, विकृत हो चुका हो या दफन मिले। ऐसे मामलों में आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकें जैसे फॉरेंसिक एंटोमोलॉजी, पोस्ट-मॉर्टम रेडियोलॉजी, बायोकेमिकल और मेटाबोलिक मार्कर्स, जीनोमिक्स, प्रोटीओमिक्स और माइक्रोबायोलॉजी जांच को बेहद सटीक बना देती हैं।

### प्रैक्टिकल ट्रेनिंग रहा आकर्षण का केंद्र

कार्यशाला का आकर्षण था प्रतिभागियों को दिया गया प्रैक्टिकल प्रशिक्षण। इसमें डॉक्टरों और शोधकतार्ओं ने खुद आधुनिक उपकरणों का उपयोग करते हुए सीखा कि सटीक बायोकेमिकल बदलाव कैसे रिकॉर्ड किए जाते हैं, कीटों की मौजूदगी से मृत्यु का समय कैसे समझा जाता है, रेडियोलॉजी मृत्योत्तर जांच में कैसे मदद करती है और आणविक स्तर पर शरीर में होने वाले परिवर्तन मृत्यु का समय कैसे बताते हैं।

### डीएमएफ मामले से संबंधित कार्रवाई

## एसीबी-ईओडब्ल्यू ने एक साथ 20 स्थानों पर की छापेमारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डीएमएफ और आबकारी मामले में एसीबी-ईओडब्ल्यू ने प्रदेश में 20 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की है। कोंडागांव जिले में रविवार की सुबह एसीबी के द्वारा डीएमएफ मामले में चल रहे घोटाले को लेकर छापेमारी की गई है। कोंडागांव के सरगीपाल निवासी कोणार्क जैन के घर रविवार की सुबह एसीबी की टीम ने छापा मारा। पूरे घर को सुरक्षा घेरे में रखा गया है।

करीब 2 घंटे से अधिक समय से कार्रवाई चल रही है। जांच के तहत दस्तावेजों और कम्प्यूटरीकृत रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यह पूरा मामला 2019-20 में डीएमएफ सप्लाई के दौरान हुए घोटालों को लेकर जांच की जा रही है। यह जांच पूरे प्रदेश में एसीबी की बड़ी रेड मानी जा रही है। यह पूरा मामला शराब और डीएमएफ घोटाले को लेकर की जा रही है। जहां रायपुर से लेकर जगदलपुर तक छापेमारी कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में 20 स्थानों पर एसीबी की रेड एक साथ की गई है। अभी कुछ दिन पहले भी इसी तरह छत्तीसगढ़ में आबकारी और डीएमएफ घोटाले के मामले में एसीबी और ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई की थी। वहीं, रविवार की सुबह एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की गई है, सुबह से प्रदेश के विभिन्न जिलों में करीब 20 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है, यह रेड रायपुर, कोंडागांव, अंबिकापुर, बिलासपुर सहित अन्य जिलों में की जा रही है। जहां अधिकारियों और कारोबारियों के घरों और दफ्तरों पर दबिश दी गई है। जगदलपुर में आबकारी विभाग के सेवानिवृत अधिकारी निरंजन दास के ठिकाने पर छापेमारी के लिए टीम पहुंची है। निरंजन दास के भाई चितरंजन दास के मैत्री संघ गली स्थित आवास में दस्तावेज खंगाल रही है।

### स्कूल एवं परिवार में दौड़ी शोक की लहर

## खेलते-खेलते छात्र की हार्ट अटैक आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

9वीं में पढ़ने वाले छात्र की मैदान में फुटबॉल खेलने के दौरान अचानक से आए हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही स्कूल से लेकर परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। सभी अस्पताल पहुंच गए। वहीं, परिजन भी मामले की जानकारी लगते ही आ पहुंचे है। छात्र का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, सुकमा जिले के छिंदगढ़ मैदान में आत्मानंद स्कूल के कक्षा 9वीं में पढ़ने वाला छात्र मोहम्मद फैजल रोज की तरह फुटबॉल खेलने के लिए मैदान में आया हुआ था। जहां खेलने के दौरान अचानक से उसे हार्ट अटैक आया और मैदान में गिर पड़ा।



### राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह का मामला, जांच जारी

## 17 साल की नाबालिग का शव बरामद शरीर पर चोट के निशान, रेप की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह स्थित पुलिस कॉलोनी के पास एक सुनसान प्लॉट में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की का शव बरामद हुआ है। किशोरी पिछले तीन दिनों से लापता थी और उसके परिजन लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे। प्रारंभिक जांच में दुष्कर्म और हत्या की आशंका जताई जा रही है। शनिवार दोपहर एक युवक बकरियां चरा रहा था, तभी उसकी नजर खाली प्लॉट में पड़े शव पर पड़ी। मामला संदिग्ध होने पर उसने तुरंत पास ही स्थित पुलिस कॉलोनी में मौजूद स्टाफ को इसकी सूचना दी। इसके बाद राजेंद्र नगर थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शव की हालत देखकर साफ है कि किशोरी की बेरहमी से हत्या की गई है। उसके शरीर पर कई जगह चोटों और घसीटे जाने के निशान पाए गए हैं।



### संगोष्ठी का उद्देश्य पारंपरिक खेल संस्कृति की पुनर्स्थापना

## बीयू: खेल सृष्टि में भारतीय दृष्टि राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन, कई विद्वानों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में शनिवार को मध्य प्रदेश समिति-क्रीड़ा भारती और बीयू के संयुक्त तत्वावधान में खेल दृष्टि भारतीय दृष्टि विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रथम श्रृंखला का आयोजन ज्ञान विज्ञान केंद्र में किया गया। इसका उद्देश्य पारंपरिक खेल संस्कृति की पुनर्स्थापना और उसके आधुनिक संदर्भ में पूर्ण अवलोकन करना, व्यायाम पद्धतियों, योग आधारित अभ्यास प्रणाली भारतीय मूल, नैतिक खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकों के आचरण में सुधार किस प्रकार किया जाए आदि है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि इंदर सिंह परमार, मंत्री उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में खेल और योग के माध्यम से स्वास्थ्य के लक्ष्य प्राप्ति में सहायक हो रही है।

खेल द्वारा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। मध्य प्रदेश के सभी विद्यालय, महाविद्यालय और विवि में भारतीय परंपरागत खेलों के साथ आधुनिक खेलों को मध्य प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थानों में शामिल किया गया है।


राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन का दृश्य।

### संगोष्ठी के उद्देश्यों को कैसे प्राप्त करें

मुख्य वक्ता अशोक अग्रवाल, क्षेत्र कार्यवाहक मध्य क्षेत्र ने संगोष्ठी के उद्देश्यों को कैसे प्राप्त किया जाए बताया। कहा कि भारत में महिला एवं पुरुषों में हर क्षेत्र में समानता है। अभी कुछ दिनों पूर्व महिला क्रिकेट टीम का विश्व विजेता बनी है। लैंगिक समानता का एक बहुत महत्वपूर्ण उदाहरण है। संचालन राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ आलोक मिश्रा ने किया। आभार डॉ अनिल शर्मा, कुलसचिव बीयू ने माना। कार्यक्रम में जबलपुर विवि से प्रो. विशाल बन्ने, इंदौर विवि से प्रो. राकेश साहनी एवं प्रो. सुधीरा चंदेल, वीयनएस महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेश त्रिपाठी उपप्राचार्य डॉ वीएस भदौरिया, नई दिल्ली से डॉ. सत्य व्रत त्रिपाठी, द्रोणाचार्य एवार्डी डॉ. संजय भारद्वाज प्रसिद्ध खेल मनोवैज्ञानिक प्रो. के एन त्रिपाठी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विवि अमरकंटक से डॉ. रामजी मिश्रा, प्रयागराज से डॉ. अतुल मिश्रा, योग गुरू डॉ. अमित गौतम सहित 350 प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में पंजीयन कराया। 75 से अधिक विद्वानों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। संगोष्ठी आयोजन सचिव डॉ आलोक मिश्रा संचालक शारीरिक शिक्षा बीयू विभागाध्यक्ष द्वारा किया गया।

## एसआईआर कार्य में तैनात कर्मचारियों से संवाद कर अफसरों ने बढ़ाया उत्साह

# ग्रामीण क्षेत्रों का कलेक्टर, निगमायुक्त ने किया निरीक्षण

**जबलपुर।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एस.आई.आर.) के कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने और उनमें अपेक्षित गति लाने के उद्देश्य से कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सी.ई.ओ.) अभिषेक गहलोत का संयुक्त दौरा लगातार जारी है। इसी क्रम में आज भी अधिकारियों की टीम ने शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दूरस्थ ग्रामीण अंचलों का भी सघन निरीक्षण किया।

### कर्मचारियों से संवाद किया

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर, निगमायुक्त एवं सी.ई.ओ. जिला पंचायत ने फील्ड में तैनात एस.आई.आर. के कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों और अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया, उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दौरे के दौरान प्रशासनिक और नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी एक एकीकृत दल के रूप में मौके पर मौजूद रहे। इनमें सभी विधानसभाओं के अनुविभागीय अधिकारी (एस.डी.एम.), नगर निगम के अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, संभागीय अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी और राजस्व निरीक्षक शामिल रहे। इसके अतिरिक्त, वार्ड सुपरवाईजर और सफाई संरक्षक, कम्प्यूटर ऑपरेटर भी बी.एल.ओ. (बूथ लेवल ऑफिसर) के साथ उपस्थित रहते हैं, जो यह दर्शाता है कि प्रशासनिक, नगरीय और चुनावी कार्यों के बीच पूर्ण समन्वय स्थापित किया जा रहा है।





### कलेक्टर ने की सराहना

## गणना फार्म का डिजिटाइजेशन करने वाले बीएलओ सम्मानित

**जबलपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम(एसआईआर) के अंतर्गत अपने बूथ के शत-प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा करने वाले बीएलओ का शाम को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया। श्री सिंह गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा करने पर इन बीएलओ को बधाई दी तथा लगन और निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के लिए उनकी सराहना की। शत-प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा कर कलेक्टर के हाथों सम्मानित होने वाले बीएलओ में विधानसभा क्षेत्र जबलपुर के मतदान केंद्र क्रमांक-116 की बीएलओ श्रीमती सोमलता कंजर इसी विधासनसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक-118 के बीएलओ अश्विनी तिवारी शामिल हैं। इनके अलावा विधानसभा क्षेत्र पनागर के मतदान केंद्र क्रमांक -61 कुशनेर की बीएलओ श्रीमती विमला चौधरी, विधानसभा क्षेत्र पाटन के मतदान केंद्र क्रमांक-44 के बीएलओ हरिशंकर बर्मन, विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम के मतदान केंद्र क्रमांक-05 के बीएलओ मुकेश कोष्टा ने भी शनिवार 22 नवम्बर को अपने बूथ के शत-प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन कर गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा किया है। ज्ञात हो कि जिला निर्वाचन कार्यालय ने शत-प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन करने वाले प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के एक बीएलओ और उसके सहयोगी को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है। यह पुरस्कार 22 नवम्बर से 24 नवम्बर तक प्रतिदिन आठों विधानसभा क्षेत्र के एक-एक बीएलओ और उसके सहयोगी को दिये जायेंगे। पुरस्कार स्वरूप उन्हें मूवी के दो-दो टिकिट और 500-500 रुपये के गिफ्ट वाउचर दिये जायेंगे। उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया जायेगा। एक से अधिक बीएलओ होने की स्थिति में लॉटरी डालकर चयन होगा। प्रशस्ति पत्र सभी बीएलओ और उनके सहयोगी को प्रदान किये जायेंगे। शत-प्रतिशत गणना प्रपत्रों का 22 से 24 नवंबर तक डिजिटाइजेशन करने वाले प्रत्येक दिन के बीएलओ को एक साथ पुरस्कार 24 नवम्बर को प्रदान किये जायेंगे।



## मतदाताओं के सत्यापन में लापरवाही बरतने पर बीएलओ सुपरवाईजर का वेतन काटने के आदेश

**जबलपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाताओं के सत्यापन की प्रक्रिया में संतोषजनक प्रगति परिलक्षित नहीं होने पर जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत ने बरगी विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 249 से 260 तक के परिवेक्षण के लिए नियुक्त बीएलओ सुपरवाईजर जनपद पंचायत जबलपुर के सहायक विकास विस्तार अधिकारी अनिल झारिया का माह नवम्बर का दो दिन का वेतन काटने के आदेश दिये हैं। कर्तव्यों के निर्वाहन में लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने पर दो दिन के वेतन काटने के आदेश के साथ ही इस बीएलओ सुपरवाईजर को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है तथा उसे 25 नवम्बर को समक्ष में उपस्थित होकर स्पष्टिकरण देने के निर्देश दिये गये हैं। तय समय पर और संतोष जनक स्पष्टिकरण नहीं प्रस्तुत किये जाने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी कारण बताओ नोटिस में दी गई है।

## गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन में पाटन अव्वल

**जबलपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के अंतर्गत 4 नवम्बर से शुरू हुई मतदाताओं के सत्यापन की प्रक्रिया में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन के कार्य में लगातार तेजी आ रही है। जिले में अभी तक मतदाताओं से प्राप्त गणना प्रपत्रों में से लगभग 40 फीसदी के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। शनिवार की शाम प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मतदाताओं से प्राप्त भरे हुए गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन के कार्य में पाटन विधानसभा क्षेत्र जिले की आठो विधानसभा क्षेत्र में पहले स्थान पर है। पाटन विधानसभा क्षेत्र में 48.93 फीसदी गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूर्ण हो चुका है। गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन में विधानसभा क्षेत्र सिहोरा 48.20 फीसदी के साथ दूसरे तथा विधानसभा क्षेत्र बरगी 47.68 फीसदी गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन के साथ जिले में तीसरे स्थान पर है।



## जमादी-उल-आखिर का चाँद नज़र आया, आज दूसरी तारीख

**जबलपुर।** मुफ़्ती-ए-आज़म मध्य, प्रदेश हज़रत मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी के अनुसार 22 नवंबर, शनिवार मुताबिक 30 जमादी-उल-अव्वल को जमादी-उल-आखिर का चाँद नज़र आ गया है। इसी के साथ आज सोमवार को माह-ए-जमादी-उल-आखिर की दूसरी तारीख है। गौरतलब है कि इसी माह की 5 तारीख (जुमेरात) को पीर-ए-तरीक़त, हज़रत, मौलाना, अल्हाज महमूद अहमद क़ादरी साहब अलैहिर्रहमां के विसाल की तारीख है। मुफ़्ती-ए-आज़म ने तमाम मुरीदों और अकीदतमंदों से गुजारिश की है कि हज़रत के नाम पर इसाले सवाब ज़रूर करें।

## ठंड से सतर्कता ही बीमारी से बचाव है

**जबलपुर।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी 4 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरपी रावत की अध्यक्षता में नगर के सीनियर्स सिटीजनों के विभिन्न संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधि दिलीप कुंडे, किशन लाल, अर्जुन सिंह अनिल शुक्ल, के साथ मासिक बैठक आयोजित की गई । प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आर पी रावत ने पिछली बैठक के बिंदुओं पर हुई कार्यवाही व क्रियान्वयन से अवगत कराया, जिसे सभी ने सराहा। वही सलाहकार प्रतिनिधि के किशन लाल, दिलीप कुंड, अनिल शुक्ला, अर्जुन सिंह ने कड़ाके की ठंड से बचाव के विशेष उपाय जानने चाहे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर पी रावत ने सभी के लिए विशेष तौर पर बुजुर्गों के लिए कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए सटीक टिप्स बताए। अपनी अपनी सतर्कता ही बचाव है। अनिल शुक्ला ने बताया कि इस बैठक में मेडिसन आपूर्तिकर्ता के प्रतिनिधि पंकज नवाठे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## कलेक्टर और निगम आयुक्त ने लिया गजरथ महोत्सव की तैयारियों का जायजा

**जबलपुर।** जबलपुर में विराजमान आचार्य श्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद लेने जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह तथा नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार पहुंचे।

आगामी पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव को लेकर उन्होंने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। प्रशासनिक अधिकारियों ने जैन समाज के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की तथा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और नगर निगम की सभी व्यवस्थाओं को समय पूर्व पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाश जैन,विपुल वर्धन जैन सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### ग्राम पंचायत पहाड़ी खेड़ा में एसआईआर का काम तेजी से चल रहा है

**बरेला।** ग्राम पंचायत पहाड़ी खेड़ा बूथ क्रमांक 300 मैं एस. आई. आर. मतदाता गहन अपनी पुनरीक्षण कार्य तेजी से चल रहा है पहाड़ी खेड़ा सरपंच संतोष पटेल. डॉ जयचंद पटेल भाजपा मंडल मंत्री रामकुमार पटेल बलिराम पटेल द्वारा कार्य कर रहे बी. एल. ओ. सुशीला झरिया सचिव सहभान शैलजा पटेल के साथ ग्राम में घर-घर जाकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है एस. आई. आर. का कार्य क्षेत्र में प्रगति पर चल रहा है।

### 11 सांत्वना पुरस्कार दिए गए

## नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा सौंदर्य फोटोग्राफी प्रतियोगिता: रविंद्र विश्वकर्मा प्रथम

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली 468 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा कार्तिक पूर्णिमा को परिक्रमा की सौंदर्य फोटोग्राफी प्रतियोगिता का 9 वा आयोजन आर्य समाज भवन में हुआ। अतिथियों ने कहा चित्रों को देखकर ऐसा लग रहा है जैसे भेड़ाघाट जबलपुर आ गया हो। पुरस्कार वितरण हनुमान बाग पीठाधीश्वर पं बृजेश मिश्रा हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास जी महाराज वेद प्रकाश पूर्व कमिश्नर आई एस महाकौशल प्रचार्य डॉ अल्केश चतुर्वेदी पं रोहित दुबे बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल पं देवेंद्र त्रिपाठी समाजसेवी मुकेश सुहागन के सानिध्य मै दिया गया। सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह के अलावा प्रथम पुरस्कार 11 000 रविंद्र विश्वकर्मा छोटू द्वितीय पुरस्कार 5000 अमित सोनी तृतीय पुरस्कार 3000 अमित राठौर एवं 11 सांत्वना पुरस्कार ₹1000 अफरोज खान, के के नामदेव सुमन जाट जे डी पांडे गौरव यादव दीपक सोनी यतनेश केसरवानी सरजू पांडे तापस सुर कु अंजलि मनोज पटेल को दिए जजमेंट कर्ता के के अग्रवाल सहित एन सी सी एन एस एस अधिकारीयो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल ने किया आभार विनोद दिवान ने किया। इस अवसर पर प्रणव अग्रवाल सी ए दीपक असरानी शेरु अलंकार सुषमा शंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल संतोष अग्रहरि देवेंद्र नेमा सत्य प्रकाश नामदेव देवव्रत सोनी पवन साहू मंगल सिंह मोहित तिवारी उपस्थित थे।




## बैरागी को मिला अंतरराष्ट्रीय कादंबरी सम्मान

**बरेला।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था कादंबरी द्वारा विगत दिवस शहीद स्मारक भवन जबलपुर में साहित्य महाकुंभ का भव्य अलंकरण सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें देश-विदेश के 127 विद्वान साहित्यकारों का सम्मान किया गया इसी तारतम में नगर के दोहा, छंदावली के लिए प्रसिद्ध आशुकवि महामहिम राष्ट्रपति से सम्मानित एवं स्वर्ण पदक प्राप्त शिक्षक पंडित प्रेमदास (रामायणी) बैरागी की अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मोदी चरितम खंडकाव्य के लिए स्वर्गीय विमला दुबे सम्मान ,कादंबरी के अध्यक्ष राष्ट्रीय महाकवि आचार्य भगवत दुबे एवं प्रयागराज विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ कृष्ण बिहारी पांडे द्वारा नगद राशि, रुद्राक्ष ,7 एवं सम्मान से अलंकृत किया गया ।साहित्य जगत की इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि के लिए नगर एवं जबलपुर के साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

## कलेक्टर के आदेश पर तहसीलदार ने की कार्यवाही

**बरेला।** जिला प्रशासन लगातार अवैध कॉलोनी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर रहा है। इसी क्रम में न्यायालय कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी जबलपुर द्वारा बरेला अंतर्गत अक्षय वैश पिता सतीश वैश, श्रीमति नलिनी वैश पति राकेश वैश के विरुद्ध आदेश पारित कर बरेला अंतर्गत खसरे नंबर 481/1 एवं 486/2/1/2/2 को अहस्तांतरीनय दर्ज करने एवं संबंधित के खिलाफ थाने में **FIR** करने का आदेश दिया गया है किया गया। कलेक्टर जबलपुर के आदेश के पालन में अतिरिक्त तहसीलदार बरेला शशांक दूबे द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों खसरे नंबर को तत्काल अहस्तांतरणीय दर्ज किया गया । इसी के अगले क्रम में अवैध कॉलोनाइजर्स के खिलाफ थाने में **FIR** करवानी जा रही है।

सात माह में टिकट चैकिंग से 75 करोड़ 82 लाख का राजस्व प्राप्त

## गतवर्ष की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक राजस्व

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर तीनों मण्डलों में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से अक्टूबर 2025 तक कुल 11 लाख मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 75 करोड़ 82 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया है। जो इसी अवधि में पिछले वर्ष वसूले गये जुर्माने (कुल 67 करोड़ 44 लाख रूपए) की तुलना में 12.42 प्रतिशत अधिक है। मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड द्वारा मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 20 हजार प्रकरण से रेलवे ने 1 करोड़ 27 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। जबलपुर मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 4 लाख 99 हजार प्रकरण से रेलवे ने 36 करोड़ 44 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। भोपाल मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 3 लाख 63 हजार प्रकरण से रेलवे ने 23 करोड़ 29 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। कोटा मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 2 लाख 17 हजार प्रकरण से रेलवे ने 14 करोड़ 82 लाख रूपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।

### मानस भवन महासम्मेलन में हुआ हंगामा

## बजरंग दल का नाम लेकर घुसे युवक, मंच पर फाड़ीं किताबें-मचा हड़कंप

**विधायक, आयोजकों का आरोप घटना पूर्वनियोजित, टीआई और स्पेशल ब्रांच की भूमिका संदिग्ध**

**हरिभूमि, जबलपुर।**

कुशवाहा जन जागृति एवं विकास समिति तथा सम्राट अशोक क्रांति सेना द्वारा रविवार को आयोजित सामाजिक-शैक्षणिक जन चेतना महासम्मेलन अचानक अफरा-तफरी और बवाल में बदल गया। शांतिपूर्ण माहौल उस वक्त पूरी तरह बिगड़ गया जब चार-पांच युवक, खुद को बजरंग दल का सदस्य बताते हुए अचानक सभागार में घुस आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ये युवक बिना किसी रोक-टोक के सीधे मंच तक पहुंचे और वहां आपत्तिजनक टिप्पणियां कर भीड़ को उकसाने लगे। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, युवक बुक स्टॉल पर टूट पड़े और वहां रखी किताबों को फाड़-फाड़कर हवा में उछालना शुरू कर दिया। अचानक हुए हंगामे से पूरा हॉल दहशत में आ गया। गुस्साए लोगों ने युवकों को पकड़कर उनकी पिटाई कर दी, जिससे माहौल पूरी तरह बेकाबू हो गया। भगदड़ जैसे हालात बन गए और महिलाएं-बच्चे घबराकर बाहर की ओर भागने लगे।

### आयोजकों का आरोप टीआई मौजूद फिर चूक कैसे

घटना के बाद आयोजकों ने पुलिस पर गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना है कि मौके पर मदनमहल थाना प्रभारी संगीता सिंह अपने पूरे दलबल के साथ तैनात थीं, इसके बावजूद युवक बिना रोके-टोके सीधे सभागार और मंच तक पहुंच गए। आयोजकों ने पूछा जब प्रवेश द्वार पर सुरक्षा जांच हो रही थी, तब ये युवक किनकी अनुमति से अंदर आए? मंच तक पहुंचना किसकी लापरवाही से संभव हुआ? पुलिस की मौजूदगी के बावजूद ऐसी बड़ी चूक कैसे हो सकती है।
उन्होंने इसकी उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की।

### विधायक का कटाक्ष पूर्वनियोजित साजिश, पुलिस मूकदर्शक

कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने भी इस घटनाक्रम को पूर्वनियोजित साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद युवकों का मंच तक पहुंच जाना सुरक्षा व्यवस्था की विफलता और पुलिस की संदिग्ध भूमिका को दर्शाता है ।विधायक ने कहा जब भीतर बवाल चल रहा था, पुलिस युवकों को पकड़ने की बजाय किताबों के स्टॉल की अनुमति जांच रही थी। यह रवैया दिखाता है कि पूरी घटना को छिपाने की कोशिश की जा रही है।

### स्पेशल ब्रांच (एसबी) भी फेल, जानकारी तक नहीं दी

इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस की खुफिया इकाई स्पेशल ब्रांच (एसबी) की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आमतौर पर ऐसे बड़े सामाजिक-राजनीतिक आयोजनों की जानकारी एसबी पहले से पुलिस अधिकारियों को देती है, ताकि आवश्यक बल, सुरक्षा घेरा और खुफिया निगरानी की व्यवस्था की जा सके। लेकिन इस मामले में एसबी की कोई अलर्ट रिपोर्ट या प्राथमिक सूचना उपलब्ध ही नहीं थी, जिसके कारण पर्याप्त सुरक्षा बल, खुफिया निगरानी और व्यवस्था पहले से तय नहीं की जा सकी। आयोजकों का कहना है कि अगर एसबी पहले से आयोजन की जानकारी और संभावित भीड़ की रिपोर्ट देती, तो पुलिस बल, नाकाबंदी और सुरक्षा प्रबंध मजबूत होते और युवक मंच तक पहुंच ही नहीं पाते। एसबी की यह चूक पूरे पुलिस सिस्टम की खामियों को उजागर करती है।

### पुलिस जांच में जुटी लेकिन जवाब अब भी गायब

घटना के बाद पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है और पूरी वीडियोग्राफी खंगाली जा रही है। लेकिन अब भी तीन बड़े सवाल जस के तस हैं जब पुलिस-थाना प्रभारी मौजूद थे, तब युवक मंच तक कैसे पहुंच गए। स्पेशल ब्रांच ने आयोजन की अग्रिम रिपोर्ट क्यों नहीं दी। सुरक्षा घेरा इतना कमजोर कैसे रहा। मानस भवन में हुआ यह बवाल न सिर्फ पुलिस की व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि सुरक्षा और खुफिया तंत्र की बड़ी विफलता भी उजागर करता है।

## शहपुरा में हादसा, सिलेंडर फटने से हड़कंप, बड़ा हादसा टला

**जबलपुर।** शहपुरा भिटौनी रेलवे स्टेशन के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक मकान में एलपीजी गैस सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका हो गया। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए। गनीमत रही कि इस हादसे में परिवार के सभी सदस्यों की जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह घटना सुबह लगभग 8:30 बजे की है। शुभम उर्फ बेटू श्रीवास्तव के मकान में अचानक आग लग गई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि घर के भीतर रखा एलपीजी सिलेंडर लीक हो रहा था और संभवतः पास में जल रहे गर्म हीटर के संपर्क में आने से गैस ने आग पकड़ ली। घर में एक और भरा हुआ गैस सिलेंडर रखा था, जो आग की चपेट में आ गया और कुछ ही देर बाद तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। धमाके के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। आसमान में उठते धुएं के बड़े-बड़े गुब्बारे दूर से ही दिखाई दे रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड की तत्परता के चलते आसपास के मकानों तक आग नहीं फैल पाई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर के भीतर सिलेंडर और इलेक्ट्रिक हीटर को बेहद नजदीक रखा गया था, जिससे यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद पूरे परिवार में दहशत का माहौल है और लोग सदमे में हैं।



Nippon india Mutual Fund
Wealth sets you free

Mutual Fund Investor Awareness Program

To increase awareness about Mutual Funds, we conduct Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. Schedule of upcoming IAP is as mentioned below.

| Date | Time | Location |
| --- | --- | --- |
| 25th November, 2025 | 07:00 PM | Jabalpur |

Venue: Hotel RK Castles, Jayanti Complex, Marhatal, Jabalpur MP 482001
Name: Mukesh Sahu | Mob. No.: 8828008861

Nippon Life India Asset Management Limited| CIN:L65910MH1995PLC220793

Mutual Fund Investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

### घर में जबरन प्रवेश, अभद्र व्यवहार, उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन

# स्मार्ट मीटर स्थापना के नाम पर आधारताल बिजली विभाग के अधिकारियों ने दी धमकी!

**जबलपुर।** मैं मोतीलाल नेहरु वार्ड, जबलपुर का निवासी हूँ और आपके संज्ञान में अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरण प्रस्तुत करना चाहता हूँ। आधारताल बिजली विभाग के कुछ अधिकारी हमारे क्षेत्र में स्मार्ट मीटर स्थापना की प्रक्रिया के दौरान जिस प्रकार का आचरण कर रहे हैं, वह पूरी तरह से कानून के विरुद्ध, उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन करने वाला तथा नागरिक स्वतंत्रता का हनन करने वाला है। उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर से संबंधित जानकारी माँगने या उचित स्पष्टीकरण की मांग करने पर अधिकारियों ने संवाद स्थापित करने की बजाय डराने, धमकाने और अनुचित दबाव बनाने का तरीका अपनाया है, जो पूर्णतः दंडनीय प्रकृति का है। उपभोक्ताओं ने जब स्मार्ट मीटर से जुड़ी तकनीकी जानकारी, बिलिंग प्रणाली, सुरक्षा या विकल्पों के बारे में प्रश्न पूछे, तो अधिकारियों ने उन्हें यह कहते हुए धमकाया कि यदि उन्होंने मीटर नहीं लगवाया तो उनकी बिजली काट दी जाएगी और उनके खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा जैसा गंभीर मामला दर्ज कर दिया जाएगा। इस प्रकार की धमकियां उपभोक्ता को अपराधी जैसा महसूस करवाने के उद्देश्य से दी जाती हैं और IPC के कई प्रावधानों का उल्लंघन करती हैं।



सबसे गंभीर बात यह है कि अधिकारी कई बार उपभोक्ताओं के घरों में बिना अनुमति के प्रवेश कर रहे हैं। यह पूरी तरह अवैध और भारतीय दण्ड संहिता में वर्णित अनाधिकार प्रवेश (trespass) की श्रेणी में आता है। घरों के भीतर उपस्थित महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, उन्हें डराया गया तथा मीटर स्वीकार करने के लिए अनुचित दबाव बनाया गया। यह व्यवहार न केवल सामाजिक मर्यादा के खिलाफ है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों का भी सीधा उल्लंघन है। इस संबंध में विशेष रूप से यह बताना महत्वपूर्ण है कि मध्य प्रदेश बिजली विभाग के सप्लाई कोड की धारा 47.5 में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि स्मार्ट मीटर लगवाना पूर्णतः उपभोक्ता का विकल्प है। धारा 47.5 के अनुसार कोई भी उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवाना चाहता है या नहीं लगवाना चाहता यह उसका वैधानिक अधिकार है। उसे अपनी मुविधा, सुरक्षा और सहमति के आधार पर निर्णय लेने की स्वलरता है और विभाग किसी भी परिस्थिति में उपभोक्ता पर स्मार्ट मीटर थोप नहीं सकता। इस धारा का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए अधिकारियों द्वारा यह कहना कि "स्मार्ट मीटर नहीं लगाया तो बिजली काट दी जाएगी" न केवल सप्लाई कोड का उल्लंघन है, बल्कि विभागीय प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। सप्लाई कोड की धारा 47.5 स्पष्ट करती है कि बिजली मीटर से संबंधित किसी भी प्रक्रिया में उपभोक्ता की सहमति अनिवार्य है। उपभोक्ता असहमति व्यक्त करते हैं तब भी विभाग को लिखित नोटिस, विस्तृत जानकारी और पारदर्शी प्रक्रिया प्रस्तुत करनी होती है। परंतु आधारताल के अधिकारियों द्वारा न तो कोई नोटिस दिया गया, न कोई लिखित सूचना, न ही किसी प्रकार की पारदर्शी मीटर स्थापना प्रक्रिया का पालन किया गया। उल्टा उपभोक्ताओं को भय, दबाव और धमकियों के माध्यम से मीटर स्वीकार करने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जो कि कानून, सप्लाई कोड और न्यायिक सिद्धांत तीनों के विरुद्ध है। महोदय, अधिकारियों द्वारा अवैध धमकी देना, घर में अनधिकृत प्रवेश करना, महिलाओं के साथ अभद भाषा का प्रयोग करना, झूठे मुकदमों में फंसाने की चेतावनी देना, बिजली काटने की धमकी देना और सप्लाई कोड की धारा 47.5 का खुलेआम उल्लंघन करना अत्यंत गंभीर और दण्डनीय कृत्य है। इस प्रकार का आचरण न केवल कानूनी व्यवस्था को प्रभावित करता है, बल्कि नागरिकों के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान को भी क्षति पहुँचाता है। अतः यह आवश्यक हो जाता है कि इस मामले में तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए।

अतः मैं निवेदन करता हूँ कि इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित DE विकास सिंह, 16 मधुकर, 11 पुष्पजील धुर्वे, विवेक नेम, अधिकारियों एवं अन्य 40 से 50 कर्मचारी के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की उपयुक्त धाराओं तथा विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज की जाए। क्षेत्र में उपभोक्ताओं को सुरक्षा और सम्मान बनाए रखने हेतु त्वरित जांच प्रारंभ की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी उपभोक्ता को भविष्य में ऐसे अवैध व्यवहार या दबाव का सामना न करना पड़े। आशा है कि आप इस शिकायत पर शीघ्र और आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

### जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ अध्यक्ष डॉ. निशिथ पटेल की हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में जीत के बाद मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने उन्हें खेल की कमान सौंपी

## अगले माह नीमखेड़ा मैदान में होगी बालक वर्ग-15 व 22 की संभागीय प्रतियोगिता

**जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ को मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा खेल गतिविधियां संचालित करने का आदेश दिया गया, जो कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा वर्ष 25-26 का खेल कैलेंडर दिसंबर माह से बालक वर्ग-15 एवं बालक वर्ग-22 की संभागीय प्रतियोगिता कराई जानी है। जबलपुर संभाग के अध्यक्ष डॉ. निशिथ भाई पटेल ने जानकारी दी कि यह प्रतियोगिता एमपीसीए मैदान नीमखेड़ा पर दिसंबर माह से आयोजित की जाएगी। जेडीसीए द्वारा बालक वर्ग-15 एवं बालक वर्ग-22 की चयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। इस उपलब्धि के लिए जेडीसीए के अध्यक्ष डॉ. निशिथ भाई पटेल को आजीवन सदस्य, सभी क्लब एवं सभी चयनकर्ता और अंपायर



कमेटी ने बधाई दी। इस उपरांत जेडीसीए के सचिव सुशील रजक ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों के नाम पवन सिंधिया, गोपाल दत्त जोशी, योगेंद्र तिवारी, राजेंद्र ठाकुर, विनय सिंह, धर्मेंद्र पटेल, उमाशंकर यादव, असद खान, किशोर बैन, प्रशांत द्विवेदी, त्रिलोक नायडू, मनोज ठाकुर, अमन खान, द्वारका मिश्रा, शशांक कोस्टा, शरद चौहान, अमित यादव, प्रतीक खरे, सुकेश झा, अग्रज शर्मा, विपिन भारतवाल, पंकज मेश्राम, आनंद रजक, हरीश परिहार, निखिल सिंह, रेनू विक्टर, शिशिर उपाध्याय, अतुल गर्ग, अंकित यादव, निखिल सिंह, कृष्णकांत विश्वकर्मा, मयंक राजपूत, अतुल विश्वकर्मा, विद्यापति श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, रणधीर सिंह, प्रखर पाठक इन सभी की उपस्थिति रही।

### जिलाध्यक्ष ने ली शक्ति केन्द्रों की बैठक

## मतदाताओं के फार्म शत-प्रतिशत जमा होः पटेल

**सिहोरा।** एसआईआर को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने सिहोरा विधानसभा के मंझगवा मंडल के 9 शक्ति केन्द्रों की बैठक ली तथा चल रहे कार्य की समीक्षा की बैठक में विधायक संतोष बरकडे, एसआईआर अभियान के जिला प्रभारी एंव उपाध्यक्ष अनुपम सराफ, महामंत्री राजेश दाहिया, मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता भी उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष पटेल ने इस कार्य का शुभारंभ करते हुए कहा कि उक्त महत्वपूर्ण कार्य को आप सभी अति गम्भीरता से ले एवं अपने अपने वार्ड में घर घर जा कर एसआईआर के फार्म भरवाये,जिन परिवारों में नई बहू आई है उनकी जानकारी 2003 की मतदाता सूची से प्राप्त करे और उनका भी पत्रक भरे।



तथा अभी तक के कार्य की प्रगति की भी जानकारी ली उन्होंने बूथ अध्यक्षों,बीएलए-2 की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी पात्र एवं वास्तविक मतदाताओं के फॉर्म निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत जमा हों, यह संगठन की प्राथमिकता है, जिसे सभी कार्यकर्ता सुनिश्चित करें। इसके अलावा फनवानी, कुम्ही, खिरहनी, खितौला खम्परिया आदि के शक्ति केन्द्रों में भी बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र प्रभारी एंव कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कलयुग में है हरी नाम संकीर्तन ही मोक्ष का साधन



**जबलपुर।** मां नर्मदा महाप्रभु चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल द्वारा प्रत्येक रविवार गांव-गांव गली-गली शहर-शहर में हरी नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में आज शिव हनुमान विश्वकर्मा मंदिर के पुजारी रोहित महाराज के सानिध्य में आरटीओ गेट के बाजू में संकीर्तन सम्पन्न हुआ। संयोजक श्याम मनोहर पटेल ने बताया हरि नाम संकीर्तन करने वाले संपूर्ण मनुष्य जाति कलयुग में होते हुए भी सतयुग में, इस कलियुग में भगवान नाम की सबसे अधिक महिमा है। यद्यपि नाम की महिमा सत्य, त्रेता, द्वापर और कलि, इन चारों ही युगों में है, तथापि कलियुग में तो मनुष्यों के लिये भगवन्नाम ही मुख्य आधार है, आश्रय है तथा भगवन्नाम ही कल्याण का सुगम और सर्वोपरि साधन है। इस अवसर पर मां महाआरती का आयोजन, प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन में संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा, संयोजक श्याम मनोहर पटेल, मोहित तिवारी, दीपक तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, छन्नूराम पटेल, मनोहर विश्वकर्मा, लालजी पटेल, नितिन चौबे आदि उपस्थित रहे।

## तैराकी प्रतियोगिता में जबलपुर ने जीते गोल्ड मेडल



**जबलपुर।** इंदौर में विगत दिनों संपन्न हुई 69वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता 2025 में जबलपुर संभाग के तैराक बालक-बालिकाओं- समरथ खरे, रित्विक बाफना, आदित्य मिश्रा, अक्षित शर्मा, अर्थव सिंह, गौरिका जैन, शिल्पी कोल, शेरा दुबे, त्रिशा दुबे, सरकार शेर सिंह, रोहन अम्बूरे, प्रिंस सिंह, संस्कार विश्वकर्मा, तनिष्क झरिया ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने इवेंट में गोल्ड मेडल प्राप्त कर बालक 17 वर्ष में विजेता होने का स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप प्राप्त की। तैराकों की इस महत्वपूर्ण सफलता पर जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष संजय पटेल, सचिव सुनील कुमार पटेल, सत्यप्रकाश स्वीमिंग अकादमी के चेयरमेन अनिल ग्रोवर एवं श्रीमती तरंग ग्रोवर डायरेक्टर, शिवम श्रीवास्तव कोच, जनरल मैनेजर राकेश विश्वकर्मा, नवराज सिंह, शिवम पटेल, अमन लोधी, अमित शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बालक, बालिकाओं को बधाई दी। साथ ही आशा सिसोदिया सहायक संचालक क्रीड़ा एवं मधुमिता हाजरा जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बधाई दी है।

## रेलवे पुलिस लाइन में बाल उद्यान का हुआ शुभारंभ

**जबलपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक (भापुसे) पंकज श्रीवास्तव (रेल) का रेलवे पुलिस इकाई जबलपुर का भ्रमण कर रेलवे पुलिस लाइन जबलपुर में बाल उद्यान का शुभारंभ किया गया। उन्होंने रेलवे पुलिस इकाई जबलपुर के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक ली, जिसमें इकाई के थाना, चौकी प्रभारियों को थाने में लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत, समंस, वारंट, उच्च न्यायालय में लंबित याचिकाओं की समीक्षा एवं थाना की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया एवं कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों को भी तत्परता एवं जवाबदारी से कार्य करने निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में शिमला प्रसाद (भापुसे), पुलिस अधीक्षक (रेलवे) जबलपुर, भावना मरावी अति. पुलिस अधीक्षक (रेलवे) जबलपुर, अंकिता सुल्या, पुलिस उप अधीक्षक (रेलवे) जबलपुर एवं कार्यालयीन अधिकारी, कर्मचारी निरी. सुमन विश्वकर्मा, कार्या. निरी. सोनल पांडेय, कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक अरुणा वाहने, उप निरीक्षक (अ) एबी मिश्रा, स्टेनो कमलेश नामदेव, रीडर एनके बरसैया एवं कार्या. प्रआर आशीष दुबे तथा कार्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### माता गुजरी महिला महाविद्यालय में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीद दिवस पर प्रबोधन का हुआ आयोजन

**जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुरु तेग बहादुर के बलिदान, मानवता व धार्मिक स्वतंत्रता के लिए उनके संघर्ष को याद करना और उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. रमणीक कौर ने गुरु तेग बहादुर जी के जन्म से लेकर मृत्यु तक का चरित्र वर्णन कर उनकी जीवन गाथा चित्रों के माध्यम से समझाई। मुख्य वक्ता डॉ. मनिंदर कौर ने गुरु तेग बहादुर के जीवन से प्रेरणा लेकर निष्पक्ष, तटस्थ और कर्तव्यनिष्ठ बनकर जीवन जीने की बात समझायी। मुख्य अतिथि हरलीन कौर ने गुरु तेग बहादुर की सात शिक्षाएं जो आज हमें आवश्यक मानवता का उपदेश देती हैं, पर अपने विचार व्यक्त किये।

## किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 50 बालिकाओं का हुआ भोपाल के लिए चयन

**जबलपुर।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया खेल एवं युवक कल्याण वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा निर्देशित एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग सिटी लीग का आयोजन रानीताल स्टेडियम में किया गया, समापन समारोह के मुख्य अतिथि पनागर विधानसभा के विधायक इंदु तिवारी, विशेष अतिथि विनोद सोनडवले अध्यक्ष एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन थे। विशिष्ट अतिथि ज्योत्सना सिंह ठाकुर, देवेंद्र मिश्रा योगाचार्य, मृदुला चौरसिया प्राचार्य त्रिमूर्ति मिडिल स्कूल, दिव्या चौबे डायरेक्ट त्रिमूर्ति अंशु ताम्रकार, मोबाइल रिसोर्सेस कॉर्डिनेटर डिसएबिलिट फील्ड विलियम एस. डाइस स्मॉल वंडर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधेश यादव जिला अध्यक्ष किक बॉक्सिंग एसोसिएशन रहे। संयोजक उत्तम पांडे, महासचिव राम किशोर सोनी, किक बॉक्सिंग एसोसिएशन, बुशरा खान सहायक शिक्षिका अमर कदम, मोहम्मद नूरुद्दीन पीटीआई, दिनेश मटके, धनराज, सचिन सक्सेना,



नेशनल रेफरी शुभम खारड़िया, नेशनल रेफरी वीर चौहान, स्टेट रैफरी रुद्र धारू, स्टेट रैफरी सुहानी ठाकुर, वंशिका पंडौल रीटा राजानी, ममता पांडे, प्रकृति छत्री प्रतियोगिता में मौजूद रहे।

एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव आशुतोष दाधीच ने बताया प्रतियोगिता में जबलपुर जिले के 200 बालिकाओं ने भाग लिया, जिसमें 50 बालिकाओं को भोपाल के लिए सिलेक्ट किया गया। प्रतियोगिता को वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन से क्वालिफाइड मध्य प्रदेश के ऑफिशल्स द्वारा निर्णायक मंडल का निर्णय है।

## लंबित मांगों की पूर्ति के लिए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसियेशन आज से करेगा क्रमबद्ध आंदोलन

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के द्वारा बताया गया कि नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर परिसर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम कार्य निर्माण कार्य काफी समय से लंबित है जिसे पूर्ण कराया जाने के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय कमेटी मध्यप्रदेश जबलपुर द्वारा स्टीमेट स्वीकृत किया गया, उपरोक्त संबंध में कानून एवं विधायी विभाग को पत्र ज्ञापन दिनांक 22/03/2024 एवं 20/09/2024 को षित किया गया, किन्तु अभी तक उपरोक्त संबंध में शासन की ओर से कोई कार्यवाही प्रारंभ नहीं की गई। पूर्व में जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह एवं मुख्यमंत्री को जिला दण्डाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किये जा चुके हैं, आज दिनांक तक शासन की ओर से राशि का आबंटन नहीं किया गया जिसके कारण आज दिनांक ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य अपूर्ण है। इसी तरह म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर के अधिवक्ताओं की बैठक हेतु बिल्डिंग का निर्माण किये जाने के संबंध में 5 माह पूर्व शिलान्यास किया गया पर 5 माह व्यतीत होने के उपरांत भी निर्माण कार्य आरंभ नहीं हुआ है, इसी तरह जिला अधिवक्ता संघ की ओर से ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री का जिला दण्डाधिकारी के माध्यम से उनका आभार कि आपने पत्रकार बंधुओं के लिए पत्रकार स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना प्रारंभ की, मान्यवर अधिवक्ताओं का कार्य भी जोखिम भरा होता है इसलिए प्रदेश के अधिवक्ताओं के हितार्थ स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना प्रारंभ किये जाने ज्ञापन सौंपा गया पर आज दिनांक तक कोई भी प्रक्रिया शासन द्वारा क्रियान्वयन में नहीं लाई गई। इसी तरह जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर द्वारा मुख्यमंत्री को जिला दण्डाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन झारखंड सरकार 65 वर्ष से अधिक की आयु प्राप्त अधिवक्ताओं को हर माह 7000/- रूपये प्रतिमाह पेंशन देगी, इसी तर्ज पर सम्पूर्ण प्रदेश के अधिवक्ताओं हेतु इस तरह की योजना लागू करते हुये कम से कम 10,000/- रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान करने की योजना लागू करने एवं विगत कई वर्षों से अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमला लगातार हो रहे हैं पूर्व में वर्ष 2012 में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने भोपाल में अधिवक्ता चौपल का आयोजन कर अतिशीघ्र अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने आश्वासन दिया गया था पर आज दिनांक तक मध्यप्रदेश राज्य में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया गया, बल्कि अन्य राज्यों में प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो चुका है। उपरोक्त संबंध में संघ द्वारा अनेक बार जिला दण्डाधिकारी के मध्याम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किये गये पर उक्त संबंध में उपरोक्त अधिवक्ता हितार्थ की समस्याओं का शासन द्वारा निराकरण किये जाने की कोई पहल नहीं की गई है। इस संदर्भ में कल जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर की बैठक अध्यक्ष मनीष मिश्रा की अध्यक्षता में मांगों की पूर्ति हेतु आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया उपरोक्त विषयान्तर्गत आंदोलन क्रमबद्ध तरीके से आरंभ किया जाना अति आवश्यक है, आंदोलन क्रम में दिनांक 24/11/2025 को दोपहर 02:00 बजे कलेक्ट्रेट चौराहे में मानव श्रृंखला निर्माण कर जिला दण्डाधिकारी के माध्यम से स्मरण पत्र सौंपा जावेगा और क्रमबद्ध तरीके से उपरोक्त मांगें पूरी होने तक जिला अधिवक्ता संघ निरंतर आंदोलित रहेगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन की होगी।

### शिवसेना ने पुण्य तिथि पर बाला साहब को किया याद

जबलपुर। हिन्दू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे की 13वीं पुण्य तिथि पर रामपुर स्थित ब्रजमोहन नगर सिलाई केन्द्र में गरीब परिवारों को कपड़े का वितरण गुरुदयाल महावर के जन्मोत्सव के साथ प्रदान किया गया। ऐसे 50 परिवार जो अति गरीब हैं।

## जूनियर डॉक्टर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा पहली बार जूनियर डॉक्टर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट का शुभारंभ 24 नवम्बर को दोपहर समारोह के मुख्य अतिथि मेडिकल कालेज के डीन प्रो. नवनीत सक्सेना, विशिष्ट अतिथि संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविन्द शर्मा, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अवधेश प्रताप सिंह कुशवाहा की उपस्थिति में होगा।



उक्त जानकारी जूडा एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. शुभांशु शर्मा ने मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित इंडियन कॉफी हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

डॉ. शर्मा ने बताया कि इस पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच दिन में खेला जाएगा, शेष मैच शाम 6 बज से रात करीब 12 बजे तक खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में पांच टीमों के बीच कुल 9 मैच होंगे। टूर्नामेंट 28 नवंबर तक चलेगा और समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। लीग में टीमों का गठन यूजी, पीजी, कंसल्टेंट और जूनियर डॉक्टर्स के समूहों से किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य चिकित्सकों के बीच आपसी सहयोग और मनोरंजन को बढ़ावा देना है, साथ ही उनके कामकाजी जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपाध्यक्ष डॉ. शुभम शिवहरे, मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभांश सहित आयोजन से जुड़े हुए अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## निधन

**श्रीमती कविता वाधवानी-** बी 7, राघव होम्स के बाजू में गुप्तेश्वर निवासी श्री श्रीचंद वाधवानी की धर्मपत्नी श्रीमती श्रीमती कविता वाधवानी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विश्राम अहिरवार-** बादशाह हलवाई मंदिर के पास पोलीपाथर निवासी श्री विश्राम अहिरवार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजेन्दर कौर-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री महेन्दर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती राजेन्दर सिंह (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री तेर सिंह-** शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री तेर सिंह (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लखन लाल अग्रवाल-** सन्मति नगर अधारताल निवासी श्री लखन लाल अग्रवाल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सूरज प्रसाद पचौरी-** टेलीग्राफ गेट नं. 4, साईं मंदिर के पास निवासी श्री सूरज प्रसाद पचौरी (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजू ठाकुर-** जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री राजू ठाकुर (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती गीता बाई यादव-** कांचघर लालमाटी निवासी श्री राम सेवक यादव की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई यादव (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जय किशन हिरानी-** भानतलैया झदुआ कुआं के पास निवासी श्री जय किशन हिरानी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला डोंगरे-** सिलुआ तिराहा के पास समाधि रोड निवासी श्री सुरेश कुमार डोंगरे की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला डोंगरे (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेखा कश्यप-** श्री परिसर कॉलोनी अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री गोविंद प्रसाद कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा कश्यप (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती किरण बाई-** वाजपेयी कम्पाउंड सदर निवासी श्री पोपल की धर्मपत्नी श्रीमती किरण बाई (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तरुण समुंद्रे-** पुरानी बस्ती रांझी निवासी श्री ताराचंद समुंदे के पुत्र श्री तरुण समुंद्रे (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कौशल्या रानी सेठी-** नेपियर टाउन नवीन विद्या भवन के पास निवासी श्री इंद्रराज सेठी की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या रानी सेठी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संपत लाल चौधरी-** बादशाह हलवाई मंदिर के पास गली नं. 3, पोलीपाथर निवासी श्री पंक्षी लाल चौधरी के पुत्र श्री संपत लाल चौधरी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सदन मल्लाह-** पुरानी बस्ती साईं धाम रोड गौरीघाट निवासी श्री सदन मल्लाह (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## सम्राट अशोक विजय दिवस पर हुआ सामाजिक शैक्षणिक व राजनीतिक चेतना सम्मेलन

**जबलपुर।** कुशवाहा जनजागृति विकास समिति जबलपुर एवं सम्राट अशोक क्रांतिसेना के तत्वावधान में सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक चेतना सम्मेलन 23 नवम्बर को मानस भवन में राजेन्द्र पाल गौतम (कैबिनेट मंत्री दिल्ली सरकार), लखन घनघोरिया विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मप्र की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा डब्बू भैया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचशील ध्वज फहराकर, महापुरुषों के छायाचित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर बुद्ध वंदना से हुआ। मुख्य अतिथियों का आगमन सम्राट अशोक क्रांतिसेना के नेतृत्व में सर्किट हाउस से ढोल, नगाड़ों के साथ मानस भवन हुआ। अतिथियों के स्वागत पश्चात कार्यक्रम संयोजक वृंदावन वर्मा ने विस्तार से क्रांतिसेना एवं कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र पाल गौतम ने समाज को संबोधित करते हुए बताया कि सम्राट अशोक के शासनकाल में शिलालेखों, विश्वविद्यालयों, कुआं, बावलियों तथा 84 हजार बौद्ध स्तंभ बनवाये गए। सम्राट अशोक ने कलिंग विजय के बाद प्रतिज्ञा ली कि राज्य विस्तार के लिए तलवार नहीं उठाऊंगा, फिर पूरा जीवन मानवता एवं शांति के लिए कार्य किया। आज के परिवेश में सम्राट अशोक के सपनों का भारत बनाना होगा। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार विवेक देबराय संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। जगह-जगह संविधान की किताबें फाड़ी व जलाई जा रही हैं, आज भी सरकार का संरक्षण प्राप्त तत्वों ने मानस भवन में संविधान की किताब फाड़कर मारपीट की। अतः हम-आपको भारत के संविधान को बचाने की जरूरत है। यदि उत्पीड़न से मुक्ति चाहते हो तो "जाति तोड़ो समाज जोड़ो" जिसकी पहल जबलपुर में सम्राट अशोक क्रांति सेना एवं कुशवाहा समाज ने की है। अध्यक्षीय उद्बोधन विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं समाज के लोगों को धर्मांता, छुआछूत, रूढ़िवाद एवं पाखंडवाद को छोड़कर मानवतावादी विचारधारा के लिए काम करना चाहिए तथा बाबा भीमराव आम्बेडकर ने संविधान के माध्यम से हमें जो हक और अधिकार दिये हैं उस संविधान की रक्षा के लिए सचेत रहना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि लखन घनघोरिया, डॉ. सतेन्द्र यादव, मदन सिंह कुशवाहा, मनोज बाघमारे, विवेक पटेल, प्रभात वर्मा, देवेश चौधरी, योगेन्द्र सिंह कुशवाहा, वृंदावन कुशवाहा आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। संचालन अनंत कुमार कुशवाहा एवं नंदकुमार कुशवाहा ने किया।



## राफेल पर फ्रांस नेवी अधिकारी ने खोल दी पोल कहा

# 'ये तो फेक न्यूज है जी...', ऑपरेशन सिंदूर पर पाकिस्तान हुआ बेनकाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के टीवी चैनल जीयो टीवी और उसके पत्रकार हामिद मीर ने दावा किया था कि फ्रांस के एक नौसेना अधिकारी ने माना है कि भारत का राफेल फाइटर जेट पाकिस्तान के सामने कमजोर साबित हुआ और पाकिस्तान के पायलटों ने भारतीय राफेल को मार गिराया।

इस पर फ्रांस की नौसेना, जिसे फ्रेंच नेवी या मरीन नेशनल कहा जाता है, ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सख्त बयान जारी किया और लिखा कि ये खबर पूरी तरह फेक न्यूज, गलत जानकारी और लोगों को गुमराह करने वाली है। उन्होंने साफ कहा कि ये बातें उनके किसी अधिकारी ने नहीं कही हैं।

जिस अफसर का नाम लिया गया, वही कहानी ही गलत निकली पाकिस्तानी चैनल ने जिस अधिकारी के नाम से बयान चलाया, उसका नाम बताया गया कैप्टन जैक लॉने। लेकिन फ्रेंच नेवी ने स्पष्ट किया कि अधिकारी का असली नाम है कैप्टन यवन लॉने। इतना ही नहीं, फ्रेंच नेवी ने यह भी कहा कि कैप्टन लॉने ने किसी भी मीडिया को ऐसा कोई बयान दिया ही नहीं और न ही उन्होंने किसी लेख को छापने की सहमति दी थी। फ्रेंच नेवी ने एक्स पर साफ लिखा कि ये बयान कैप्टन लॉने के नाम से चलाए गए, जबकि उन्होंने कभी ऐसी किसी चीज की इजाजत नहीं दी। यह खबर गलत और भ्रामक है। जीयो टीवी ने 21 नवंबर को एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिसमें दावा किया गया कि एक फ्रांसीसी नौसेना कमांडर ने पाकिस्तान की वायुसेना की तारीफ की और कहा कि पाकिस्तान ने भारत पर हवाई बढ़त बना ली।

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि भारत के कई राफेल जेट गिराए गए, यह सब मई 6 और 7 के बीच हुए हवाई टकराव में हुआ, इस दौरान 140 से ज्यादा फाइटर जेट हवा में थे और पाकिस्तान को इसमें चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी की मदद मिली. इन सभी दावों को फ्रेंच नेवी ने पूरी तरह गलत और मनगढ़ंत बताया है।


राफेल की फाइल फोटो

### रडार फेल होने वाली बात भी निकली झूठी

पाकिस्तानी मीडिया ने यह भी लिखा कि कैप्टन लॉने ने कहा था कि राफेल का रडार ठीक से काम नहीं कर पाया और इसलिए भारतीय जेट नुकसान में रहे। उन्होंने ये भी झूठा दावा किया कि राफेल की मशीन में कोई दिक्कत नहीं थी, उसे ठीक से चलाया नहीं गया। लेकिन फ्रेंच नेवी ने साफ कहा कि ऐसा कोई बयान कभी नहीं दिया गया और यह सारी बातें प्रोपेगैंडा यानी झूठा नैरेटिव बनाने के लिए जोड़ी गईं।

**तकनीकी बातें कही थीं**

फ्रांस ने साफ किया कि कैप्टन लॉने किसी युद्ध या भारत-पाक तनाव पर राय देने वाले अधिकारी नहीं हैं। जहां राफेल मरीन विमान तैनात हैं। उनका एक भाषण या प्रेजेंटेशन हुआ था, जिसमें उन्होंने सिर्फ टेक्निकल बातें की थीं, जैसे कि राफेल मरीन के मिशन, मुश्किल हालात में हवाई लड़ाई की चुनौतियां, पायलटों को किन हालात का सामना करना पड़ता है। इसका भारत-पाक लड़ाई या राफेल गिरने से कोई सीधा संबंध नहीं था।

## परत-दर-परत खुल रहे आतंक के रहस्य, डरा रहे हैं मंसूबे

# स्कूल के पास 161 जिलेटिन रॉड और 20 किलो विस्फोटक मिला

एजेंसी ▶▶ अल्मोड़ा

उत्तराखंड के अल्मोड़ा में स्कूल के पास 161 जिलेटिन रॉड और 20 किलो से ज्यादा विस्फोटक मिलने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। वहीं, स्कूल के पास विस्फोटक बरामद होने से कई सवाल उठे हैं। पुलिस ने जांच तेज कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गई है। अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डभरा परिसर में 161 संदिग्ध जिलेटिन रॉड बरामद होने के बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। इस घटना से अब यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या यह जिलेटिन किसी सड़क निर्माण कार्य के लिए रखी गई थी या फिर इसके पीछे कोई और उद्देश्य छिपा है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच में जुट गई है। जिले के कई क्षेत्रों में हाल ही में सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य चल रहे हैं। जहां नियंत्रित विस्फोटक सामग्री का उपयोग आम होता है। हालांकि इतनी बड़ी मात्रा में जिलेटिन का जंगल क्षेत्र में बिना सुरक्षा और बिना अनुमति के मिलना पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के लिए संदेह का विषय बना हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली विस्फोटक सामग्री को निर्धारित मानकों के अनुसार रजिस्टर्ड स्टॉक, परमिट और अधिकृत भंडारण स्थल


आतंकी उमर

पर ही रखा जा सकता है। अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र में 161 संदिग्ध जिलेटिन रॉड बरामद होने के बाद पुलिस पूरी तरह सक्रिय हो गई है। पुलिस ने बम डिस्पोजल टीम, डॉग स्क्वाड और थाना पुलिस, एलआईयू और आईआरबी टीम के साथ पूरे क्षेत्र में कॉम्बिंग की। इस दौरान स्थानीय लोगों से पूछताछ भी की गई। वहीं दूसरी तरफ राजधानी दिल्ली में लाल किले के बाहर धमाके के बाद जांच एजेंसियां लगातार जांच कर रही हैं। इस बीच फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल को लेकर जांच एजेंसियों ने बड़ी खुलासा किया हैं। दरअसल, जांच एजेंसियां आतंकी दानिश से पूछताछ कर रही हैं। दानिश से पूछताछ में इस बात का खुलासा हुआ है कि किसी पाकिस्तानी हैंडलर को लॉन्ग रेंज के ड्रोन की खेप भारत पहुंचानी थी। 10 किलो तक वजन उठाने की क्षमता वाले ड्रोन को अलग-अलग पार्ट्स के तौर पर भारत भेजने की तैयारी चल रही थी। दानिश से पूछताछ में यह भी पता चला है कि पाकिस्तानी हैंडलर किसी दूसरे देश से एक्सपोर्ट कंपनी के जरिए ड्रोन के पार्ट्स भेजने की प्लानिंग कर रहे थे। भारत की किसी इंपोर्ट कंपनी के जरिए यह मंगाया जाना था। जानकारी के मुताबिक जिन ड्रोन्स को भारत भेजने की तैयारी चल रही थी, वह कई किलोमीटर की रेंज और वजन उठाने में सक्षम होते हैं। इसके बाद इन ड्रोन्स की मदद से तैयार विस्फोटक से भारत में अब तक का सबसे बड़ा हमला किया जाना था। हालांकि इससे पहले ही आतंकियों साजिश को नाकाम कर दिया गया।

### पैसों को लेकर भी आतंकी का उमर का हुआ था झगड़ा

दिल्ली ब्लास्ट मामले में सामने आई जांच रिपोर्ट में एक के बाद एक कई हैरान करनेवाली डिटेल सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, धमाकों को अंजाम देने वाले प्रमुख आरोपी उमर का अपने ही गैंग के दूसरे साथियों से भारी मतभेद था। घटना को अंजाम देने से ठीक पहले भी इनका आपस में बड़ा झगड़ा हुआ था। यह लड़ाई पैसों के अलावा विचारधारा की वजह से भी थी। उमर का हमले को अंजाम देने में शामिल दूसरे साथियों से कई और मुद्दों पर भी गहरा मतभेद था। जांच टीम से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन सबके बीच काम करने के तरीकों और पैसों के बंटवारे को लेकर गंभीर मतभेद थे।

## भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में बोले खेर

**उनके निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' पेश की**

# नॉर्मल का उल्टा 'एबनॉर्मल' नहीं होता बल्कि 'एक्स्ट्राऑर्डिनरी' होता है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में मशहूर फ़िल्मकार, अभिनेता और निर्देशक अनुपम खेर ने अपनी नई निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' पेश की। यह फिल्म ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर रहने वाली एक असाधारण लड़की की कहानी है, जो गलत समझे जाने के बावजूद अपने सैन्य अफसर पिता के कदमों पर चलते हुए आर्मी में जाने का सपना पूरा करने को निकलती है। खेर ने बताया कि यह कहानी उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक अनुभवों से गहराई से जुड़ी है। खेर ने कहा कि हम अक्सर "नॉर्मल" का उल्टा 'एबनॉर्मल' मान लेते हैं, जबकि नॉर्मल का उलट 'एक्स्ट्राऑर्डिनरी' भी हो सकता है।

### शुभांगी ने कहा- मेरे अनुभव को निखारा




फिल्म की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने खेर के अनुशासित और गहन निर्देशन दृष्टिकोण की तारीफ की। उन्होंने कहा, मेरे अनुभव को निखारा।

### ऐसे ही प्रोजेक्ट पर काम कर रहे

उन्होंने कहा कि अब वे उन कहानियों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं जो मानवीय सहनशीलता, संवेदनशीलता और जीवन-परिवर्तन को दर्शाती हैं। खेर ने कहा कि वे ऐसे ही प्रोजेक्ट्स पर काम करते रहेंगे जो मानव भावनाओं के मूल को छूते हों और लोगों को अपने जीवन में सकारात्मक और सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करें।

**गूगल के को-फाउंडर लैरी पेज टॉप-3 में शामिल**

# अमीरो की लिस्ट में नीचे फिसले अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस

एजेंसी ▶▶ दिल्ली

दुनिया की सबसे अमीर हस्तियों की लिस्ट में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलियनायर्स लिस्ट के मुताबिक, गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन अब दुनिया के टॉप-5 सबसे अमीर लोगों में शामिल हो गए हैं। गूगल के नए एआई मॉडल जेमिनी 3की धमाकेदार सफलता ने उनकी संपत्ति में तेज बढ़ोतरी की है। लैरी पेज ने अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पीछे छोड़कर दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति का स्थान हासिल कर लिया। वहीं, सर्गेई ब्रिन ने मेटा सीईओ मार्क जुकरबर्ग को पछाड़कर पांचवां स्थान ले लिया है।एवीएमएच के बर्नार्ड अरनॉल्ट और उनका परिवार दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शामिल बने हुए हैं। इसके अलावा, एनवीडिया के प्रमुख जेनसन हुआंग (155.4 बिलियन डॉलर), निवेश जगत के दिग्गज वॉरेन बफेट (149.0 बिलियन डॉलर) और पूर्व माइक्रोसॉफ्ट सीईओ स्टीव बाल्मर (144.4 बिलियन डॉलर) का नाम शामिल हैं। ये सभी भी टॉप रैंकिंग में मजबूती से टिके हुए हैं।

# दुनिया के सबसे बुजुर्ग पिग्मी दरियाई घोड़े का धूमधाम से मना 52वां जन्मदिन

**न्यूयार्क**। आम तौर पर दरियाई घोड़े 40 से 50 साल तक ही जीवित रहते हैं। हालांकि, अमेरिका में एक बेहद प्यारा दरियाई घोड़ा रहता है, जिसने हाल ही में अपना 52वां जन्मदिन मनाया है। उसका नाम हन्ना शर्ली है, जो दुनिया का सबसे बुजुर्ग जीवित पिग्मी दरियाई घोड़ा है। 20 नवंबर, 2025 को सैन डिएगो ह्यूमेन सोसाइटी के रमोना वन्यजीव केंद्र में धूम-धाम से उसके जन्मदिन की पार्टी मनाई गई। आइए हन्ना से जुड़ी दिलचस्प बातें जानते हैं।



### 1973 में हुआ था हन्ना का जन्म

हन्ना एक मादा पिग्मी दरियाई घोड़ा है, जो एक छोटी और लुप्तप्राय प्रजाति है। इस प्रजाति के दरियाई घोड़े महज 25 से 30 साल ही जीते हैं, लेकिन हन्ना बिलकुल अलग है। उसका जन्म 22 नवंबर, 1973 में हुआ था और उसने इस साल की शुरुआत में लंबी उम्र का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया। हन्ना के जन्मदिन की पार्टी का थीम 'हंगरी हंगरी हिप्पो' यानि 'भूखा भूखा दरियाई घोड़ा' था। इसके दौरान वह रंग-बिरंगी गेंदों से खेलती नजर आई थी।

### कब और कहां मिली थी हन्ना?

2002 में हन्ना को कैलिफोर्निया के एस्कोन्डिडो के एक घर के बगीचे से रेस्क्यू किया गया था। उसे एंडी ब्लू नाम के व्यक्ति ने बचाया था। उनके मुताबिक, उस वक्त भी हन्ना बहुत शांत और मिलनसार थी। तब से वह 13,000 वर्ग फुट के एक आवास में रह रही है, जिसमें एक तालाब और स्विमिंग पूल भी है। यहां हन्ना इतना आलीशान जीवन जी रही है, जिसकी हर कोई कल्पना करता होगा।

### किसी रानी जैसा है हन्ना का जीवन

हन्ना का जीवन बहुत विलासिता में बीत रहा है और वह अपना ज्यादातर समय अपने निजी तालाब में बिताती है। उसे अपना स्विमिंग पूल भी पसंद है, लेकिन तालाब से उसका खास लगाव है।

## नागपुर में मामला दर्ज किया

# आईआईएम छात्र की हिट एंड रन हादसे में मौत, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ नागपुर

नागपुर में शनिवार रात एक सड़क हादसे में आईआईएम नागपुर के छात्र की मौत हो गई। पुलिस के



अनुसार घटना रात करीब 9:30 बजे वर्धा रोड पर स्थित मिहान फ्लाईओवर पर हुई। मृतक की पहचान अनुज पाठक (22) के रूप में हुई है, जो उत्तराखंड का रहने वाला था और आईआईएम नागपुर में पढ़ाई कर रहा था। वह अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल फ्लाईओवर की रेलिंग से जा टकराई और दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी एक राहगीर ने पुलिस को दी है। पुलिस के पहुंचने पर अनुज सड़क पर मृत अवस्था में मिला और उसकी बाइक का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हिट-एंड-रन में शामिल वाहन की पहचान के लिए जांच जारी है।

### क्राइस्ट द किंग फेस्टिवल



रांची। ईसाई समुदाय के लोग रविवार को रांची में 'खीस्त राजा पर्व' (क्राइस्ट द किंग फेस्टिवल) पर एक धार्मिक जुलूस में भाग लेते हुए।

**बिहार में माताओं के दूध में मिला यूरेनियम**

# नवजातों के लिए खतरनाक 6 जिलों में मिले 40 मामले

एजेंसी ▶▶ पटना

नेचर जर्नल में प्रकाशित एक नई वैज्ञानिक स्टडी ने चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। अध्ययन के अनुसार स्तनपान कराने वाली 40 माताओं के ब्रेस्ट मिल्क के सैंपल में यूरेनियम का अत्यधिक उच्च स्तर पाया गया है। यह अध्ययन पटना के महावीर कैंसर संस्थान की ओर से डॉ. अरुण कुमार और प्रो. अशोक घोष की अगुवाई में किया गया, जिसमें एम्स, नई दिल्ली के बायोकैमिस्ट्री विभाग से डॉ. अशोक शर्मा की टीम भी शामिल थी। अक्टूबर 2021 से जुलाई 2024 के बीच किए गए इस शोध में भोजपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, कटिहार और नालंदा की 17 से 35 वर्ष आयु की 40 महिलाओं के ब्रेस्ट मिल्क के नमूनों का विश्लेषण किया गया। सभी नमूनों में यूरेनियम (यू-238) पाया गया, जिसकी मात्रा 0 से 5.25 ग्राम/लीटर के बीच दर्ज की गई। खगड़िया में औसत स्तर



सबसे अधिक, नालंदा में सबसे कम मात्रा पाई गई है। और कटिहार में एकल-नमूने में सबसे अधिक मात्रा पाई गई। लगभग 70 प्रतिशत शिशुओं में ऐसे स्तरों के संपर्क का जोखिम पाया गया, जो संभावित गैर-कार्सिनोजेनिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं। एम्स के को-ऑथर डॉ. अशोक शर्मा ने कहा कि यूरेनियम का स्रोत अभी स्पष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि हम अभी नहीं जानते कि यूरेनियम कहां से आ रहा है।

### पर्यावरणीय स्थिति ने बढ़ाई समस्या

बिहार में पेयजल और सिंचाई के लिए भूजल पर अत्यधिक निर्भरता, बिना ट्रीटमेंट वाले औद्योगिक अपशिष्टों का निस्तारण और लंबे समय से रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के उपयोग ने पहले ही जीव वैज्ञानिक नमूनों में आर्सेनिक, लेड और मरकरी जैसी धातुओं का स्तर बढ़ा दिया है। अब ब्रेस्ट मिल्क में यूरेनियम की मौजूदगी यह संकेत देती है कि प्रदूषण राज्य की सबसे कमजोर आबादी- शिशुओं- तक पहुंच गया है।

## अयोध्या स्थित राम मंदिर में कल होगा ध्वजारोहण समारोह

# स्वस्ति वाचन व पुष्प वर्षा से पीएम मोदी की होगी शाही अगवानी

## मुख्य द्वार पर गूंजेगी शंख व घंटा घड़ियाल की ध्वनि

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या स्थित राम मंदिर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाने का रूट तय हो गया है। वे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से साकेत कॉलेज में बने हेलीपैड पर आएंगे। यहां से रामपथ से होते हुए जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार से श्रीराम जन्मभूमि में प्रवेश करेंगे। वैदिक परंपरा के अनुसार पीएम मोदी के भव्य स्वागत के लिए स्वस्ति वाचन होगा। 501 बटुक ब्राह्मणों द्वारा स्वस्ति वाचन, संत-महंतों के शंखनाद और घंटा-घड़ियाल की पवित्र ध्वनि के मध्य प्रधानमंत्री का स्वागत होगा।




ध्वजारोहण की तैयारियां

### 7 स्थानों पर सांस्कतिक कार्यक्रम होंगे

जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार तक रामपथ के दोनों ओर खड़े अयोध्यावासी पुष्पवर्षा के माध्यम से पीएम का अभिनंदन करेंगे। स्वागत के लिए 12 मंच बनाए जाएंगे। वहां से पुष्प वर्षा की जाएगी। स्वागत पथ पर सात स्थानों पर सांस्कतिक कार्यक्रम होगा। साथ पीएम मोदी का स्वागत होगा।

**संगीत, नृत्य लोक कलाएं भी दिखेंगी**

ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का भी आयोजन होगा। इस उत्सव में भारतीय परंपराओं, अध्यात्म और लोक कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर संगीत, नृत्य, लोक कलाओं व पारंपरिक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण होंगी।

### शास्त्रीय कलाओं की छटा भी देखने को मिलेगी

भजन गायन से लेकर ब्रज की पारंपरिक लोक धुनों तक और प्रदेश के विभिन्न अंचलों के लोक गायन दल अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरों में पिरोकर प्रस्तुत करेंगे। शहनाई, सारंगी, पखावज, बांसुरी, सरोद और सितार जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की विशेष प्रस्तुतियां आयोजन को आध्यात्मिक आभा से आलोकित करेंगी। लोगों को अद्भुत छटा देखने को मिलेगी। एक ही मंच पर मयूर, राई, फरूवाही, बधावा, अवधी, करमा, ढेढिया भी दिखाई देंगे। धोबिया, कहरवा, वनटांगिया और बारहसिंहा जैसे लोकनृत्य इस आयोजन का विशेष आकर्षण होंगे।

**कार्यालय वन मण्डलाधिकारी छतरपुर सामान्य वनमंडल**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में वनमण्डल छतरपुर के परिक्षेत्र छतरपुर अंतर्गत वन परिक्षेत्राधिकारी छतरपुर आवास निर्माण का कार्य कराये जाने के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा दस्तावेज/प्रारूप/शर्तो का क्रय मध्यप्रदेश ऑनलाईन निविदा प्रणाली की बेबसाईट www.mptenders.gov.in से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है ।

| क्रमांक | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | www.mptenders.gov.in |
| 2 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 5000 /- रुपये ( पांच हजार रुपये मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि | 96180/- |
| 4 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय | दिनांक 24/11/25 को सुबह 11.00 AM |
| 5 | प्रीबिड मीटिंग | दिनांक 01/12/25 को सुबह 11.00 AM |
| 6 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 08/12/25 को सुबह 05.00 PM |
| 7 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | दिनांक 09/12/25 को सुबह 06.00 PM |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा में अभिलेख परीक्षण उपरांत निविदाकार मूल्यांकन समिति की अनुशंसा उपरांत |

G-21910/25

वन मण्डलाधिकारी
छतरपुर सामान्य वनमंडल

## चिंतन

# भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए लेना होगा संकल्प

ज्ञान के मामले में प्राचीन भारत विश्व गुरु था। दुनियाभर से लोग हमारे यहां ज्ञान अर्जित करने आते थे। इसीलिए भारत को विश्वगुरु भी कहा गया, लेकिन अनेक आक्रांताओं को महान भारत का यह प्रभाव रास नहीं आया। हजारों साल तक आक्रमणकारियों के पैरों तले रौंदा गया। हमें गुलामी में जीना पड़ा। धार्मिक स्थलों को नष्ट किया गया। जबरदस्ती धर्मांतरण हुए। हमारे संस्कार, संस्कृति को नष्ट करने पर भरपूर प्रयास किए गए। एक के बाद एक लूट की वारदातें हुईं। इसके बाद अंग्रेजों ने 200 साल तक राज किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय संसाधनों का जमकर दोहन किया, वहीं नागरिकों का जमकर शोषण किया। अंग्रेजों ने खूब लूटा। ऑक्सफैम इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ कि ब्रिटेन ने 1765 से 1900 के बीच एक शताब्दी से अधिक समय के औपनिवेशिक काल के दौरान भारत से 64,820 अरब अमेरिकी डॉलर की रकम निकाली और इसमें से 33,800 अरब डॉलर देश के सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोगों के पास गए। यह आंकड़ा सिर्फ 135 साल में निकाले गए पैसों का है और केवल वही है, जो रिकार्ड में दर्ज है। इसके अलावा बड़ी रकम है जो कहीं लिखी ही नहीं की गई, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सही कहा है कि हम विश्व गुरु बन सकते हैं। वो वैभव के दिन नहीं रहे, लेकिन आक्रमण के दिन भी चले गए। अब हम राममंदिर पर झंडा फहरा रहे हैं। अंतरिक्ष में नई छलांग लगा रहे हैं। हम दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था हैं। अब एक बार फिर हम विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ रहे हैं। विश्व गुरु बनने की चर्चा ज्ञान, विज्ञान, और संस्कृति के आधार पर होती है। इसका लक्ष्य ज्ञान का प्रकाश फैलाना, आधुनिकता के साथ प्राचीन मूल्यों को जोड़ना और 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर आधारित विश्व का मार्गदर्शन करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना, कौशल विकास, उद्यमिता, और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता है। कुछ लोग मानते हैं कि भारत पहले से ही विश्व गुरु था और यह प्रक्रिया केवल दोबारा उसे प्राप्त करने की है, जबकि कुछ का मानना है कि इसे संकल्प के रूप में साकार करने की आवश्यकता है। यह सही है कि मत अलग- अलग हो सकते हैं, लेकिन पूरे देश का लक्ष्य एक है। विश्व गुरु बनने से पहले सबसे ज्यादा जरूरी है कि शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जाए। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना और शिक्षा प्रणाली में सुधार करना बहुत जरूरी है। सरकार ने नई शिक्षा नीति से आगाज किया है, लेकिन इसका लाभ सबको मिले, इसके लिए प्रयास करने की जरूरत है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना। नवाचार से ही दुनिया में विकास का डंका बजाया जा सकता है। दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ने के लिए सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और किसी भी प्रकार के भेदभाव को खत्म करना होगा। यह विकास में सबसे बड़ी बाधा है। हम एक मिसाल कायम कर सकते हैं कि कैसे आधुनिकता की ओर बढ़ते हुए भी खुद को बेतुके पश्चिमीकरण से बचाया जा सकता है। अगर हम ऐसा करने में कामयाब रहे तो वो दिन दूर नहीं, जब पूरी दुनिया में हमारा डंका बजेगा और एक बार फिर हम विश्व गुरु होंगे।



जन्म शताब्दी वर्ष

अजय कुमार श्रॉफ

# प्रेम व करुणा के अवतार थे सत्य साई बाबा

> श्री सत्य साई बाबा ने 14 वर्ष की आयु में ही 'सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित हैं। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश ' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया।

श्री सत्य साई बाबा का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। उनका जन्म 23 नवंबर 1926 को वेंकप्पा राजू और ईश्वरम्मा के घर पुट्टपर्थी नामक गांव में हुआ था। 14 वर्ष की आयु में ही उन्होंने ' सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। सत्य साईं बाबा का असली नाम रत्नाकरम सत्यनारायण राजू था। उनके जीवन और करिश्मों को देखकर उनके भक्तों का मानना है कि वे शिरडी साईं बाबा के दूसरे अवतार थे। बताया जाता है कि साल 1940 में जब सत्यनारायण राजू 14 साल के थे, उन्हें एक बिच्छू ने काट लिया। इसके बाद वे कई घंटे बेहोश रहे। जब होश आया, तो उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी थी। अचानक वे संस्कृत में बोलने लगे, जो उन्होंने कभी पढ़ा या सुना भी नहीं था। इसके कुछ समय बाद उन्होंने अपने परिवार को चौंकाते हुए हवा में मिठाई और फूल निकाल कर दिखाए। उनके पिता इस पर बहुत गुस्सा हुए और उन्होंने सीधे सच पूछ लिया, तभी सत्य साईं ने कहा कि वे शिरडी साईं बाबा के अवतार हैं।

श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 24 अप्रैल 2011 को भगवान बाबा की महासमाधि के बाद 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। जैसा कि श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास दोहराते हैं कि यह सत्य साई बाबा की दिव्य इच्छा ही थी जो अंततः उन्हें और सत्य साई संजीवनी को देश के इस हिस्से में ले आई। फिर भी, स्थान चुनने से लेकर विशेषज्ञता एवं हर चरण में बाबा ने उनका मार्गदर्शन किया। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह जानकर खुशी होती है कि इस अस्पतालों में लगभग 4 लाख मरीज़ परामर्श के लिए आ चुके हैं और 38,000 से ज़्यादा सर्जरी पूरी तरह निःशुल्क सर्जरी की जा चुकी हैं। सत्य साई संजीवनी दुनिया भर में छत्तीसगढ़ की पहचान बन गयी है। इसने राज्य की पूरी तस्वीर ही बदल दी है। भारत के समस्त राज्यों के बाल हृदय रोगी इलाज के लिए राजधानी और महानगरों की बजाय रायपुर आ रहे हैं। यह 'उलटा रुझान' अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है। डॉ. सी. श्रीनिवास का कहना है कि इस अस्पताल से स्वस्थ हुए बच्चे हृदय के आकार के अस्पताल को देखते ही उछल पड़ते हैं और खुशी से ' यूरेका... यूरेका ' कहते हैं, तो मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है । यही वह अस्पताल है जहां मुझे दूसरा जीवन यानी संजीवनी मिली थी। इस कथन का कोई पर्याय नहीं है। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में दिन की शुरुआत दैनिक प्रार्थना से होती है और जीवन का उपहार के साथ समाप्त होती है। दैनिक प्रार्थना में, हम सभी मरीजों की लंबी आयु और शीघ्र छुट्टी के लिए प्रार्थना करते हैं। हमारे ऑपरेशन थिएटरों में, हमने लिखा है कि 'साई ही सर्जन' हैं। इसका तात्पर्य है कि हम सब कुछ अपने पूज्य भगवान श्री सत्य साई बाबा को समर्पण करते हैं। हमारी सर्जरी का सफलता दर वाकई सराहनीय है और इस का श्रेय हमारी मेडिकल नर्सिंग और सर्जिकल टीमों के अथक और दृढ़ प्रयास को जाता है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सी राजेश्वरी का नाम उल्लेख करना अत्यंत



प्रासंगिक होगा। वे भगवान बाबा के आह्वान पर अमेरिका में अपनी प्रतिष्ठित नौकरी और शानदार करियर छोड़कर भारत आईं। वास्तव में, उन्होंने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा की क्रांतिकारी अवधारणा की नींव रखी। जैसा कि कहा जाता है, ' इतिहास खुद को दोहराता है '। डॉ. श्रीनिवास अपनी माताश्री डॉ. सी राजेश्वरी के निःशुल्क सेवा मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। सत्य साई संजीवनी महज एक अस्पताल नहीं बल्कि आरोग्य का मंदिर है। यहां कोई लेन-देन नहीं होता, केवल सकारात्मक परिवर्तन होता है। बिना कैश काउंटर वाले अस्पताल का जादुई टैग दिल के मरीजों की सबसे पहली पसंद है। निःशुल्क सर्जरी की भविष्य से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न के उत्तर में डॉ. श्रीनिवास कहते हैं कि हम निःशुल्क सर्जरी नहीं करते बल्कि यह निःशुल्क सेवा है। बाबा सेवा को निःस्वार्थ, अहंकार रहित, अभिमान रहित क्रिया कहते हैं। निःशुल्क सेवा का व्यक्ति और समाज पर चिरस्थायी प्रभाव पड़ता है। सत्य साई बाबा स्वयं गुरु हैं। हम मात्र साधन हैं और केवल उनकी इच्छा से निर्देशित होते हैं। उनका मिशन हमारे साथ भी और हमारे बिना भी जारी रहेगा। सच तो यह है कि नवा रायपुर केंद्र ने मानव जाति की शानदार सेवा के 13 वर्ष पूरे कर लिए हैं। डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि यह पैसा नहीं बल्कि लाखों जरूरतमंद लोगों का दृष्टिकोण और शुद्ध सद्भावना है जो हमें आगे बढ़ाती है। नवा रायपुर केंद्र में शताब्दी समारोह की शुरुआत पवित्र साई माह नवंबर के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अस्पताल आगमन से हुई। सौभाग्यम के गर्भगृह में मरीजों से बातचीत करते हुए, उन्होंने भगवान बाबा के परोपकारी कार्यों का बखान किया। उन्होंने संजीवनी को प्रेम और करुणा का केंद्र बताया। वास्तव में सत्य साई संजीवनी अस्पताल विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत में सराहनीय योगदान दिया है। समाज, संस्था और सरकार का संगम संजीवनी में होता है। हमारा लक्ष्य वंचितों तक पहुंचकर उनकी सेवा करना है।

हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ भारत का पहला बाल हृदय मुक्त राज्य बने। 13 वर्षों की सेवा के बाद, हमने महसूस किया है कि रायपुर में भारत की बाल हृदय राजधानी बनने की भी क्षमता है। भगवान के सपने भगवान की दिव्य इच्छा के कारण आते हैं। सत्य साई संजीवनी की वसुधैव कुटुंबकम से लेकर सभी को प्यार करो, सभी को सेवा दो से लेकर समस्त लोकाः सुखिनो भवन्तु तक की यात्रा में; वहां केवल प्यार है। प्यार ही प्यार को जन्म देता है। बता दें कि साल 1944 में साई बाबा के भक्तों ने उनके लिए एक मंदिर बनवाया। साल 1948 में पुट्टपर्ती में एक बड़ा आश्रम बना, जिसे प्रशांति निलयम कहा गया। यही उनके जीवन का मुख्य केंद्र बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को पुट्टपर्थी का दौरा किया था, जिसे 'शक्तिस्वरूपिणी दिवस' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साई बाबा प्रेम और करुणा के अवतार थे। यह जानकर प्रसन्नता हुई कि 140 देशों के लाखों भक्त उनकी महासमाधि के बाद भी निःस्वार्थ सेवा के उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। यह उनके अद्वितीय व्यक्तित्व का परिचायक है। एसएआई का अर्थ है सेवा, आराधना और ज्ञान। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश ' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया। उनके पावन 100वें जन्म दिवस पर आइए हम मन, वचन और कर्म से मानवता की सेवा करने का संकल्प लें। यदि हम उनके मिशन के माध्यम बन सकें, तो यही दिव्य गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## शहीदी दिवस

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# सनातन संस्कृति की रक्षा में समर्पित रहे गुरु तेग बहादुर

सिक्खों के नौवें गुरु के रूप में विख्यात तेग बहादुर जोकि गुरु हरगोबिंद के सबसे छोटे पुत्र थे, को 1664 ई. में गुरु नियुक्त किया गया। सिख धर्म का प्रचार करने के लिए इन्होंने पूरे भारत का भ्रमण किया। गुरु तेग बहादुर का संपूर्ण जीवन मानवीय मूल्यों और हिंदू धर्म की रक्षा हेतु समर्पित था। हिंद की चादर, भारत का कवच इन उपाधियों से गुरुजी पूरे भारतवर्ष में विख्यात थे। गुरु तेग बहादुर के समय क्रूर अत्याचारी मुगल सम्राट औरंगजेब के अत्याचार अपने चरम पर थे। तलवार के बल पर पैशाची औरंगज़ेब के लिए बाध्य कर रहा था। ऐसी विकट परिस्थितियों में कश्मीरी पंडितों का एक समूह गुरु तेग बहादुर के पास हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गया। दया, शनं करुणा शौर्य की प्रतिमूर्ति गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों के आग्रह को स्वीकार करके औरंगजेब से टकराने का संकल्प किया। गुरु तेग बहादुर की ख्याति उस समय चारों तरफ थी।

औरंगजेब को जब इस बात का पता चला तो उसने गुरु तेग को अनेक प्रकार से डराने व धमकाने का प्रयास किया। दृढ़ ईश्वर विश्वासी, न्याय प्रिय, करुणा, दया और शौर्य के पुंज तेग बहादुर अपने निर्णय पर अडिग रहे और उन्होंने औरंगजेब द्वारा चलाए जा रहे धर्मांतरण का व्यापक विरोध किया। औरंगजेब ने गुरू बहादुर को झुकाने के लिए उनके साथी भाई मतिदास को आरे से चिरवाया, भाई दयाला को उबलते पानी में फेंक दिया गया, गुरु तेग बहादुर के साथी भाई सती दास को जिंदा जलवा दिया गया। ये सभी मार्मिक हृदय विदीर्ण कर देने वाली भयानक घटनाएं गुरु तेग बहादुर के सामने घटित



हुई, फिर भी हिंदू संस्कृति और धर्म के संरक्षक तेग बहादुर अपने दृढ़ निश्चय से विचलित नहीं हुए। औरंगजेब ने गुरु जी को इस्लाम धर्म स्वीकार करने के लिए मजबूर किया परंतु वह उनके संकल्प और साहस को परास्त नहीं कर सका। औरंगजेब ने गुरु जी के आगे दो शर्तें रखीं कि वे इस्लाम और मृत्यु में से किसी एक का चुनाव कर लें। हिंदू धर्म की रक्षा हेतु इस महान योद्धा ने मृत्यु को चुना पर आततायी औरंगजेब के आगे नतमस्तक नहीं हुए। गुरुजी अंतिम सांस तक धर्मांतरण के विरुद्ध लड़ते रहे। 24 नवंबर 1675 को सिख धर्म के इस महान योद्धा ने दिल्ली के चांदनी चौक पर अपना शीश भी बलिदान कर दिया। दिल्ली का शीशगंज गुरुद्वारा नौ ऐतिहासिक गुरुद्वारों में से एक माना जाता है, यहीं पर गुरुजी ने अपना शीश बलिदान किया था। उनके शरीर को उनके शिष्य आनंदपुर साहिब ले गए, जहां आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब स्थित है। सिख धर्म के यह दोनों पवित्र स्थान आज भी गुरु तेग बहादुर के सर्वोच्च बलिदान के साक्षी हैं। गुरु तेग बहादुर युद्धशास्त्र, धर्मशास्त्र के मर्मज्ञ थे। युद्ध में उनकी तलवार (तेग) चलाने की कुशलता को देखकर ही उनके पिता ने उनका नाम तेग बहादुर रखा। 1665 से 1675 तक अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में गुरु तेग बहादुर सिख धर्म के प्रचार और हिंदू धर्म की रक्षा में सदैव तत्पर रहे। गुरुजी के उपदेशों का संग्रह गुरु ग्रंथ साहिब में किया गया है। उन्होंने 700 से अधिक श्लोक लिखे हैं जिन्में ईश्वर, जीवन, मृत्यु और मुक्ति जैसे गहन आध्यात्मिक विषयों पर अपना स्वर्णिम चिंतन प्रस्तुत किया है। गुरु तेग ने केवल न्याय प्रिय मानवाधिकारों के रक्षक तथा बहादुर महान योद्धा थे बल्कि वह आध्यात्मिक चिंतक भी थे। पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में गुरुजी मानव जीवन का लक्ष्य इंगित करते हुए लिखते हैं कि - गुरु गोविन्द गायो नहीं, जनम अकारन कीन। कहो नानक हर भज मना, जहे बिद जल को मीन। अर्थात मनुष्य जीवन प्राप्त करके जिसने श्रेष्ठ गुरु और ईश्वर का आश्रय नहीं लिया उसका जीवन वैसे ही व्यर्थ है जैसे बिना जल के मछली का। मनुष्य को परमार्थ चिंतन के लिए सचेत करते हुए गुरुजी लिखते हैं कि- 'बिरद पयो सूजै नहीं, काल पहुँचियो आन। कहो नानक नर बावरे, क्यों न भजै भगवान।' अर्थात बुढ़ापा आने पर तथा मृत्यु निकट आने पर भी वे मनुष्य पागल हैं जो ईश्वर का भजन नहीं करते। गुरु तेग बहादुर महान निडर, दयावान योद्धा होने के साथ-साथ आध्यात्मिक एवं दार्शनिक चिंतक थे। सर्वोत्तम बलिदान के प्रतीक तेग बहादुर की शौर्य गाथा सिख समाज और हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए प्रेरणा पुंज के समान है।

( लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित

## दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया। यही ज्ञान, भक्ति और कर्म की पूर्णता है।

# गलत काम जीवन की तपस्या बर्बाद कर सकता है



संकलित

## प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सब कुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### वायु प्रदूषण प्राणी जाति के लिए खतरा

दिल्ली और अन्य कुछ राज्यों में बढ़ता वायु प्रदूषण चिंता का विषय बन गया है। कुछ राज्यों में सुबह-सुबह ही शुद्ध साफ-सुथरी हवा के समय प्रदूषित हवा से सामना करना पड़ता है। यहां सुबह की सैर भी अब खतरे से खाली नहीं है। लेकिन सवाल तो यह है कि देश में केंद्र और राज्यों में पर्यावरण विभाग हैं, इसमें मंत्री और अफसरों और अन्य कर्मचारियों को करोड़ों का वेतन और भत्ते भी दिए जाते हैं और आमजन से ग्रीन टैक्स, और न जाने पर्यावरण संरक्षण के लिए टैक्स किसी न किसी रूप में वसूला जाता है लेकिन फिर भी देश में प्रदूषण को रोकने के लिए गंभीरता से काम नहीं किया जा रहा है। क्यों नहीं यह चुनाव में वैसा मुद्दा बनता है जैसे आरक्षण, जातिवाद, धर्म आदि के मसले मुद्दे बन जाते हैं। *-वरुण झा, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# दुनिया ने जलवायु परिवर्तन की बाजी हारी, तापमान बढ़ा

दस साल पहले दुनिया के नेताओं ने एक ऐतिहासिक दांव लगाया था। वर्ष 2015 के पेरिस समझौते का उद्देश्य मानवता को जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों से बचाने के रास्ते पर लाना था। एक दशक बाद, ब्राजील के बेलेम में आयोजित जलवायु सम्मेलन के बिना निर्णायक कार्रवाई के समाप्त होने के बाद, हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि मानवता यह दांव हार चुकी है। तापमान वृद्धि 1.5° डिग्री सेल्सियस से अधिक होने वाली है। दुनिया और भी अशांत और खतरनाक होती जा रही है। तो, असफलता के बाद क्या होता है? इस प्रश्न का उत्तर देने के हमारे प्रयास ने इस वर्ष की शुरुआत में हैम्बर्ग में एक बैठक के लिए अर्थ लीग- वैज्ञानिकों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जिसके साथ हम काम करते हैं - को एकत्रित किया। इस सवाल का जवाब ढूंढने की हमारी कोशिश ने इस साल की शुरुआत में हैम्बर्ग में अर्थ लीग- वैज्ञानिकों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जिसके साथ हम काम करते हैं- की एक बैठक बुलाई।



महीनों के गहन विचार-विमर्श के बाद, इस सप्ताह इसके निष्कर्ष प्रकाशित हुए, जिसमें यह परिणाम निकाला गया कि मानवता 'सीमाओं से परे जी रही है'। 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर चरम जलवायु घटनाएं, जैसे सूखा, बाढ़, आग और गर्म लहरों की संख्या बढ़ती हैं।

## ऑफ बीट

# क्या कौए सचमुच चतुर और बुद्धिमान होते हैं

यह कोई रहस्य नहीं है कि कौए उल्लेखनीय संज्ञानात्मक क्षमताओं से संपन्न होते हैं। इंटरनेट कौए की आवाज की नकल करने या दिमाग लगाने वाले जटिल गेम को हल करने के वीडियो से भरा पड़ा है। लेकिन क्या ये पक्षी उतने ही बुद्धिमान हैं जितना उन्हें समझा जाता है? कठोर आवरणयुक्त फल तोड़ने वाली पहेली। कौए में बेहतर बुद्धि की अवधारणा का समर्थन करने के लिए सबसे अधिक उद्धृत अध्ययनों में से एक कौए द्वारा फल के कठोर आवरण युक्त फल (नट) को तोड़ने के लिए कारों का इस्तेमाल करना है। 1978 में, कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने देखा कि अमेरिकी कौए सड़क पर अखरोट फेंकते थे, फिर उनके किसी कार से कुचले जाने का इंतजार करते थे और फिर टूटे हुए फल खाते थे। हालांकि, शोधकर्ताओं ने पाया कि जब कोई कार आ रही थी तो कौए अपने आवरणयुक्त फल सड़क पर नहीं फेंकते थे। इसके अलावा अध्ययन किए गए 200 मामलों में से, शोधकर्ताओं ने कभी भी किसी कार को किसी फल के आवरण को कुचलते हुए नहीं देखा। इससे पता चला कि यह सिद्धांत कि कौए जानबूझकर कार को अखरोट तोड़ने के रूप में उपयोग कर रहे थे, वास्तव में गलत था।



## ट्रेंड

### जापान से साझेदारी



जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ सार्थक बैठक हुई। हमने नवाचार, रक्षा, प्रतिभा गतिशीलता आदि क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गति देने के उपायों पर चर्चा की। एक बेहतर ग्रह के लिए भारत-जापान की मज़बूत साझेदारी ज़रूरी है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सिंधी समाज का हक



भारतीय जनता पार्टी हमेशा से सिंधी समाज के हक और उनकी अधिकार के पक्ष में खड़ी रही है। सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने 1957 में पहला गैर-सरकारी विधेयक पेश कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### देशभर में अफरा-तफरी



एसआईआर के नाम पर देशभर में अफरा-तफरी मचा रखी है। भारत दुनिया के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर बनाता है, मगर भारत का चुनाव आयोग आज भी कागज़ों का जंगल खड़ा करने पर ही अड़ा है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### प्रदूषण नियंत्रण



271 वाटर स्प्रिंकलर्स लगातार 24 घंटे दिल्ली की सड़कों पर लगभग 1 लाख लीटर ट्रीटेड पानी का छिड़काव कर रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण के लिए हर मोर्चे पर हमारी टीमें ऑन-ग्राउंड एक्शन में हैं और पूरी तत्परता से कार्य कर रही हैं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## देहात पुलिस ने की कार्यवाही, नशे कारोबारियों में मचा हड़कंप

# दो युवकों को एमडी ड्रग्स के साथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा





देहात थाना पुलिस ने दो युवकों को एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। मुखबिर द्वारा सूचना के बाद एसपी के निर्देशन में देहात पुलिस ने टीम गठित कर 22 नवंबर को आरक्षक 779 सौरभ बघेल, आरक्षक 414 बृजेश पाल के साथ आरोपियों की पतासाजी करने रवाना हो गए।

गांगीवाडा रिंग रोड पर जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि रोहना बायपास के पास दो व्यक्ति एक ग्रे कलर की बिना नंबर की एक्टीवा स्कूटी में खड़े है, वह दोनो अपने पास में अवैध मादक पदार्थ एम. डी. ड्रग्स पाउडर किसी ग्राहक को बैचने के लिये रास्ता देख रहे है।

जो तत्काल थाना प्रभारी देहात निरी. गोविंद सिंह राजपूत द्वारा अपने अधीनस्थ स्टाफ से दविश दिलवाकर दोनों आरोपी गण को अभिरक्षा में लेकर अतिक अहमद के पास मिले मादक पदार्थ एमडी पाउडर कुल बजनी ट्रांसपेरेंट पन्नी सहित 6 ग्राम 57 मिली. ग्राम एंव आदिल शेख के पास मिले मादक पदार्थ एमडी पाउडर कुल बजनी ट्रांसपेरेंट पन्नी सहित 7 ग्राम 05 मिली ग्राम जप्तशुदा मशरूका मादक पदार्थ एमडी, पाउडर कुल वजनी 13 ग्राम 62 मिलीग्राम होंडा कम्पनी की एक्टिवा स्कूटी, तीन नग मोबाईल क्रमशः रेडमी-9, सेमसंग एफ-41 मोबाईल, वीवो एफ-1-एस जप्त की गई।

आरोपिया द्वारा पूछताछ पर नागपुर से एमडी ड्रग्स पाउडर लाकर सिंगोडी के नौसाद शेख के साथ मिलकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मादक पदार्थ को बेचना बताए हैं। प्रकरण में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है। देहात पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमाकः 550/2025 धारा 8/22, 29 NDPS ACT का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में फरार आरोपी नौसाद शेख निवासी सिंगोडी एवं नागपुर का व्यापारी जिसने उक्त माल बेचने के लिए दया था, फरार हैं। जिसकी तलाश हेतु थाना देहात पुलिस की अलग-अलग टीमें संभावित स्थानों पर दबिश देकर तलाश कर रही है।

### इनकी रही अहम भूमिका

निरी. गोविंद सिंह राजपूत, सउनि, संदीप सिंह राजपूत, आरक्षक 779 सौरभ बघेल, आर. 414 बृजेश पाल, सायबर सेल से प्रआर. 811 नितिन, आर. 842 आदित्य, आर. 485 अंकित शर्मा की विशेष भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा टीम को पुरस्कृत की जाने की घोषणा की गई है।

### गिरफ्तार आरोपी

(1) आतिक अहमद पित्ता जमील अहमद उम्र 19 साल निवासी गिट्टीखदान शीलानगर थाना गिट्टीखदान जिला नागपुर (2) आदिल शेख पिता शेख सकील उम्र 21 साल निवासी गिट्टीखदान शीलानगर थाना गिट्टीखदान जिला नागपुर ।

### फरार आरोपी

(1) नौसाद शेख निवासी सिंगोडी जिला छिन्दवाडा, (2) नागपुर का व्यापारी

### जप्तशुदा मशरूका

(1) मादक पदार्थ एमडी. पाउडर कुल वजनी 13 ग्राम 62 मिलीग्राम कुल कीमति करीबन 40,860 रूपये (2) होंडा कम्पनी की एक्टिवा स्कूटी कीमति करीबन 1,20,000 रूपये की (3) तीन नग मोबाईल क्रमशः रेडमी-9 कीमति करीबन 14,000 रूपये, सेमसंग एफ-41 मोबाईल कीमति करीबन 16,000 रूपये, वीवो एफ-1-एस कीमति करीबन 18,000 रूपये कुल जुमला रकम 2,08,860 रूपये।

## लोगों ने 112 पर शिकायत कर पुलिस को बुलाया

# प्रार्थना सभा में गई पत्नी, पति ने लगाया धर्मान्तरण का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया के ई डी सी में स्तिथ चर्च में प्रार्थना सभा के दौरान हल्का विवाद देखने को मिला । विवाद बिजोरी के आदिवासी व्यक्ति और और चर्च के पादरी के बीच हुआ । उक्त व्यक्ति की पत्नी प्रार्थना सभा में गई थी । व्यक्ति ने चर्च के पादरी पर धर्मान्तरण करने का आरोप लगाया है ।तामिया के बिजोरी में रहने वाले राहुल उइके ने बताया कि उसकी पत्नी कोरोना काल के बाद से उसकी एक अन्य सहेली के साथ अक्सर ईसाईयों की प्रार्थना सभा में शामिल होती रही है । उसके द्वारा इस बात पर कई बार एतराज जताया गया । उसके बाद उसकी पत्नी ने प्रार्थना सभाओं या ईसाईयों के विभिन्न कार्यक्रमों में जाना कम कर दिया । रविवार 23 नवंबर को वह बिना बताये अपनी परिचित महिला के साथ परासिया चर्च आई , उसका पति भी पीछे आया और चर्च में जाकर देखा तो प्रार्थना चल रही थी , उसकी पत्नी भी वहां थी । राहुल उइके ने इस मामले में पादरी से बात की । उसने कहा कि भोले - भाले आदिवासियों को बहला - फुसला कर उनका धर्म परिवर्तन क्यों कराया जा रहा है । इसी बात पर हल्का विवाद भी हुआ , और युवक मामले की शिकायत करने थाने पहुंचा । यदि वह दुबारा ऐसा कुछ देखें तो तत्काल 112 पर शिकायत कर पुलिस को बुलाये ।

# बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**सतना।** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह (भा.पु.से.) के सख्त निर्देशन पर,उचेहरा थाना पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।यह सक्रिय कार्रवाई प्रेमलाल कुर्वे,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) सतना,और रघु केशरी नागौद,के मार्गदर्शन में की गई।थाना प्रभारी उचेहरा और उनकी टीम ने आरोपी को फरार होने का मौका दिए बिना,त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना उचेहरा की निवासी एक फरियादिया (पीड़िता) ने थाना उचेहरा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार,उसके चचेरे भाई लुका उर्फ दीनदयाल कुशवाहा ने उसे घर में खाना बनाने के बहाने बुलाया और घर के अंदर उसके साथ गलत काम किया। फरियादिया की शिकायत पर,थाना उचेहरा में तत्काल अपराध क्रमांक 436/25 के तहत धारा 64(1) और 127(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए,पुलिस टीम को तुरंत रवाना किया गया। पुलिस ने बिना किसी देरी के आरोपी लुकाउर्फ दीनदयाल कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद,आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

# अंधविश्वास की काली छायाः सिंचौरा में महिला की निर्मम हत्या



**शहडोल।** जहां एक ओर देश विज्ञान और आधुनिकता की सीढ़ियां चढ़ रहा है, वहीं जिले के सिंचौरा गांव में अंधविश्वास की जड़ों ने एक बार फिर एक निर्दोष की जान ले ली। सीधी थाना क्षेत्र अंतर्गत 50 वर्षीय राजवती गोंड की कुल्हाड़ी से काटकर की गई नृशंस हत्या ने पूरे अंचल को स्तब्ध कर दिया है, और गांव में खौफ का माहौल पैदा हो गया है। 14 नवंबर की रात राजवती गोंड अपने कमरे में अकेली सो रही थीं, तभी पड़ोस में रहने वाला पप्पू सिंह गोंड चुपके से घर में घुसा। हत्यारे ने सोते हुए महिला की गर्दन पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे मौके पर ही राजवती की मौत हो गई। पुलिस जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे चौंकाने वाले हैं। आरोपी पप्पू सिंह गोंड की बड़ी बेटी की कुछ समय पहले पानी में डूबने से मौत हो गई थी, जिसे परिवार ने हादसा माना था, लेकिन अंधविश्वास में जकड़े पप्पू ने यह वहम पाल लिया कि उसकी बेटी की मौत सामान्य नहीं, बल्कि जादू-टोना के कारण हुई है और इसके लिए उसने मृतका राजवती को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहरा दिया। हत्या वाली रात आरोपी ने खाना खाने के बाद अपनी पत्नी और बच्चों की रोकने की तमाम कोशिशों को दरकिनार कर दिया। वह गुस्से में कुल्हाड़ी लेकर राजवती के घर पहुंचा और इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया। वारदात के बाद पप्पू सिंह अगले दिन ढोलर गांव में दोस्तों के साथ घूमता रहा और फिर फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुष्टि की है कि अब तक मिले साक्ष्य हत्या का संदेह सीधे पप्पू सिंह पर दर्शाते हैं। पुलिस की टीमें आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही हैं। कप्तान ने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## फोर व्हीलर-ट्रक में आमने-सामने की टक्कर, 8 घायल, एक की हालत नाज़ुक

**उमरिया।** जिले के चंदिया थाना क्षेत्र में दर्दनाक सडक़ हादसा सामने आया, जिसमें एक तूफान फोर व्हीलर और ट्रक की सीधी भिड़ंत में 18 लोग घायल हो गए। घटना बरम बाबा के समीप सुबह लगभग 5:30 बजे की है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि फोर व्हीलर का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया और वाहन के अंदर बैठे लोग चीख उठे। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और तुरंत पुलिस एवं 108 एंबुलेंस सेवा को खबर दी। जिला 108 सेवा प्रबंधक सत्येंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन पर तीन एंबुलेंस मौके पर पहुँचीं। टीम ने गंभीर रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार देने के बाद तत्काल जिला चिकित्सालय उमरिया रवाना किया।

## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, स्कॉर्पियो समेत नौ आरोपी गिरफ्तार

# तंत्र-मंत्र के नाम पर कछुओं की तस्करी





हरिभूमि न्यूज लांजी।

वन्यजीव संरक्षण कानून के बावजूद तंत्र-मंत्र और अंधविश्वास के नाम पर अवैध वन्यजीव व्यापार का नेटवर्क अब भी सक्रिय है। इसी कड़ी में वन विभाग ने महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए दो संरक्षित कछुओं के साथ नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में प्रयुक्त एक महिन्द्रा स्कॉर्पियो वाहन भी जप्त किया गया है। यह कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक गौरव चौधरी के निर्देश, वन मंडलाधिकारी अधर गुप्ता तथा उप वनमंडलाधिकारी राकेश कुमार अड़कने के मार्गदर्शन में की गई। मिली सूचना के आधार पर वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी की टीम ने कोसमारा-लांजी मार्ग पर नाकेबंदी की। रात लगभग 9:30 बजे संदिग्ध वाहन एमपी 39 बीबी 1128 स्कॉर्पियो को रोककर तलाशी ली गई।

### वन विभाग की सूझबूझ से बचा कछुओं का अवैध व्यापार

तलाशी में वन अमले को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में दर्ज प्रजाति कछुआ के दो जीवित नग मिले। वाहन में बैठे नौ व्यक्तियों को मौके पर ही हिरासत में लिया गया। आरोपियों में आशीष मंडलकर (20), चैनलाल ठाकरे (50), कोमल घोरमारे (20), विष्णु बिसेन (44), राजाराम मेश्राम (60), राजेश बावने (40), ससेन्द्र चंदेल (21), दीपक चौहान (31) और श्रीराम नागेश्वर (30) शामिल है।

## शहडोल की फुटबॉल क्रांति

# 'मिनी ब्राज़ील' विचारपुर में जर्मन कोच का आगमन

### पांच बालिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज की दमदार उपस्थिति

शहडोल का विचारपुर, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मिनी ब्राज़ील' का दर्जा देते हुए राष्ट्रीय पहचान दिलाई थी, अब भारतीय फुटबॉल के उभरते हुए सबसे महत्वपूर्ण केंद्रों में गिना जाने लगा है। जर्मनी के प्रतिष्ठित क्लब एफसी इंगलस्टाट के प्रशिक्षक डाइटमार बियरसडॉर्फर 24 नवंबर को यहां पहुंच रहे हैं, वहीं शहडोल की पाँच बालिकाएं राष्ट्रीय अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता में चमक बिखेरकर जिले को नए गौरव की ऊँचाइयों पर ले गई हैं।







शहडोल।

आदिवासी बाहुल्य यह शांत जिला आज भारत के फुटबॉल मानचित्र पर एक नई कहानी लिख रहा है। विचारपुर गांव जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने प्रसिद्ध कार्यक्रम 'मन की बात' में देश के सामने 'मिनी ब्राज़ील' नाम से प्रशंसा के साथ प्रस्तुत किया था, अब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय का हिस्सा बनने जा रहा है। जर्मनी के फुटबॉल क्लब एफसी इंगलस्टाट शैंजऱ के वरिष्ठ कोच डाइटमार बियरसडॉर्फर 24 नवंबर को विचारपुर के मैदान में पहुंचकर स्थानीय खिलाडिय़ों को आधुनिक प्रशिक्षण तकनीकों, यूरोपीय फुटबॉल रणनीतियों और खेल-शिक्षण की बारीकियों से रूबरू कराएंगे। यह आगमन केवल एक तकनीकी यात्रा नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत में छिपी प्रतिभा पर वैश्विक भरोसे का प्रतीक भी है।

### इन्हें मिला था अवसर

विचारपुर की फुटबॉल टीम ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने अनुशासन, सामूहिकता और अटूट जज़्बे से वह प्रभाव छोड़ा है कि जर्मन प्रशिक्षक स्वयं उनके बीच आने को प्रेरित हुए। इसी क्षमता को देखते हुए पिछले माह 4 से 12 अक्टूबर तक जर्मनी में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें विचारपुर के पाँच युवा खिलाड़ी सानिया कुंडे, सुहानी कोल, प्रीतम कुमार, वीरेंद्र बैगा और मनीष घसिया ने हिस्सा लिया। इनके साथ महिला कोच लक्ष्मी सहिस को भी उन्नत कोचिंग का अवसर प्रदान किया गया।

### बिना संसाधन शुरू की परंपरा

विचारपुर को 'मिनी ब्राज़ील' कहे जाने का इतिहास भी रोचक है। वर्षों पहले यहाँ फुटबॉल प्रेमियों की एक पीढ़ी ने बिना संसाधनों, बिना स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, केवल मिट्टी के मैदान और जज़्बे के सहारे खेल की एक परंपरा शुरू की थी। धीरे-धीरे यह जुनून बच्चों और किशोरों में इस तरह रचा-बसा कि पूरा गांव फुटबॉल की धुन पर दौडऩे लगा। खेल की इसी संस्कृति ने इसे वह पहचान दिलाई जिसे प्रधानमंत्री ने मन की बात के जरिए पूरे देश में उजागर किया।

### शहडोल की पाँच बालिकाओं का जलवा

नागालैंड के दीमापुर में 23 से 27 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश की टीम ने शानदार शुरुआत की। हिमाचल प्रदेश पर 5-0 की प्रचंड जीत में शहडोल के विचारपुर की पांच बालिकाओं अर्चना बैगा, खुशी सिंह, पुनीता सिंह, सानिया कुंडे और राधनी सिंह की निर्णायक भूमिका रही। ये सभी खिलाड़ी रिलायंस डीएफ़ए फुटबॉल सेंटर शहडोल में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। चयन प्रक्रिया सिंगरौली में आयोजित जूनियर अंडर-17 टूर्नामेंट के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आधारित थी, जिसमें 20 खिलाडिय़ों की अंतिम सूची तैयार की गई। चयन सहायक संचालक रईस अहमद की देखरेख में हुआ, जबकि टीम मैनेजर एवं कोच यशोदा सिंह ने बताया कि 25 नवंबर को मध्यप्रदेश का दूसरा मुकाबला महाराष्ट्र से होगा। इन बालिकाओं का प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि विचारपुर की फुटबॉल संस्कृति अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोडऩे लगी है।

### प्रधानमंत्री के शब्दों ने बदली दिशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब अपने कार्यक्रम 'मन की बात' में विचारपुर का उल्लेख करते हुए इसे 'मिनी ब्राज़ील' का सम्मान दिया था, तो इस छोटे से गांव की कहानी अचानक पूरे देश में प्रेरणा का स्रोत बन गई। प्रधानमंत्री ने कहा था मध्य प्रदेश के शहडोल का विचारपुर गांव फुटबॉल की जिस ऊर्जा और अनुशासन से पहचान बना रहा है, वह भारत की नई खेल संस्कृति का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी के इस कथन ने गांव में केवल सम्मान ही नहीं बढ़ाया, बल्कि निवेश, मार्गदर्शन और खेल-संस्थाओं का ध्यान भी आकर्षित किया। इसके बाद से सामाजिक संगठनों, निजी कोचिंग समूहों और विदेशी क्लबों का सहयोग तेजी से बढ़ा है।

### गांव का मैदान अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का केंद्र बन जाए

जर्मन कोच का आगमन न केवल खिलाडिय़ों के लिए प्रेरणादायक अवसर है, बल्कि यह संकेत भी है कि शहडोल आने वाले वर्षों में प्रदेश का सबसे बड़ा फुटबॉल हब बन सकता है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, एएसपी एवं प्रभारी खेल अभिषेक दीवान, सहायक संचालक रईस अहमद, कोच यशोदा सिंह, अनिल सिंह, लक्ष्मी सहिस, राजीव श्रीवास्तव, राजू बैगा, नीलेंद्र कुंडे सहित विभिन्न खेल संगठनों ने बालिकाओं और प्रशिक्षकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी है। मोबाइल और डिजिटल दुनिया के आकर्षण के बीच जब बच्चे मैदानों से दूर होते जा रहे हैं, ठीक उसी समय शहडोल के युवा फुटबॉलर खेल की नई कहानी लिख रहे हैं। यह कहानी बताती है कि प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं, उसके लिए आवश्यक है अवसर, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास। और आज शहडोल को यह तीनों चीजें एकसाथ मिल रही हैं।

### जर्मन कोच की मौजूदगी में ऐतिहासिक दिन

24 नवंबर 2025 को विचारपुर खेल मैदान में जर्मनी के कोच डाइटमार बियरसडॉर्फर स्थानीय खिलाडिय़ों, ग्रामीणों और मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। वे ग्रामीण स्तर पर विकसित इस अनूठी फुटबॉल संस्कृति को समझेंगे और अंतरराष्ट्रीय मानकों की ट्रेनिंग से जुड़े अनुभव साझा करेंगे। यह दिन विचारपुर और शहडोल की फुटबॉल यात्रा का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।



# जमीनी विवाद में मारपीट करने पर एक ही परिवार के 5 व्यक्तियो को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जमीनी विवाद को लेकर मारपीट करने पर दो महिलाओं सहित तीन व्यक्तियों को पुलिस ने जेल भेजने की कार्यवाही की है। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि यह कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमति आकांक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन मे की गई। पुलिस के अनुसार 18 नवंबर को प्रार्थी श्याम लाल पिता तेजी लाल साहू 58 साल निवासी ग्राम झिन्ना पिपरिया का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका जमीन को लेकर सोने लाल, छदामी साहू, दिनेश साहू, रोशनी साहू एंव पूजा बाई साहू द्वारा प्रार्थी के साथ मारपीट कर उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे थे। रिपोर्ट पर अपराध धारा 296(**a**), 115(2), 333, 351(3), 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा जेल वारंट देने उपरांत सभी आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है। आरोपी और फरियादी आपस में रिश्तेदार हैं। अक्सर आरोपियों के विरुद्ध झगड़ा करने की सूचनाओं प्राप्त होती रही हैं। मारपीट की घटना के एक दिवस पहले भी थाने पर बुलाकर दोनों पक्षों को समझाइश दी गई थी परंतु आरोपी पक्ष के द्वारा इसके बाद भी विवाद किया गया तत्पश्चात ढीमरखेड़ा पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए एक ही परिवार के पांच लोगों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें झिंझरी जेल भेजा गया।

# नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने और गलत कृत्य करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन,नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी बदेरा निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए,थाना बदेरा पुलिस टीम ने एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ गलत कृत्य करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरियादी ने अपनी नाबालिग पुत्री उम्र 16 वर्ष 02 माह के घर से बिना बताए कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान,नाबालिग बालिका को कल दिनांक 22/11/25 को ग्राम राकई बसेडी खेत,थाना करेली,जिला नरसिंहपुर से खोजकर बरामद किया गया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि आरोपी सूरज कोल उसे बहला-फुसला कर भगा ले गया था और उसके साथ गलत संबंध बनाए। इस खुलासे के बाद,आरोपी सूरज कोल निवासी ग्राम बगहईया,थाना बरही,जिला कटनी के विरुद्ध कार्यवाही की गयी।

## खबर संक्षेप

### अदाणी ने ट्रेड कैसल टेक पार्क को खरीदा




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की एक संयुक्त उद्यम कंपनी ने बुनियादी ढांचा डेवलपर ट्रेड कैसल टेक पार्क को 231.34 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। ट्रेड कैसल टेक पार्क के पास काफी जमीन है। कंपनी ने बताया, ''अधिग्रहण का उद्देश्य बुनियादी ढांचा सुविधाएं स्थापित करना है।''

### टाटा केमिकल्स क्षमता बढ़ाने करेगी निवेश




**मुंबई।** टाटा केमिकल्स ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने गुजरात के मीठापुर और तमिलनाडु के कुड्डालोर में अपने संयंत्रों की विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए 910 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है। कंपनी के निदेशक मंडल (बोर्ड) ने अपने संयंत्र में डेंस सोडा ऐश विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए 135 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है।

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस फायदे में




**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का कुल बाजार पूंजीकरण 1,28,281.52 करोड़ रुपये बढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एयरटेल सबसे ज्यादा फायदे में रहीं। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंफोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर को फायदा हुआ।

### अरविंदो फार्मा को चीन में घाटे में उबरने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** अरविंदो फार्मा के चीन स्थित संयंत्र में अभी नुकसान हो रहा है, लेकिन कंपनी को उम्मीद है कि वह चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही तक घाटे से उबर जाएगी। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) एस सुब्रमण्यम ने यह बात कही। हैदराबाद स्थित दवा कंपनी को अपने सभी कारोबार में तेज वृद्धि और मूल्य सृजन बनाए रखने का भरोसा है।

### बीते सप्ताह सरसों तेल में गिरावट दर्ज



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतों में गिरावट का रुख रहा। वहीं शादी-विवाह के मौसम की मांग के कारण सोयाबीन तेल, जाड़े में मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम सुधार के साथ बंद हुए। '

### चुनौती देने मैजिकपिन और रैपिडो ने की साझेदारी




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने का सामान पहुंचाने वाले मंच जोमैटो और स्विगी का मुकाबला करने के लिए देश की तीसरी सबसे बड़ी इस क्षेत्र की कंपनी मैजिकपिन ने रैपिडो के साथ साझेदारी की है। इस घटनाक्रम से परिचित व्यक्ति ने यह जानकारी दी। इस साझेदारी में मैजिकपिन अपना देशभर का विशाल रेस्तरां नेटवर्क रैपिडो के स्वामित्व वाले मंच ओनली से जोड़ेगा। इस समझौते से रैपिडो की कंपनी ओनली को देशभर में 80,000 से ज्यादा रेस्तरां तक पहुंच मिल जाएगी।

# होंडा ने बंद किया 'एक्टिवा-ई' और 'क्यूसी1' इलेक्ट्रिक स्कूटर का उत्पादन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मार्केट में लगातार चुनौतियों का सामना कर रही होंडा कंपनी ने अपने दो इलेक्ट्रिक स्कूटर एक्टिवा ई और क्यूसी1 का प्रोडक्शन अगस्त 2025 से बंद कर दिया है। ये दोनों स्कूटर इसी साल जनवरी में लांच किए गए थे। एक्टिवा ई की एक्स-शोरूम कीमत 1.17 लाख रुपए और क्यूसीवन का एक्स-शोरूम प्राइस 90,000 रुपए था।

होंडा जैसे बड़े ब्रांड से उम्मीद थी कि ये स्कूटर हिट साबित होंगे और इनकी खूब बिक्री होगी। हालांकि, सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के डेटा से पता चला है कि कंपनी ने अगस्त 2025 से इन स्कूटरों को बनाना बंद कर दिया है।

## कंपनी लगातार दोपहिया बाजार की प्रतिस्पर्धा का सामना कर रही

### एक्टिवा ई की कम बिक्री

*लांच के समय उम्मीद थी कि कि एक्टिवा ई की ज्यादा बिक्री होगा, क्योंकि इसमें एक्टिवा की ब्रांडिंग थी, जो कंपनी का सबसे सफल और पॉपुलर स्कूटर माना जाता है, और एडवांस्ड बैटरी स्वैपिंग तकनीक थी। बैटरी स्वैपिंग से रेंज की चिंता, बैटरी रखरखाव और बदलने की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाती है। स्वैपिंग स्टेशन पर बैटरी 1-2 मिनट में बदली जा सकती है। बिक्री बढ़ाने के लिए होंडा ने जून में बैटरी किराए की कीमतें भी कम की थीं और होम चार्जिंग डॉक लाने पर विचार कर रही थी। इसके बावजूद एक्टिवा ई की कम बिक्री हुई। डीलरों को भेजे गए कुल 5,201 स्कूटर्स में से क्यूसीवन की 86 प्रतिशत यानी 4,461 यूनिट्स थीं और एक्टिवा ई की सिर्फ 740 यूनिट्स थीं।*



■ दोनों स्कूटर इस साल जनवरी में लांच किए गए थे

### कम बिक्री के मुख्य कारण

क्यूसीवन कम कीमत पर उपलब्ध था और पोर्टेबल चार्जर के साथ आता था। इसलिए यह बिक्री के मामले में एक्टिवा ई से आगे निकला। इसके अलावा बजाज, टीवीएस, एथर और ओला जैसी प्रमुख कंपनियां भी इसी तरह के प्रोडक्ट पेश कर रही हैं।

*बैटरी स्वैपिंग की चुनौती : एक्टिवा ई में बैटरी स्वैपिंग एक बेहतरीन तकनीक है, लेकिन इसके सफल होने के लिए एक मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। वर्तमान में होंडा अकेली प्रमुख कंपनी है जो इस तकनीक को पेश कर रही है। सीमित स्वैपिंग स्टेशनों की संख्या इसके सफल न होने का एक बड़ा कारण हो सकता है।*

### उत्पादन बंद करने की वजह

दोनों की कम बिक्री इनके उत्पादन बंद होने की सबसे बड़ी वजह बनी। होंडा कंपनी के दोनों स्कूटरों की खूब बिक्री होगी। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। ग्राहकों को ये स्कूटर ज्यादा पसंद नहीं आए या कहें कि लुभा नहीं पाए। फरवरी से जुलाई 2025 के बीच इन स्कूटर्स का कुल उत्पादन 11,168 यूनिट्स था। लेकिन डीलरों को केवल 5,201 यूनिट्स ही भेजी गईं। इसका मतलब है कि बनाई गई यूनिट्स में से आधे से ज्यादा अभी भी बिके बिना इन्वेंटरी के रूप में पड़े हैं। संभवत यही कारण है कि होंडा ने दोनों स्कूटर्स का उत्पादन रोक दिया है।

*कम शहरों में उपलब्धता : इसके अलावा सीमित उपलब्धता भी एक बड़ा कारण हो सकता है। एक्टिवा ई केवल मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली में उपलब्ध है। वहीं, क्यूसीवन छह शहरों (मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और चंडीगढ़) में उपलब्ध है और शायद यही इसकी ज्यादा बिक्री का कारण भी है।*

## रूसी तेल का आयात निकट भविष्य में तेजी से घटेगा

# अमेरिका के नए प्रतिबंधों से भारत में रूसी तेल का आयात प्रभावित होने की आशंका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रॉसनेफ्ट और लुकोइल तथा उनकी बहुलांश स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध 21 नवंबर से लागू हो गए। इससे अब इन कंपनियों का कच्चा तेल खरीदना या बेचना लगभग नामुमकिन हो गया है। भारत ने इस साल औसतन 17 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी तेल का आयात किया और प्रतिबंधों से पहले यह मजबूत बना रहा।

*रूसी कच्चे तेल के प्रमुख निर्यातकों पर अमेरिका के नए प्रतिबंध पूरी तरह लागू होने के बाद ऊर्जा बाजार से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि भारत में रूसी तेल का आयात निकट भविष्य में तेजी से घटेगा, हालांकि यह पूरी तरह बंद नहीं होगा।*

### चार लाख बैरल प्रतिदिन आने कि उम्मीद

नवंबर में आयात 18–19 लाख बैरल प्रतिदिन रहने का अनुमान है, क्योंकि रिफाइनरी सस्ते तेल की खरीद को अधिकतम कर रहे हैं। आगे चलकर दिसंबर और जनवरी में आपूर्ति में स्पष्ट गिरावट आने की उम्मीद है। विश्लेषकों के अनुसार यह घटकर लगभग चार लाख बैरल प्रतिदिन तक रह सकता है।

### अक्टूबर 21 से आपूर्ति धीमी हुई

अक्टूबर 21 से आपूर्ति धीमी हो गई है, हालांकि रूस की मध्यस्थों और वैकल्पिक वित्त प्रबंधन की क्षमता को देखते हुए अभी अंतिम निष्कर्ष निकालना जल्दी होगा।'' प्रतिबंधों के लागू होने के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल–मित्तल एनर्जी और मैंगलोर रिफाइनरी जैसी कंपनियों ने फिलहाल रूसी तेल का आयात रोक दिया है।

### पिछले दो वर्षों से भारत को अच्छा मुनाफा दिया

विश्लेषकों का कहना है कि सस्ते रूसी तेल ने पिछले दो वर्षों में भारतीय रिफाइनरों को भारी मुनाफा दिया और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता के बावजूद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों को स्थिर रखा। भारत अपनी तेल जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। नए अमेरिकी प्रतिबंधों के पूरी तरह लागू होने के साथ भारत का रूसी तेल आयात अस्थिर और अनिश्चित दौर में प्रवेश कर गया है।



- ■ रुस से आयात का पूरी तरह बंद होगा संभव नहीं
- ■ रॉसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध 21 नवंबर से लागू
- ■ इन कंपनियों का कच्चा तेल खरीदना व बेचना हुआ मुश्किल
- ■ भारत ने इस साल औसत 17 लाख बैरल कच्चा तेल प्रतिदिन आयात किया

### यूक्रेन पर हमले के बाद से तेल आयात में वृद्धि

परंपरागत रूप से पश्चिम एशियाई तेल पर निर्भर भारत ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस से अपने तेल आयात में काफी वृद्धि की। पश्चिमी प्रतिबंध और यूरोपीय मांग में कमी के कारण रूस से तेल भारी छूट पर उपलब्ध हुआ। परिणामस्वरूप, भारत का रूसी कच्चा तेल आयात कुल आयात का एक प्रतिशत से बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच गया।

### नवंबर में रूस बड़ा आपूर्तिकर्ता बना

नवंबर में भी रूस भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना रहा, जो कुल आयात का लगभग एक तिहाई है। केप्लर के रिफाइनिंग और मॉडलिंग के मुख्य अनुसंधान विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, ''हम निकट भविष्य में, विशेषकर दिसंबर और जनवरी में भारत के लिए रूसी कच्चे तेल के प्रवाह में स्पष्ट गिरावट की उम्मीद करते हैं।

### नयारा, रॉसनेफ्ट समर्थित

इस मामले में एकमात्र अपवाद नयारा एनर्जी है, जो रॉसनेफ्ट समर्थित है और यूरोपीय संघ द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बाद अन्य स्रोतों से आपूर्ति कटने के कारण रूसी तेल पर भारी निर्भर है। रितोलिया ने कहा, ''नयारा के वादीनेर संयंत्र को छोड़कर कोई भी भारतीय रिफाइनर ओएफएसी-नामित संस्थाओं से जुड़े जोखिम नहीं लेना चाहता। खरीदारों को अपने अनुबंध, आपूर्ति मार्ग, स्वामित्व और भुगतान चैनलों को पुनः व्यवस्थित करने में समय लगेगा।''

# भारत, इजरायल एफटीए को दो चरणों में लागू करेंगे



■ दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय को जल्द लाभ मिलेगा

एजेंसी ▶▶| जेरुशलम

भारत और इजरायल अपने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दो चरणों में लागू करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय को जल्द लाभ मिल सके। यह बात वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कही।

भारत और इजरायल ने इस समझौते के लिए औपचारिक रूप से वार्ता शुरू करने के लिए बृहस्पतिवार को संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। इस टीओआर में माल के लिए बाजार पहुंच, शुल्क एवं गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करना, निवेश सुगमीकरण, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाना, नवाचार और तकनीकी हस्तांतरण में सहयोग बढ़ाना तथा सेवा व्यापार को बढ़ावा देने के नियमों में ढील देना शामिल है। गोयल ने यहां कहा, ''हम इसे दो चरणों में करने पर विचार कर रहे हैं। वार्ता शुरू होने पर इस बारे में फैसला लिया जाएगा। दोनों मंत्री चाहते हैं कि पहला चरण जल्द पूरा हो जाए ताकि व्यापारिक समुदाय को जल्द फायदा मिलना शुरू हो जाए।'' मंत्री द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने इजरायल आए हैं। वह 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों देशों ने संवेदनशील मुद्दों को अभी छूने से बचने का फैसला किया है।

### एक दूसरे के देशों में निवेश ला सकेंगे

गोयल ने कहा कि दोनों देश देखेंगे कि ''नवाचार और आरएंडडी किस तरह एक-दूसरे के देशों में ज्यादा निवेश ला सकते हैं। हम संयुक्त परियोजनाओं पर काम करेंगे, जहां हमें उनकी विशेषज्ञता का लाभ मिले और वे भारत जैसे बड़े बाजार का फायदा उठा सकें।''

# विदेशी निवेशक इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल मुख्य रूप से आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख पर निर्भर करेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह नवंबर में खत्म होने वाले वायदा सौदों से पहले उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है।

घरेलू स्तर पर बाजार दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और औद्योगिक उत्पादन जैसे बड़े आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेगा। वैश्विक स्तर पर निवेशक अमेरिकी बाजार के प्रदर्शन और वहां के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे। ये संकेत निकट भविष्य में जोखिम की भावना तय करेंगे और विदेशी पूंजी प्रवाह को प्रभावित करेंगे।''

### सेंसेक्स व निफ्टी ने बनाया नया उच्चतम स्तर

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 669.14 अंक या 0.79 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी 158.1 अंक या 0.61 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। इसबीच 20 नवंबर को सेंसेक्स ने 85,801.70 और निफ्टी ने



■ आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुझान से तय करेंगे बाजार की दिशा

26,246.65 का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर बनाया।

### मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अगर रुपये पर दबाव बना रहा तो निकट भविष्य में बाजार में कुछ मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। आने वाले सप्ताह में निवेशक व्यापारिक घटनाक्रम, आईआईपी और जीडीपी आंकड़ों पर बहुत बारीकी से नजर रखेंगे।'' निवेशक ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रुपये-डॉलर के विनिमय दर पर भी पैनी नजर रखेंगे।

# टाटा मोटर्स को घरेलू बिक्री पांच फीसदी बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेश चंद्रा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की कुल बिक्री लगभग पांच प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है।

चंद्रा ने कहा कि त्योहारी सत्र खत्म होने के बाद भी दबी हुई मांग बहुत मजबूत बनी हुई है, इसलिए दूसरी छमाही में दो अंकों की वृद्धि होने की पूरी संभावना है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान बिक्री में सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी और त्योहारी मौसम में ही घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री में सुधार




■ दबी मांग बहुत मजबूद बनी हुई

हुआ। चंद्रा ने विश्लेषकों से बातचीत में कहा कि अक्टूबर-मार्च में बिक्री दो अंकों में बढ़नी चाहिए। उन्होंने बताया कि त्योहारी मांग की वजह से सितंबर में उद्योग को पांच प्रतिशत और अक्टूबर में 17 प्रतिशत की वृद्धि मिली थी। नवंबर और दिसंबर में भी दबी हुई मांग मजबूत है।

### कारोबार के लिहाज से बिजनेस अच्छा

इसलिए दोनों महीने कारोबार के लिहाज से बहुत अच्छे रहेंगे। उन्होंने कहा, ''चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में त्योहारों से पहले 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी, इसलिए पूरे साल में वृद्धि करीब पांच प्रतिशत के दायरे में रहेगी।'कंपनी की योजनाओं के बारे पूछने पर चंद्रा ने कहा कि मजबूत मांग का फायदा उठाते हुए हम वृद्धि की गति बनाए रखेंगे।

# एक्सिस बैंक एनसीडी से 5,000 करोड़ जुटाएगा




नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने शुक्रवार को कहा कि वह कारोबार बढ़ाने के लिए गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के जरिए 5,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। यह बैंक के निदेशक मंडल द्वारा मंजूर 35,000 करोड़ रुपये के धन जुटाने की योजना का हिस्सा है। बैंक का निजी नियोजन के आधार पर 5,000 करोड़ रुपये तक के पूरी तरह से भुगतान वाले, सीनियर, रेटेड, सूचीबद्ध, अनसिक्योर्ड, करयोग्य, विमोचनयोग्य, दीर्घावधिक गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करके कोष जुटाने का प्रस्ताव है।

# सामान्य बीमा कंपनियों के विलय पर विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय तीन सरकारी सामान्य बीमा कंपनियों को एकल इकाई में विलय करने के शुरुआती प्रस्ताव पर विचार कर रहा है, क्योंकि इनकी वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है। इस कवायद का मकसद बेहतर दक्षता और बड़ा पैमाना सुनिश्चित करना है। सरकार ने 2019-20 से 2021-22 के बीच ओरिएंटल इंश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस में कुल 17,450 करोड़ रुपये का निवेश किया था ताकि इन्हें वित्तीय संकट से बाहर निकाला जा सके।




■ मंत्रालय बीमा कंपनियों को एकल इकाई में लाने का प्रस्ताव ला रही

वित्त वर्ष 2018-19 के बजट में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इन तीनों कंपनियों को एक ही बीमा इकाई में मिलाने की घोषणा की थी। हालांकि, जुलाई 2020 में सरकार ने इस विचार को स्थगित कर दिया और इसके बजाय तीनों कंपनियों में 12,450 करोड़ रुपये की पूंजी डालने को मंजूरी दी। सूत्रों के अनुसार अब इनकी वित्तीय स्थिति में सुधार आने के बाद वित्त मंत्रालय इनके विलय की प्रारंभिक समीक्षा कर रहा है ताकि इनकी कार्यक्षमता बढ़ाई जा सके।

## यूफ्लेक्स 700 करोड़ रुपए से ज्यादा करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** फ्लेक्सिबल पैकेजिंग और समाधान बनाने वाली कंपनी यूफ्लेक्स लिमिटेड कर्नाटक के धारवाड़ स्थित अपने संयंत्र में पैकेजिंग फिल्म उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने जा रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस निवेश से संयंत्र में 54,000 टन सालाना की नई क्षमता जुड़ेगी, जिसके बाद कंपनी की वैश्विक पैकेजिंग फिल्म क्षमता 6,36,160 टन से बढ़कर 6,90,160 टन प्रति वर्ष हो जाएगी। यूफ्लेक्स लिमिटेड के समूह अध्यक्ष और सीएफओ राजेश भाटिया ने पीटीआई-भाषा को बताया, हम कर्नाटक के धारवाड़ में अपनी पैकेजिंग फिल्म उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने जा रहे हैं।

## इंटरग्लोब एविएशन 22 दिसंबर 2025 से होगी सेंसेक्स में शामिल

# सेंसेक्स इंडेक्स में होगी इंडिगो, टाटा की कंपनी को लगा झटका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाले इंटरग्लोब एविएशन 22 दिसंबर से बीएसई के 30 शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स में शामिल हो जाएगी। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज ने यह जानकारी दी। अब सोमवार को इस शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी।

■ टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड को इस सूची से बाहर कर दिया जाएगा

शनिवार को शेयर 0.92% बढ़कर 5840.25 रुपए पर बंद हो गया। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज ने बताया कि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड को इस सूचकांक से बाहर कर दिया जाएगा। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने अपने सूचकांकों के पुनर्गठन के तहत इन बदलावों की घोषणा की है, जो 22 दिसंबर को बाजार खुलते ही प्रभावी हो जाएंगे। बीएसई 100 सूचकांक में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को शामिल किया जाएगा, जो अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की जगह लेगा। इसके अलावा बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 50 में मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड को जोड़ा जाएगा और इंडसइंड बैंक लिमिटेड को हटाया जाएगा।






### 82 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी इंडिगो

इंडिगो ने विमान अधिग्रहण के लिए अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडयरी इंटरग्लोब एविएशन फाइनेंशियल सर्विसेज आईएफएससी प्राइवेट लिमिटेड में 82 करोड़ डॉलर (करीब 7,270 करोड़ रुपए) के निवेश को मंजूरी दे दी है। इंडिगो ने कहा कि यह निवेश शेयर और 0.01 प्रतिशत गैर-संचयी वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय प्रतिदेय तरजही शेयर (ओसीआरपीएस) के संयोजन के माध्यम से एक या एक से अधिक किस्तों में किया जाएगा। इंडिगो ने कहा कि सब्सिडयरी कंपनी द्वारा जुटाई गई रकम का उपयोग मुख्य रूप से विमानन परिसंपत्तियों के अधिग्रहण में किया जाएगा जिससे विमानों का स्वामित्व प्राप्त हो सकेगा।

### इंडिगो के बेड़े में 411 विमान

विमान बेड़े पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'प्लेनपॉटरडॉटनेट' के अनुसार 21 नवंबर तक इंडिगो के बेड़े में 411 विमान हैं। इनमे से 365 परिचालन में हैं और शेष 46 जमीन पर खड़े हैं। इंडिगो पारंपरिक रूप से विमान लीज पर लेकर उड़ानों का परिचालन करती रही है। हालांकि, कंपनी ने 12 अक्टूबर 2023 को इंडिगो आईएफएससी की स्थापना की जो विमान और इंजन लीज पर देती है। अब इंडिगो आईएफएस विमान की खरीद करता है और इंडिगो उसी से विमान लीज पर लेती है।

### सेबी डिजिटल गोल्ड को विनियमित करेगी



**नई दिल्ली।** सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने स्पष्ट किया कि बाजार नियामक डिजिटल गोल्ड'' या ''ई-गोल्ड'' उत्पादों को विनियमित करने पर विचार नहीं कर रहा है, क्योंकि ये उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आते हैं। पांडेय ने रीट और इनविट पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान संवाददाताओं से अलग से बातचीत में कहा कि सोने से संबंधित विनियमित निवेश म्यूचुअल फंडों के एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के माध्यम से या अन्य व्यापार योग्य गोल्ड प्रतिभूतियों के माध्यम से किए जा सकते हैं।

# दुनियाभर में मनाए जाते हैं खान-पान से जुड़े ये विचित्र त्योहार, जानकर हो जाएंगे हैरान

खाना एक ऐसी चीज है, जो पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ने की ताकत रखता है। हालांकि, हर देश और हर राज्य का खान-पान और उससे जुड़ी परंपराएं अलग होती हैं। जब भी बात खान-पान से जुड़े त्योहारों की आती है तो मन में तरह-तरह के व्यंजनों को चखने या बनाने का ख्याल आता है। हालांकि, दुनियाभर में खाने से जुड़े कुछ बेहद विचित्र त्योहार भी मनाए जाते हैं। इनके बारे में जानकर आप अपनी हंसी नहीं रोक पाएंगे।



## संतरों की लड़ाई

कल्पना कीजिए कि आप लड़ाई के मैदान में उतर रहे हैं, लेकिन आपका हथियार केवल एक संतरा है। ऐसा इटली में होता है, जहां बैटल ऑफ ऑरेंज यानि संतरों की लड़ाई नामक त्योहार मनाया जाता है। यह पर्व बुरे शासक के खिलाफ विद्रोह का प्रतीक है, जिसकी शुरुआत 1808 में की गई थी। इसका जश्न 3 दिन तक चलता है, जिसके दौरान हजारों लोग एक दूसरे पर संतरे फेंकते हैं। अगले दिन सड़कें संतरों के पल्प से ढकी होती हैं।

## चीज रोल करने का पर्व

आम तौर पर चीज के जरिए खाने का स्वाद बढ़ाया जाता है। हालांकि, इंग्लैंड के एक शहर में इसको बेहद विचित्र तरीके से इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल, ग्लूस्टरशायर में हर साल चीज को रोल करने का उत्सव मनता है, जिसके दौरान लोग पहाड़ी से चीज को गिराते हैं। जो व्यक्ति सबसे पहले अपनी चीज के साथ फिनिश लाइन पर पहुंचा जाता है, उसे विजेता घोषित कर दिया जाता है। इस दौरान लोग चोटिल भी हो जाते हैं।





## चिनचिला मेलन त्योहार

ऑस्ट्रेलिया के शहर चिनचिला के लोग तरबूजों से प्रेम करते हैं और अपने प्यार को दर्शाने के लिए विशेष त्योहार मनाते हैं। दरअसल, इस शहर को 'दुनिया का मेलन कैपिटल' कहा जाता है और यहां मेलन त्योहार मनता है। इस पर्व पर स्कीइंग और बंजी जंपिंग जैसे तरबूज से जुड़े कई रोमांचक और मजेदार खेल आयोजित होते हैं। लोग तरबूज जैसे वस्त्रों में तैयार होते हैं और उसके बीजों को मुंह में भरकर निशाना लगाने का खेल भी खेलते हैं।

## ओल्नी पैनकेक रेस

आपने पैनकेक तो कई बार खाए होंगे, जो चपटे केक होते हैं। हालांकि, क्या अपने कभी इन्हें पकड़कर दौड़ लगाई है? दरअसल, इंग्लैंड के ओल्नी शहर में 1445 से एक परंपरा निभाई जा रही है, जिसे पैनकेक रेस यानि पैनकेक दौड़ कहा जाता है। इस दिन महिलायें एप्रन पहनती हैं और हाथों में फ्राइंग पैन लेकर दौड़ लगाती हैं, जिसमें पैनकेक रखे होते हैं। जो महिला यह दौड़ जीत जाती है, उसे पुरुस्कार के तौर पर एक चुंबक मिलता है।





## ला टोमाटीना

जिस तरह भारत की होली दुनियाभर में मशहूर है, उसी तरह स्पेन का ला टोमाटीना भी विश्व प्रसिद्ध है। यह दुनिया का सबसे बड़ा खाने से जुड़ा त्योहार है, जिसका मुख्य आकर्षण टमाटर होता है। इसके दौरान सभी लोग सड़कों पर उतर जाते हैं और एक दूसरे पर लाल व रसीले टमाटरों से हमला करते हैं। 1940 में कुछ दोस्तों ने मस्ती करने के लिए यह त्योहार मनाया था, जिसके बाद इसे एक परंपरा के रूप में देखा जाने लगा।

# फ्रांस के पूर्व सम्राट नेपोलियन बोनापार्ट का खोया हुआ ब्रोच 38 करोड़ में हुआ नीलाम

**जिनेवा।** नेपोलियन बोनापार्ट फ्रांस के पूर्व सम्राट थे, जो फ्रांसीसी क्रांति के दौरान सुर्खियों में आए थे। उन्होंने 1796-1815 तक हुए क्रांतिकारी युद्धों और नेपोलियन युद्धों के दौरान पूरे यूरोप में सफल अभियानों की एक श्रृंखला का नेतृत्व किया था। वह फ्रांस के इतिहास का अहम हिस्सा रहे हैं, जिसके चलते उनसे जुड़ी वस्तुएं दुनियाभर के संग्राहकों को आकर्षित करती हैं। अब उनका एक हीरों वाला ब्रोच नीलाम हुआ है, जिसकी कीमत आपके होश उड़ा देगी।



## जिनेवा में हुई इस ब्रोच की नीलामी

हर साल सोथबी नीलामीघर जिनेवा में ऐतिहासिक जेवरों की नीलामी का आयोजन करवाता है। इस साल यह नीलामी 12 नवंबर को हुई, जिसे 'रॉयल एंड नोबल ज्वेल्स' नाम दिया गया था। इसके दौरान बेचे गए सभी जेवर यूरोप के इतिहास का अहम हिस्सा रहे हैं, जो सदियों से निजी संग्राहकों के पास थे। हालांकि, इस नीलामी का मुख्य आकर्षण नेपोलियन का ब्रोच ही था, जिसकी कीमत 38 करोड़ रुपये से ज्यादा लगी है।

## 100 से ज्यादा हीरों से सजा है यह ब्रोच

यह बेशकीमती ब्रोच एक समय पर नेपोलियन की टोपी की शोभा बढ़ाया करता था, जिसे वह खास मौकों पर पहनते थे। यह गोल ब्रोच लगभग 45 मिलीमीटर का है और इसके बीचों-बीच 13.04 कैरेट का एक बड़ा अंडाकार हीरा लगा हुआ है। बड़े हीरे के चरों तरफ गोल आकार में विभिन्न आकार के लगभग 100 हीरे जड़े हुए हैं, जो इसकी खूबसूरती को और बढ़ाते हैं। जानकारों के मुताबिक, यह वाटरलू की लड़ाई से भागते समय खो गया था।

## नेपोलियन का एक रत्न भी हुआ नीलाम

इस नीलामी के दौरान नेपोलियन का एक और कीमती जेवर बेचा गया था। यह 132.66 कैरेट का एक हरा बेरिल रत्न है, जिसे उन्होंने 1804 में अपने राज्याभिषेक के दौरान पहना था। सोथबी का अनुमान था कि यह 31 लाख से 52 लाख रुपये तक नीलाम होगा। हालांकि, चंद मिनटों में ही इसकी कीमत 9 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी।

## 10 मिनट में ही बिक गया था ब्रोच

जब यह नीलामी के लिए सामने लाया गया था तब इसकी अनुमानित कीमत 1.33 से 2.21 करोड़ के बीच तय की गई थी। हालांकि, यह न्यूनतम अनुमान से 30 गुना ज्यादा की कीमत पर बिका है। इसे हासिल करने के लिए 4 लोगों ने बोली लगाई थी, जो महज 10 मिनट तक चली थी। हालांकि, अंत में एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संग्रहकर्ता ने बाजी मार ली, जिनकी पहचान गुप्त रखी गई है।

# मूछों से बने सूट से लेकर सबसे लंबी दाढ़ी तक, बालों से जुड़े हैं कई विचित्र रिकॉर्ड

जहां ज्यादातर लोग बालों को लंबा और घना बनाने के लिए परेशान रहते हैं, वहीं कुछ लोग अपने बालों के जरिए विश्व रिकॉर्ड बना डालते हैं। जी हां, दुनिया में कई ऐसे लोग हैं, जिनके बालों ने ही उन्हें प्रसिद्धि दिलाई है। इसी कड़ी में आज हम आपको बालों से जुड़े सबसे विचित्र विश्व रिकॉर्ड के बारे में बताएंगे। इनके बारे में जानकर आपको न केवल हैरानी होगी, बल्कि आप अपने बालों की देखभाल पर भी ध्यान देने लगेंगे।

## मूंछों से बने सूट का रिकॉर्ड

आपने 'नो शेव नवंबर' के बारे में तो जरूर सुना होगा। इसके पुरुषों पर होने वाले असर को ध्यान में रखते हुए एक ऐसा सूट तैयार किया गया था, जो पूरी तरह मूंछों के बालों से ढका हुआ था। इसे नवंबर 2021 में ऑस्ट्रेलिया के विजुअल आर्टिस्ट पामेला क्लेमन-पासी, बुलफ्रॉग क्रिएटिव एजेंसी और पोलिटिक्स कंपनी ने बनाया था। इस पर लगी मूंछें मानसिक या शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे पुरुषों द्वारा गुमनाम रूप से दान की गई थीं।





## दाढ़ी वाली महिला का रिकॉर्ड

दाढ़ी वाले पुरुष तो हर जगह दिखाई देते हैं, लेकिन दाढ़ी वाली एक महिला ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। हम बात कर रहे हैं हरनाम कौर की, जो पूरी दाढ़ी रखने का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली सबसे कम उम्र की महिला हैं। जब उन्होंने यह रिकार्ड बनाया तब उनकी उम्र 24 वर्ष और 282 दिन थी। वह अपने दाढ़ी वाले लुक के जरिए दुनिया को बॉडी पाजिटिविटी का संदेश देना चाहती हैं।

## चेहरे पर सबसे ज्यादा बालों वाला रिकॉर्ड

पुरुषों के आधे चेहरे पर तो दाढ़ी आना आम बात है। हालांकि, क्या आपने कभी किसी का पूरा चेहरा दाढ़ी से ढका देखा है? ऐसा ही कुछ 18 साल के ललित पाटीदार के साथ हुआ, जिनके चेहरे का 95 प्रतिशत हिस्सा बालों से ढका है। उन्हें हाइपरट्रिचोसिस नाम की एक दुर्लभ बीमारी है, जिसे वेयरवोल्फ सिंड्रोम भी कहते हैं। इस रोग के कारण वह 'किसी पुरुष के चेहरे पर सबसे ज्यादा बालों' वाला रिकॉर्ड कायम करने में सक्षम हुए हैं।



## सबसे लंबी दाढ़ी वाला रिकॉर्ड

भारत के पुरुष अपनी दाढ़ी को लंबा रखना पसंद करते हैं। हालांकि, कनाडा के सरवन सिंह का यह शौक जुनून में बदल गया और उन्होंने 'सबसे लंबी दाढ़ी' का रिकॉर्ड कायम कर दिखाया। उनकी दाढ़ी 2.54 मीटर यानि 8 फीट 3 इंच लंबी है। उन्होंने 2008 से यह रिकॉर्ड अपने नाम किया हुआ है और हर साल अपनी दाढ़ी को और बढ़ाकर उसे तोड़ते हैं। आखरी बार उनकी दाढ़ी को 15 अक्टूबर, 2022 नापा गया था।

## सबसे ज्यादा बालों वाले परिवार का रिकॉर्ड

मेक्सिको के एक परिवार ने अपने बालों के जरिए गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करवाया है। यह गोमेज परिवार है, जिसके हर सदस्य का पूरा शरीर बालों से ढका हुआ है। इस परिवार की 5 पीढ़ियों के 19 सदस्य एक दुर्लभ बीमारी से पीड़ति हैं, जिसे जन्मजात सामान्यीकृत हाइपरट्रिचोसिस कहते हैं। इस स्थिति के कारण चेहरे और धड़ पर अत्यधिक बाल उगने लगते हैं। इस परिवार की महिलाओं के शरीर पर भी बाल ही बाल नजर आते हैं।

# फ्रिडा काहलो की दुर्लभ पेंटिंग ने तोड़े नीलामी के रिकॉर्ड, 487 करोड़ रुपये में बिकी



**न्यूयार्क।** फ्रिडा काहलो कला जगत का वह नाम है, जिसने लाखों महिलाओं को यह सिद्ध कर दिखाया कि सपने वाकई सच होते हैं। वह दुनिया की सबसे प्रतिभाशाली महिला पेंटर थीं, जिनकी कला आज भी लोगों को प्रेरित करती है। वह मेक्सिको की रहने वाली थीं और अपने सेल्फ पोर्ट्रेट्स के जरिए लोगों का दिल जीत लेती थीं। अब उनकी एक पेंटिंग 487 करोड़ रुपये में नीलाम हुई है और इसने एक नया रिकॉर्ड कायम कर दिखाया है।

**कब और कहां हुई पेंटिंग की नीलामी :** इस दुर्लभ पेंटिंग की नीलामी का आयोजन सोथबी ने न्यूयॉर्क में करवाया था। 20 नवंबर, 2025 को इसे 487 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर बेचा गया। अब इसने किसी भी महिला कलाकार द्वारा बनाई गई सबसे महंगी पेंटिंग का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड जॉर्जिया ओ'कीफ की 'जिमसन वीड/व्हाइट फ्लावर नंबर 1' पेंटिंग के नाम दर्ज था, जो 2014 में 393 करोड़ रुपये में नीलाम हुई थी।

**काहलो के जीवन की वास्तविकता हैं यह पेंटिंग :** इस पेंटिंग का शीर्षक 'एल सुएनो (ला कामा)' यानि 'सपना (बिस्तर)' है। यह काहलो की सेल्फ पोर्ट्रेट है, जिसमें वह आसमान में उड़ते हुए बिस्तर पर सो रही हैं। उनके बिस्तर के ऊपर एक कंकाल लेटा हुआ है, जिसपर कई डाइनेमाइट लिपटे हुए हैं। नीलाम होने से पहले यह पेंटिंग एक निजी संग्रह की शोभा बढ़ा रही थी।

## इस पेंटिंग ने तोड़ा एक और रिकॉर्ड

नीलामीघर के मुताबिक, इस पेंटिंग को हासिल करने के लिए करीब 4 मिनट तक बोली लगाई गई थी। हालांकि, इसके नए मालिक की पहचान को फिलहाल गुप्त रखा गया है। इस बिक्री ने काहलो के खुद के पिछले नीलामी रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। इससे पहले किसी लैटिन अमेरिकी कलाकार द्वारा बिकने वाली सबसे महंगी पेंटिंग काहलो और उनके पति को दर्शाने वाली 'डिएगो और मैं' थी। इसकी कीमत 309 करोड़ रुपये लगी थी।

### एसआईआर के खिलाफ विजय की टीवीके पहुंची सुप्रीम कोर्ट

अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी तमिलागा वेट्री कजगम (टीवीके) ने तमिलनाडु में एसआईआर करने के चुनाव आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इससे पहले टीवीके ने राज्य में एसआईआर के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया था।

## राशिफल

**मेष** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचने का प्रयास करें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। पिता का साथ मिलेगा। आत्मसंयत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। मन परेशान हो सकता है। रहन-सहन में असहज रहेंगे। कारोबार का विस्तार होगा।

**सिंह** — अनावश्यक भागदौड़ में बढ़ोतरी हो सकती है। भवन या सम्पत्ति सुख में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी का प्रभाव बढ़ेगा।

**तुला** — कारोबार में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** — विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा।

**मकर** — कारोबार में कुछ बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**कुंभ** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। आय की स्थिति में सुधार होगा। अनियोजित खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मीन** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

## एसआईआर प्रक्रिया से बंगाल में मची भगदड़

# दहशत से हाकिमपुर बॉर्डर पर उमड़ी अवैध बांग्लादेशियों की भीड़

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के हाकिमपुर बीएसएफ चौकी के पास एक कच्चे, धूल भरे रास्ते पर शनिवार को असामान्य सी हलचल दिखी। बरगद के पेड़ की छांव तले, छोटे बैग लिए परिवार, बच्चों के हाथों में पानी की बोतलें, और चुपचाप बैठे पुरुष- सब एक ही विनती दोहराते दिखेः 'हमें घर जाने दीजिए।' ये वे लोग हैं जिन्हें सुरक्षा एजेंसियां 'अवैध बांग्लादेशी निवासी' बता रही हैं, ऐसे लोग जिन्होंने वर्षों तक पश्चिम बंगाल के अलग-अलग इलाकों में रहकर काम किया, पहचान पत्र बनवाए, और अब अचानक वापस लौटने की कोशिश में हैं। इस असामान्य उलटी पलायन बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की सख्त जांच के कारण सामने आया है।

**घुसपैठिए 'हमें घर जाने दीजिए' की जिद पर अड़े**

**सख्त जांच-पड़ताल से पूरे बंगाल में अफरा-तफरी**



बंगाल से सामान लेकर पलायन करते बांग्लादेशी घुसपैठिए

बीएलओ की मौतों पर कांग्रेस का हमला

### नोटबंदी और लॉकडाउन की तरह ही एसआईआर जल्दबाजी में लागू किया

अलग-अलग राज्यों में कुछ बूथ लेवल अफसरों की मौत की खबरें सामने आई हैं। कांग्रेस ने इसे लेकर सरकार पर आरोप लगाया कि काम का बोझ बीएलओ और पोलिंग अफसरों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहा है। कांग्रेस ने दावा किया कि एसआईआर को जल्दबाजी में लागू किया गया और ये नोटबंदी और लॉकडाउन के फैसलों की याद दिलाता है।



**अब डर लग रहा, वापस जाना ही ठीक**

खुलना जिले की रहने वाली शाहिन बीबी अपने छोटे बच्चे के साथ सड़क किनारे इंतजार कर रही थीं। वो न्यू टाउन, कोलकाता में घरों में काम करके 20,000 रुपए महीना कमाती थीं। उन्होंने साफ कहा कि हम गरीबी के कारण आए थे। दस्तावेज ठीक नहीं थे।

### कतार तंबू बन गई, सड़क इंतजारगाह

बीएसएफ के अनुसार हर दिन 150—200 लोग पकड़े जा रहे हैं और जांच के बाद उन्हें 'वापस भेजा' जा रहा है। एसआईआर शुरू होने के बाद से ही भीड़ बढ़नी शुरू हो गई। सभी लोगों के बायोमैट्रिक डेटा लेकर पुलिस और प्रशासन को भेजा जाता है। भीड़ ज्यादा होने पर दो-तीन दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है।

### 20,000 रुपए में कागज बनवाए

ढुलागोरी की फैक्टरी में काम करने वाले 29 वर्षीय मनीरुल शेख बताते हैं, हमने 5,000 से 7,000 रुपए देकर भारत में एंट्री ली थी। लेकिन कागज बनवाने में 20,000 रुपए तक खर्च हो गया। अब एसआईआर की जांच से सब डर गए हैं।

## शब्द पहेली - 6057



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 6056 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6067

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6066 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |



## संजय और महिमा की फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' 19 को होगी रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता संजय मिश्रा और महिमा चौधरी आगामी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' से खूब चर्चा बटोर रहे हैं। फिल्म का पोस्टर पहले जारी हो गया था। अब निर्माताओं ने नया पोस्ट जारी करते हुए फिल्म की रिलीज तारीख बताई है। फिल्म के निर्देशन की कमान सिद्धांत राज ने संभाली है। एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन निर्माता हैं। 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' के पोस्टर ने लोगों को उत्साहित कर दिया है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का मोशन पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें महिमा दुल्हन के अवतार में हैं। वहीं संजय वरमाला लिए उनकी ओर देखते नजर आ रहे हैं। 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' अगले महीने 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रुख करने के लिए तैयार है।

**लाइफ Style**



# दीपिका
## बनी थीं पहली ग्लोबल एंबेसेड

दीपिका पादुकोण सच में एक ग्लोबल आइकन हैं। जिस तरह वो भारतीय सिनेमा को इतनी शान और आत्मविश्वास के साथ दुनियाभर में लेकर गई हैं, वो कमाल है। उनकी अपनी अलग स्टाइल, जबरदस्त परफ़ॉर्मेंस और उनकी नैचुरल करिश्मा ने उन्हें दुनिया भर में पसंद किया जाने वाला चेहरा बना दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्मों से लेकर बिज़नेस तक, मेट गाला से लेकर फीफा वर्ल्ड कप तक, और यहां तक कि ऑस्कर तक दीपिका लगातार दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर भारत का नाम रोशन करती रही हैं। एक ऐसी एक्ट्रेस के तौर पर, जिसने कई और लोगों को दुनिया भर में चमकने का रास्ता दिखाया, दीपिका ने अपने सफर में बहुत लंबा रास्ता तय किया है। आज वह गर्व के साथ 'ग्लोबल इंडियन' कहलाती हैं और इसे वह अपनी नहीं बल्कि हम सबकी जीत मानती हैं। दीपिका, जो एक तरह से शुरुआत करने वाली रहीं, उन्होंने दुनिया भर के बड़े-बड़े लग्ज़री ब्रांड्स में भारत की बढ़ती पहचान को आगे बढ़ाने में बहुत अहम भूमिका निभाई है। वह पहली भारतीय थीं जिन्हें दुनिया के मशहूर और महंगे फैशन ब्रांड्स लुई वुइटन और कार्टियर ने अपना चेहरा बनाया। इसी से उन्होंने भारत की बढ़ती पहचान के लिए रास्ता तैयार किया और आने वाले सालों में बाकी भारतीय सितारों के लिए भी ये दरवाज़ा खोल दिया, ताकि वे भी इस नई लहर का हिस्सा बन सकें। एक इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि "एक एक्टर और बिज़नेसवुमन के तौर पर आपने सच में भारत को दुनिया के बड़े मंच तक पहुँचाया है।

**हॉलीवुड मसाला**



## मिस यूनिवर्स के खिताब से चूकीं मनिका

**लॉस एंजिल्स।** थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 का आयोजन हुआ। इसमें मैक्सिको की मॉडल फातिमा बॉश ने जीत दर्ज की। पेजेंट में दुनियाभर की सुंदरियों के साथ भारत की मनिका विश्वकर्मा ने भी हिस्सा लिया। उनका ताल्लुक राजस्थान से है। इस बार मिस यूनिवर्स की प्रतियोगिता में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह पेजेंट के टॉप 12 पार्टिसिपेंट्स में जगह नहीं बना सकीं। मनिका विश्वकर्मा की मिस यूनिवर्स के लिए दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही थी। उन्होंने पेजेंट में टॉप 30 में जगह बना ली थी। हालांकि टॉप 12 में वह जगह नहीं बना सकीं।



## रैपर ट्रैविस स्कॉट के साथ जमकर झूमे फैंस...

**मुंबई।** अपनी धुन पर पूरी दुनिया को झूमने पर मजबूर करने वाले मशहूर रैपर ट्रैविस स्कॉट इन दिनों भारत में हैं। दिल्ली में उनके कार्यक्रम को अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इसके बाद मुंबई में उनका कॉन्सर्ट हुआ। इस कॉन्सर्ट में बड़ी संख्या में उनके फैंस पहुंचे और उनके साथ झूमते-गाते नजर आए। इस कॉन्सर्ट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रैविस स्कॉट गाना गा रहे हैं साथ में डांस कर रहे हैं। उन्होंने वेस्टर्न आउटफिट पहना है और चश्मा लगाया है। रैपर के साथ उनके फैंस भी झूम रहे हैं। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट से एक दूसरा वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें कुछ कर्मचारी फैंस पर मशीन से पानी छिड़क रहे हैं। दावा है कि ज्यादा लोगों के जमा हो जाने से वातावरण का तापमान गर्म हो गया।



## 'भाभीजी घर पर हैं' करेगी धमाका

**मुंबई।** टीवी का चर्चित कॉमेडी शो 'भाभीजी घर पर हैं' अब बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार है। अभिनेता आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे और रोहिताश गौड़ अभिनीत यह शो करीब एक दशक से लोगों का मनोरंजन करता आ रहा है। काफी समय पहले ऐलान किया गया था कि निर्माता इस शो पर फिल्म बना रहे हैं, जिसे जानने के बाद लोग उतावले थे। आखिरकार 'भाबीजी घर पर हैं-फन ऑन दा रन' की रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। निर्माताओं ने फिल्म का शीर्षक और पोस्टर जारी करते हुए लिखा, 'भाभीजी जो अब तक घर पर थीं, अब बड़े पर्दे पर आएंगी।' पोस्टर में शुभांगी (अंगूरी भाभी) विदिशा शर्मा (अनीता भाभी) और को दुल्हन की पोशाक में हैं। एक अन्य पोस्टर में दोनों के अलावा आसिफ और रोहिताश भी अस्त-व्यस्त हालात में दिख रहे हैं।



## अनीत संग ऐसा-वैसा कुछ भी नहीं...

**मुंबई।** सैयारा' फिल्म से रातों-रात चर्चा में आए अभिनेता अहान पांडे इंटरनेट के सबसे चर्चित सेलिब्रिटी बन चुके हैं। काम से ज्यादा उनकी निजी जिंदगी लोगों का ध्यान खींचती रहती है। ददरअसल, सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि अभिनेता अपनी सह-अभिनेत्री अनीत पड्डा को डेट कर रहे हैं। इस बीच, फिल्म निर्माता करण जौहर की प्रतिक्रिया ने अहान और अनीत के रिश्ते की अफवाह को फिर से हवा दे दी। अब 'सैयारा' अभिनेता ने खुद ही सच बता दिया है। अहान ने हालिया इंटरव्यू में, 'सैयारा' अभिनेत्री संग उन्हें जोड़ने वाली अफवाहों को खारिज किया है। एक बातचीत में उन्होंने अनीत को सिर्फ अच्छा दोस्त बताया है। अभिनेता ने कहा, अनीत मेरी सबसे अच्छी दोस्त है। पूरा इंटरनेट यही सोच रहा है कि हम साथ हैं, लेकिन हम साथ नहीं हैं।

**टीवी मसाला**



## 'बिग बॉस 19' के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए खुलासे...

**मुंबई।** 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं।

***किचन में लिफ्ट वाला दावा :*** 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं।

***फैक्टरीज के सवाल का दिया जवाब :*** इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं। उन्होंने बताया कि परिवार का कामकाज पूरी तरह पारदर्शी है और तान्या ने जो कुछ बताया, वह किसी भ्रम या दिखावे के लिए नहीं था, बल्कि उनके वास्तविक अनुभवों पर आधारित था।

## रुबीना के पति अभिनव के साथ हुआ धोखा

**नई दिल्ली।** टीवी की चर्चित जोड़ी रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला हाल ही में टीवी शो 'पति पत्नी और पंगा' के विजेता बने थे। दोनों की जीत का जश्न अभी थमा नहीं था कि अभिनेता ने चौंकाने वाली खबर सुना दी है। अभिनव ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए बताया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इस वीडियो के माध्यम से वह अपने प्रशंसकों को जागरुक करने की कोशिश भी करते दिखे। अभिनव ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए बताया कि उन्होंने लोन के लिए अप्लाई किया था। बाद में पता चला कि उनके पैन कार्ड से धोखाधड़ी के जरिए 5-6 लोगों ने कई लोन ले रखे हैं। उन्होंने आगे बताया कि वह वीडियो इसलिए जारी कर रहे हैं, ताकि किसी और के साथ ऐसा न हो सके।



## फरहान की पिछली 5 फिल्मों का बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट कार्ड, 2 हुईं बुरी तरह फ्लॉप

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता फरहान अख्तर इन दिनों अपनी नई फिल्म '120 बहादुर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और फरहान जोर-शोर से इसका प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। समीक्षकों से फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि फरहान की पिछली 5 फिल्मों का बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड कैसा रहा?



**'द स्काई इज पिंक' :** फरहान को आखिरी बार सिनेमाघरों में फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में देखा गया था, जो साल 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में वो प्रियंका चोपड़ा के साथ इश्क लड़ाते नजर आए थे। इस फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में खूब तारीफ मिली थी।समीक्षकों से भी इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, लेकिन 24 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म भारत में बस 20 करोड़ रुपये कमा पाई थी। 'स्काई इज पिंक' नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

**'लखनऊ सेंट्रल' :** साल 2017 में फरहान 'लखनऊ सेंट्रल' लेकर आए थे। फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर मुरादाबाद में रहने वाले किशन मोहन गिरहोत्रा (फरहान) के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म को दर्शकों ने साफ नकार दिया था, वहीं समीक्षकों से भी इसे हरी झंडी नहीं मिली। 30 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म को 11 करोड़ कमाने में भी पसीने छूट गए थे। बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर मौजूद है।

**'रॉक ऑन 2':** साल 2016 में रिलीज हुई फरहान की 'रॉक ऑन 2' को काफी उम्मीदों के साथ बनाया गया था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना जादू नहीं चला पाई। नोटबंदी के समय रिलीज होने की वजह से दर्शक सिनेमाघरों तक नहीं पहुंच पाए और फिल्म की कमाई बुरी तरह प्रभावित हुई। इसके अलावा कहानी और गाने भी 'रॉक ऑन' का मुकाबला न कर पाए। 40 करोड़ रुपये की लागत में बनी ये फिल्म बस 10 करोड़ रुपये जुटा पाई थी।

**'वजीर' और 'दिल धड़कने दो':** अमिताभ बच्चन के साथ आई फरहान की 'वजीर' ने 35 करोड़ की लागत में 41 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन औसत रहा। ये फिलम अमेजन प्राइम वीडियो और सोनी लिव पर है। उधर 'दिल धड़कने दो' में फरहान ने एक्टिंग भी की। वो फिल्म के डायलॉग राइटर और निर्माता भी थे। रणवीर सिंह भी इसमें अहम भूमिका में थे।

## 'सूर्या 47': पुलिसवाले बनकर 8 साल बाद पर्दे पर लौटेंगे सूर्या, एक्शन से भरपूर होगी फिल्म

**मुंबई।** दक्षिण सिनेमा के सुपरस्टार सूर्या पुलिसवाले बनकर फिर पर्दे पर धमाल मचाएंगे। उनकी नई फिल्म 'सूर्या 47' से जुड़ी जानकारी लोगों को उत्साहित करने आ गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान जीतू माधवन संभाल रहे हैं। दोनों साथ मिलकर एक्शन, कॉप फिल्म बनाने की तैयारी में हैं, जिसकी शूटिंग दिसंबर, 2025 में शुरू हो सकती है। पुलिस अधिकारी के किरदार में सूर्या को 'सिंघम 3' में देखा गया था। यह फिल्म 8 साल पहले 2017 में रिलीज हुई थी।



### 'सूर्या 47' में ये अभिनेत्री आ सकती है नजर

रिपोर्ट के मुताबिक, अस्थायी नाम वाली 'सूर्या 47' में मुख्य अभिनेत्री के रूप में नाजरिया नाजिम फहाद नजर आ सकती हैं। उन्हें सोनी लिव की हालिया वेब सीरीज 'द मद्रास मिस्ट्री' में देखा गया है। पहले चर्चा थी कि सूर्या और नाजरिया फिल्म 'पुरानानूरु' में काम करेंगे, लेकिन अब यह परियोजना रद्द हो गई है। सूर्या के काम की बात करें, तो अभिनेता को आखिरी बार फिल्म 'रेट्रो' में देखा गया था। यह फिल्म मई, 2025 में रिलीज हुई थी।

### केरल में फिल्मांकन शुरू होने की संभावना

पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, 'सूर्या 47' की शूटिंग 8 दिसंबर, 2025 से शुरू हो सकती है। टीम द्वारा अन्य जगहों पर जाने से पहले, फिल्मांकन केरल में शुरू होने की संभावना है। हालांकि ये अपडेट अटकलें हैं, क्योंकि निर्माताओं की तरफ से आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। यह बात अलग है, कि अगर अफवाहें सच हुईं तो सूर्या और जीतू की जोड़ी दोबारा साथ करेगी। इससे पहले दोनों फिल्म 'सोरारई पोटरु स्टार' और 'आवेशम' में काम कर चुके हैं।

**शॉर्टलिस्ट होने वाली फिल्मों की घोषणा 16 दिसंबर को होगी**

## ऑस्कर 2026 में बड़ा बदलाव, मिलेगा ये खास पुरस्कार; कौन होगा जीत का हकदार?

### कास्टिंग करने वालों को भी मिलेगा पुरस्कार

20 साल से ज्यादा समय के बाद ऑस्कर में एक नई श्रेणी जोड़ी गई है। इस नई श्रेणी का पुरस्कार कास्टिंग के लिए होगा। कास्टिंग अवॉर्ड का मतलब है कि उस फिल्म के लिए सबसे अच्छे अभिनेताओं और कलाकारों को चुनने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। ये पुरस्कार उन लोगों की मेहनत को पहचानता है, जो फिल्म के लिए सही कलाकारों का चुनाव करते हैं। इस श्रेणी के आने के बाद अब ऑस्कर में कुल 24 पुरस्कार होंगे।

***लॉस एंजिल्स।*** *फिल्मी दुनिया के सबसे बड़े पुरस्कार समारोह ऑस्कर का इंतजार दुनियाभर के सिनेप्रेमियों को है। ऑस्कर 2026 से जुड़ीं आए दिन रोचक जानकारियां सामने आ रही हैं और अब इस पर ऐसा धमाकेदार अपडेट आया है, जिससे इस*




*प्रतिष्ठित समारोह का इंतजार कर रहे प्रशंसक और बेसब्र हो जाएंगे। दरअसल, ऑस्कर 2026 अपने इतिहास में एक बड़ा बदलाव लेकर आ रहा है। 20 साल से अधिक समय के बाद पहली बार अकादमी अवॉर्ड्स में एक नई श्रेणी जोड़ी गई है।*

### कास्टिंग निर्देशक चुनेंगे ऑस्कर की टॉप 10 फिल्में

फिल्मों के लिए सही कलाकार चुनने वाले कास्टिंग निर्देशक ही तय करेंगे कि कौन-सी फिल्में इस पुरस्कार के लिए आगे बढ़ेंगी। ये लोग सबसे पहले 10 फिल्मों को शॉर्टलिस्ट करेंगे, बिल्कुल वैसे ही जैसे गाने, डॉक्यूमेंट्री, साउंड, विजुअल इफेक्ट्स, मेकअप, हेयर स्टाइलिंग और शॉर्ट फिल्म्स जैसी कुछ और श्रेणियों के पुरस्कारों के लिए किया जाता रहा है। शॉर्टलिस्ट होने वाली फिल्मों की घोषणा 16 दिसंबर को होगी और फिर 22 जनवरी को नामांकन पाने वाली फिल्मों के नाम सामने आएंगे।

### ऑस्कर 2026 भारत में कब और कहां देख सकेंगे?

ऑस्कर 2026 का मजा दोगुना करेंगे मशहूर कॉमेडियन कॉनन ओ'ब्रायन, जो खुद भी इस समारोह की मेजबानी करने की पुष्टि कर चुके हैं। ऑस्कर का आयोजन सोमवार, 16 मार्च 2026 को होगा। भारत में इस समारोह को सुबह 4:30 बजे से 7:30 बजे तक लाइव देखा जा सकेगा। इसके अलावा भारत की तरफ से करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड' को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना गया है।

### *साल 2001 के बाद से अब जुड़ी ऑस्कर में एक नई श्रेणी*

*अकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर एंड साइंसेज ने साल 2001 के बाद से अब तक कोई नई श्रेणी नहीं जोड़ी थी। 2001 में आखिरी बार बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म नाम से नई श्रेणी बनाई गई थी। अब इतने सालों बाद पहली बार कोई नई श्रेणी कास्टिंग अवॉर्ड जुड़ी है। इससे न केवल कास्टिंग निर्देशकों की मेहनत को मान्यता मिलेगी, बल्कि यह दर्शाता है कि ऑस्कर समय के साथ बदल रहा है और इंडस्ट्री के हर पहलू को सम्मान दे रहा है।*



# ऑस्ट्रेलियाई ओपन : लक्ष्य सेन बने चैंपियन, 38 मिनट चले मुकाबले में युशी तनाका को हराया

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत के लक्ष्य सेन ने 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में जापान के युशी तनाका को हराकर सत्र का अपना पहला खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर मुश्किल दौर का अंत किया। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद खराब दौर से गुजरने वाले अल्मोड़ा के 24 वर्षीय खिलाड़ी सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 वर्षीय तनाका को 38 मिनट में 21-15, 21-11 से हराया।

### बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले बने दूसरे भारतीय

*लक्ष्य ने कहा, 'इस सत्र में मैंने काफ़ी उतार-चढ़ाव देखे। सत्र की शुरुआत में कुछ चोटें भी लगीं। लेकिन मैंने पूरे सत्र में कड़ी मेहनत की और अब जीत के साथ सत्र का अंत करके मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत उत्साहित हूं और अगले सत्र का इंतजार कर रहा हूं। इस टूर्नामेंट में मैंने जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे वास्तव में मैं बहुत खुश हूं।'*



### खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय

*विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने इससे पहले आखिरी बार 2024 में लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल में सुपर 300 खिताब जीता था। वह इस साल सितंबर में हांगकांग सुपर 500 में उपविजेता रहे थे। इस वर्ष ऑलियंस मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाले विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी तनाका का सामना करते हुए लक्ष्य ने शानदार नियंत्रण और तेजतर्रार खेल का नमूना पेश किया तथा एक भी गेम गंवाए बिना मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत से मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इससे पहले आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट जीता था।*

### लक्ष्य ने की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत

लक्ष्य ने आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की और 6-3 की बढ़त बना ली, जबकि तनाका ने कई गलतियां कीं। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और तनाका ने अंतर 7-9 कर दिया, लेकिन जापानी खिलाड़ी ने एक और शॉट नेट पर उलझा दिया, जिससे भारतीय खिलाड़ी ने इंटरवल तक तीन अंक की बढ़त हासिल कर ली। लक्ष्य का हौसला बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय दर्शक मौजूद थे और इस खिलाड़ी ने उन्हें निराश नहीं किया। तनाका ने अपने जोरदार स्मैश और लक्ष्य की एक गलती का फायदा उठाकर स्कोर 12-13 कर दिया। लेकिन लक्ष्य ने जापान के खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया तथा बैकहैंड स्मैश और एक और जबरदस्त क्रॉस-कोर्ट विनर के साथ 17-13 से चार अंकों की बढ़त बना ली। लक्ष्य ने इसके बाद पांच गेम प्वाइंट हासिल किए और तनाका की एक और गलती से पहला गेम अपने नाम कर दिया।

## खबर संक्षेप

### 28 नवंबर से जूनियर हॉकी विश्व कप, फ्री मिलेंगे टिकट

**मदुरै।** हॉकी इंडिया ने 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले पुरुष जूनियर विश्व कप के मैच देखने के लिए मुफ्त टिकटों की घोषणा की। इस टूर्नामेंट के मैच चेन्नई में भी खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग लेंगी, जिससे यह जूनियर विश्व कप के इतिहास का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बन जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'मुफ्त टिकट की पेशकश करके हमारा उद्देश्य तमिलनाडु और उसके बाहर के छात्रों, युवा खिलाड़ियों, परिवारों और हॉकी प्रेमियों के लिए दरवाजे खोलना है।' उन्होंने कहा गया कि वर्चुअल फ्री टिकट टिकट जीनी वेबसाइट या हॉकी इंडिया ऐप से बुक किए जा सकते हैं।

### एएफसी महिला चैंपियंस लीग से बाहर ईस्ट बंगाल



**वुहान।** ईस्ट बंगाल की टीम उज्बेकिस्तान की पीएफसी नसाफ के हाथों 0-3 से हारकर एएफसी महिला चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण से बाहर हो गई। विजेता टीम के लिए दियोराखोन खाबीबुल्लाएवा (18वें और 90+8) ने दो गोल किए, जबकि जरीना नोरबोएवा ने 52वें मिनट में गोल किया। ईस्ट बंगाल ने इस टूर्नामेंट में अपने पहले अभियान का अंत तीन अंकों के साथ किया। यह टीम के लिए तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के रूप में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। ईस्ट बंगाल ने इससे पहले ग्रुप बी में ईरान की बाम खातून एफसी को 3-1 से हराया था और चीन की वुहान जियांगडा एफसी से 0-2 से हार गई थी। इस जीत से उज्बेकिस्तान की टीम ने चार अंक के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

### देवंदा ने बनाया रिकॉर्ड जीती अल्ट्रा चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारत के अमर सिंह देवंदा ने बैंकॉक में आयोजित एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप में 6:59:37 (छह घंटे, 59 मिनट और 37 सेकंड) का राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय निकालकर जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्ट्रारनर्स ने किया था। अमर इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 11 सदस्यीय भारतीय दल का हिस्सा हैं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा, 'अमर सिंह देवंदा ने भारत के लिए इतिहास रच दिया। उन्होंने 6:59:37 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप जीत ली।' भारतीय टीम के अन्य सदस्यों में सौरव कुमार रंजन, गीनो एंटनी, वेलु पेरुमल, योगेश सनप, जयद्रथ, आरती झंवर, रणजी सिंह, सिंधु उमेश, नामग्याल ल्हामो और तेनजिन डोल्मा शामिल हैं।

### गुवाहाटी टेस्ट दूसरा दिन: मुथुसामी ने जड़ा अपने टेस्ट करियर का पहला शतक

# साउथ अफ्रीका ने कसा शिकंजा, खड़ा किया 489 का स्कोर, 480 रनों से पीछे टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

सेनुरन मुथुसामी ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया जबकि मार्को यानसन केवल सात रन से यह उपलब्धि हासिल करने से चूक गए लेकिन इन दोनों की शानदार पारियों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन रविवार को अपनी पहली पारी में 489 रन का विशाल स्कोर बनाया। मुथुसामी ने 206 गेंद पर 109 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल हैं। यानसन ने भारतीय स्पिनरों को निशाने पर रखकर 91 गेंद पर छह चौकों और सात छक्कों की मदद से 93 रन की तूफानी पारी खेली। इन दोनों ने आठवें विकेट के लिए 97 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका का बड़ा स्कोर सुनिश्चित किया। भारत ने इसके जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 6.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के नौ रन बनाए हैं। यशस्वी जायसवाल (नाबाद सात) और केएल राहुल (नाबाद दो) बनाकर पिच पर है।

### यानसन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

*साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज मार्को यानसन ने भारत के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में इतिहास रच दिया। उन्होंने साउथ अफ्रीका की पहली पारी में जबरदस्त खेल दिखाते हुए आतिशी अर्धशतक लगाया। यानसन 93 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 91 गेंद का सामना किया और छह चौके व सात छक्के लगाए। यह उनका टेस्ट क्रिकेट में भी सर्वोच्च स्कोर रहा। मार्को यानसन ने सात छक्कों के जरिए वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। वे टेस्ट में नंबर नौ पर खेलते हुए एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। दिलचस्प बात है कि भारत के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट से पहले यानसन के नाम 31 टेस्ट पारियों में केवल छह ही छक्के थे।*



सेनुरन मुथुसामी / मार्को यानसन

**मुथुसामी ने हासिल की बड़ी उपलब्धि :** सेनुरन मुथुसामी टेस्ट क्रिकेट में नंबर 7 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए भारत के खिलाफ शतक लगाने वाले साउथ अफ्रीका के तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले ये कारनामा क्विंटन डी कॉक ने 2019 में किया था। उस मैच में उन्होंने 111 रन बनाए थे। वहीं लांस क्लूजनर 1997 में केपटाउन में ये कारनामा किया था।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम बो बुमराह | 38 | 81 | 5 | 0 |
| रिकलटन का पंत बो कुलदीप | 35 | 82 | 5 | 0 |
| स्टब्स का राहुल बो कुलदीप | 49 | 152 | 4 | 2 |
| बावुमा का जायसवाल बो जडेजा | 41 | 92 | 5 | 0 |
| जॉर्जी का पंत बो सिराज | 28 | 59 | 3 | 1 |
| मुल्डर का जायसवाल बो कुलदीप | 13 | 18 | 2 | 0 |
| मुथुसामी का जायसवाल बो सिराज | 109 | 206 | 10 | 0 |
| काइल वेरेने स्ट पंत बो जडेजा | 45 | 122 | 5 | 0 |
| मार्को यानसेन बो कुलदीप | 93 | 91 | 6 | 7 |
| सिमोन हार्मर बो बुमराह | 05 | 25 | 0 | 0 |
| केशव महाराज नाबाद | 12 | 31 | 0 | 1 |
| अतिरिक्त : 21 | | | | |
| कुल योग : 151.1 ओवर में 489 रन पर सभी आउट | | | | |
| गेंदबाजी : बुमराह 32-10-75-2, सिराज 30-5-106-2, रेड्डी 6-0-25-0, सुंदर 26-5-58-0, कुलदीप 29.1-4-115-4, जडेजा 28-2-94-2 | | | | |
| भारत की पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
| जायसवाल खेल रहे हैं | 07 | 23 | 1 | 0 |
| राहुल खेल रहे हैं | 02 | 14 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : 00 | | | | |
| कुल योग : 6.1 ओवर में बिना विकेट गंवाए 09 रन | | | | |
| गेंदबाजी : मार्को यानसेन 3.1-1-9-0, वियान मुल्डर 3-3-0-0, | | | | |

### मुशफिकुर रहीम ने ठोका शतक

# आयरलैंड को हराकर बांग्लादेश ने सीरीज की क्लीन स्वीप



एजेंसी ▶▶| मीरपुर

मुशफिकुर रहीम ने अपने 100वें टेस्ट में शतक जड़ा, जिससे बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 217 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। मुशफिकुर ने पहली पारी में 106 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में नाबाद 53 रन की पारी खेली, जिससे उन्होंने मैच में कुल 159 रन बनाए जबकि लिटन दास ने 128 रन की शतकीय पारी खेली। इससे मेजबान टीम ने पहली पारी में 476 रन बनाए। आयरलैंड के ऑफ-स्पिनर एंडी मैकब्राइन ने 109 रन पर छह विकेट झटककर बांग्लादेश को 500 रन से पहले ही रोक दिया। लेकिन ताइजुल इस्लाम ने दोनों पारियों में 76 और 94 रन देकर चार चार विकेट झटके। इससे वह 250 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज बन गए।

### आयरलैंड पहली पारी में 265 रन पर सिमटी

आयरलैंड की टीम पहली पारी में 265 रन पर सिमट गई। लेकिन बांग्लादेश ने फॉलो-ऑन नहीं दिया। दूसरी पारी में शादमान इस्लाम (78) और महमूदुल हसन जॉय (60) ने मिलकर 119 रन की भागीदारी निभाई। इसके बाद मोमिनुल हक ने 87 रन बनाए, जिससे बांग्लादेश ने चार विकेट पर 297 रन पर पारी घोषित कर दी। अब आयरलैंड को जीत के लिए 509 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला। आयरलैंड की जोड़ी हैरी टेक्टर (50) और कर्टिस कैंपर (नाबाद 71 रन) ने डटे रहकर मैच को पांचवें दिन तक पहुंचाया। लेकिन उसकी दूसरी पारी 291 रन पर खत्म हुई। बांग्लादेश ने पहला मैच पारी और 47 रन से जीता था। दोनों टीमें अब 29 नवंबर से चटगांव में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेंगी।

### स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा

# कैंप नोउ स्टेडियम में बार्सिलोना की बड़ी जीत, मनाया जश्न



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में एथलेटिक बिलबाओ पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज करके अपने पसंदीदा स्टेडियम कैंप नोउ में वापसी का जश्न मनाया।

यूरोप के सबसे बड़े फ़ुटबॉल स्टेडियम कैंप नोउ को नए सिरे से तैयार किया गया है। उसे पिछले दो साल से भी अधिक समय तक बंद रखा गया था और अब लगभग आधी क्षमता पर फिर से खोला गया है। इस स्टेडियम में लंबे समय बाद होने वाले इस मैच को देखने के लिए लगभग 45 हजार प्रशंसक मौजूद थे। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने मैच शुरू होने के सिर्फ चार मिनट बाद ही गोल करके माहौल बना दिया। फ़ेरान टोरेस ने अपने साथी फ़ॉरवर्ड लामिन यामल के शानदार पास से दो गोल किए और फ़र्मिन लोपेज़ ने कैंप नोउ में अपने पहले मैच में गोल दागा। लेवांडोव्स्की ने कहा, 'हमने शुरुआत से ही अच्छा खेल दिखाया और तीन अंक हासिल किए, लेकिन आज सबसे अहम बात कैंप नोउ में वापसी है। यहां खेलने का मज़ा ही कुछ और है। मुझे लगता है कि जब हम कैंप नोउ में खेलते हैं तो हम थोड़े ज़्यादा मज़बूत होते हैं।' बार्सिलोना के प्रशंसकों ने ठंडे मौसम के बावजूद जश्न के माहौल के बीच मैच शुरू होने से पहले क्लब का गीत गाया। इससे पहले आखिरी बार वे कैंप नोउ में मई 2023 में कोई मैच देख पाए थे।

# कल से सैयद मोदी चैंपियनशिप ओकुहारा, प्रणय लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत, ओलंपियन नोजोमी ओकुहारा और एचएस प्रणय जैसे दिग्गज अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रही सैयद मोदी इंडिया अंतरराष्ट्रीय एचएसबीसी विश्व टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए तैयार है। मौजूदा महिला युगल चैंपियन तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी इस चैंपियनशिप में वापसी करेंगी। इस प्रतियोगिता में प्रियांशु राजावत, तन्वी शर्मा, अनमोल खरब और उन्नति हुड्डा जैसी उभरती हुई भारतीय प्रतिभाएं भी शामिल हैं। प्रतियोगिता में भारत के 152 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल भाग ले रहा है। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने



रविवार को घोषणा की कि कुल 240,000 डॉलर की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। क्वालीफायर और मुख्य ड्रॉ के चुनिंदा मैच मंगलवार को खेले जाएंगे, जबकि इसका फाइनल 30 नवंबर को होगा। पांचों स्पर्धाओं (पुरुष और महिला एकल, पुरुष और महिला युगल और मिश्रित युगल) में 32 खिलाड़ियों (या जोड़ियों) के बीच मुकाबला होगा, जिसमें 28 को सीधे प्रवेश मिलेगा जबकि चार क्वालीफायर के जरिए रास्ता बनाएंगे।

### महिला वॉलीबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में रविवार को वॉलीबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप के महिला फाइनल में लातविया की टीना ग्राउडिना, क्रिस्टन नुस (बाएं) और यूएस की टैरिन ब्रेशर के खिलाफ ब्लॉक करती हुईं।



### नेपाल की टीम अपनी पारी में केवल एक चौका ही लगा सकी

# भारत ने जीता पहला दृष्टिबाधित टी20 महिला क्रिकेट विश्व कप

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत ने टी20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप फाइनल में रविवार को पी सारा ओवल मैदान में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट विश्व कप का यह पहला आयोजन है। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए नेपाल को पांच विकेट पर 114 रनों पर रोक दिया और फिर महज 12 ओवरों में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारत का इस मैच पर दबदबा इतना था कि नेपाल की टीम अपनी पारी में केवल एक चौका ही लगा सकी। फुला सरेन नाबाद 44 रनों की पारी के साथ भारत की सर्वोच्च स्कोरर रही।



### यह एक ऐतिहासिक जीत कप्तान दीपिका

खिताबी जीत के बाद टीम की कप्तान दीपिका टीसी ने कहा, 'हमें अत्यधिक गर्व महसूस हो रहा है और यह एक ऐतिहासिक जीत है। हमारी पूरी टीम ने इस उपलब्धि के लिए कड़ी मेहनत की है। यह एक बेहद मजबूत टीम है, और अब अन्य टीमें हमारे साथ खेलने से कतराती हैं। हम तो अब पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के साथ भी खेलने के लिए तैयार हैं।'

### सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था

भारत ने इससे पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया था। सह-मेजबान श्रीलंका शुरुआती चरण के पांच मैचों में सिर्फ एक मैच (अमेरिका के खिलाफ) ही जीत सका। पाकिस्तान की बी3 (आंशिक रूप से दृष्टिबाधित) खिलाड़ी मेहरीन अली छह टीमों के टूर्नामेंट में सबसे सफल बल्लेबाज रहीं। उन्होंने 600 से अधिक रन बनाए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों में खेली गई 230 रनों की पारी भी शामिल है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 133 रनों की पारी खेली थी।




## घर-घर सत्यापन में आ रही जमीनी दिक्कतें, बीएलओ पर बढ़ा दबाव

# जबलपुर में एसआईआर प्रक्रिया बनी चुनौती

हरिभूमि जबलपुर।

जिले में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की अंतिम तिथि 4 दिसंबर जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे जबलपुर जिले में इस अभियान की जमीनी हकीकत सामने आने लगी है। कागजों में सुचारू दिख रही यह प्रक्रिया फील्ड में कई व्यवहारिक समस्याओं से जूझ रही है। घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का काम करने वाले बूथ लेवल ऑफिसर से लेकर आम नागरिक तक इस प्रक्रिया को लेकर असमंजस और दबाव की स्थिति में नजर आ रहे हैं।

शहर के अधारताल, घमापुर, गोहलपुर, रांझी, पनागर, माढ़ोताल और बेलखेड़ा क्षेत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक बीएलओ पर काम का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। एक-एक बीएलओ को सैकड़ों घरों का सत्यापन करना है, जहां उन्हें फॉर्म भरने के साथ-साथ आधार, राशन कार्ड, बिजली बिल जैसे दस्तावेजों का मिलान भी करना पड़ रहा है। समय सीमा कम होने के कारण कई कर्मचारी देर रात तक फील्ड में काम करने को मजबूर हैं, जिससे काम की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।




### डिजिटल काम बना बड़ी बाधा

जबलपुर के ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी एक बड़ी समस्या बनकर सामने आई है। पनागर, शहपुरा भिटौनी और कुंडम से जुड़े क्षेत्र में नेटवर्क की कमजोरी के चलते ऑनलाइन एंट्री और फोटो अपलोड का काम बार-बार बाधित हो रहा है। कई जगहों पर बीएलओ को पहले कागज पर रिकॉर्ड तैयार करना पड़ रहा है और फिर शहर लौटकर साइबर कैफे या कार्यालयों से डेटा अपलोड करना पड़ता है। इससे समय भी बर्बाद हो रहा है और गलतियां होने की संभावना भी बढ़ गई है।

### दस्तावेजों को लेकर असमंजस

शहर की झुग्गी बस्तियों और पुराने मोहल्लों में रहने वाले कई लोगों के पास पूरे दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। कई परिवारों में नाम की स्पेलिंग, जन्मतिथि या पते को लेकर आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्रों में भिन्नता पाई गई है। इससे बीएलओ और नागरिकों के बीच बहस की स्थिति भी कई जगह देखने को मिली है। नागरिकों का कहना है कि उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई कि कौन से दस्तावेज मान्य हैं और किस स्थिति में उनका नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहेगा।

### नाम कटने का डर और अफवाहों का असर

जबलपुर में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सबसे बड़ी चिंता मतदाताओं के मन में नाम कटने का डर है। कई वार्डों में लोगों को यह भ्रम है कि यदि किसी कारणवश सत्यापन के दौरान गलती हो गई तो उनका नाम स्थायी रूप से वोटर लिस्ट से हट सकता है। इसी डर के चलते कुछ लोग बीएलओ को जानकारी देने से भी कतराने लगे हैं। सोशल मीडिया और मोहल्लों में फैली अफवाहों ने इस डर को और हवा दी है।

### राजनीतिक माहौल भी बना दबाव का कारण

जबलपुर में राजनीतिक रूप से एसआईआर प्रक्रिया पर नजर रखी जा रही है। विभिन्न दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। कहीं-कहीं बीएलओ पर परोक्ष दबाव डालने और शिकायतें दर्ज कराने की घटनाएं भी सामने आई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार समीक्षा बैठकें कर कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देने पड़ रहे हैं, जिससे अभियान की गति प्रभावित हो रही है।

### महिलाओं और गरीब तबके को हो रही ज्यादा दिक्कत

शहर की गरीब बस्तियों, घरेलू काम करने वाली महिलाओं और वृद्ध मतदाताओं के सामने सबसे ज्यादा समस्या आ रही है। कई विधवा महिलाओं के पास पहचान के पुराने दस्तावेज हैं, जिनमें पति का नाम या पता अब सही नहीं है। ऐसी स्थिति में बीएलओ स्वयं भी असमंजस में हैं कि किस आधार पर सत्यापन किया जाए।

### समय-सीमा सबसे बड़ी चुनौती

जबलपुर में भले ही प्रशासन रोजाना प्रगति की रिपोर्ट जारी कर रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कई वार्डों में अभी भी बड़ी संख्या में घरों का सत्यापन बाकी है। अगर यह प्रक्रिया तय समयसीमा में पूरी नहीं हो पाती है तो बाद में आपत्तियों और सुधारों का बोझ और बढ़ सकता है।

### स्थानीय स्तर पर अतिरिक्त कर्मचारियों की जरूरत

शहर में लोगों की मांग है कि बीएलओ के साथ अतिरिक्त अस्थायी कर्मचारियों की तैनाती की जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की वैकल्पिक व्यवस्था हो, और हर वार्ड स्तर पर दस्तावेज सहायता शिविर लगाए जाएं। साथ ही लोगों को यह भरोसा दिलाने की जरूरत है कि सत्यापन का उद्देश्य नाम काटना नहीं, बल्कि सूची को सही और पारदर्शी बनाना है।

## 3 माह से फरार वनरक्षक जबलपुर में पकड़ा गया

# बाघिन का शव जलाने की घटना में एक और गिरफ्तारी



**जबलपुर।** बालाघाट के सोनेवानी कंम्पार्टमेंट में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत बाघिन के शव को नियमों के विरुद्ध जलाने के मामले में तीन महीने से फरार चल रहे वनरक्षक हिमांशु घोरमारे को स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स जबलपुर की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर घोरमारे को जबलपुर के सिविल लाइन क्षेत्र से पकड़ा गया। आरोपी को उसे वारासिवनी न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से रिमांड पर लिया गया हैं।

### ये है मामला

पुलिस के अनुसार घोरमारे पर आरोप है कि 27 जुलाई को ग्राम बोरी के पास काला गोंदी नाले में मृत पाई गई बाघिन का शव उसने सुरक्षा कर्मियों के साथ मिलकर नियमों का पालन किए बिना जला दिया था। शव को मौके से हटाकर तीन दिन तक स्थान बदल-बदल कर रखा गया और 30 जुलाई को लकड़ी उपलब्ध होने पर प्रोटोकॉल से हटकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### अब तक सात गिरफ्तार

इस मामले में कुल आठ आरोपी शामिल हैं, जिनमें से अब तक सात गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पूर्व में डिप्टी रेंजर टीकाराम हिनोते समेत छह सुरक्षा श्रमिकों को भी पकड़ा जा चुका है। घटना के फोटो सामने आने के बाद मामला हाई-प्रोफाइल बन गया था, जिसके बाद डीएफओ ने सबको तत्काल तलब किया था लेकिन आरोपी हिमांशु घोरमारे फरार हो गया था। वन विभाग के अनुसार, शव का आधिकारिक पोस्टमार्टम न होना और प्रोटोकॉल का पालन न किया जाना गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। घोरमारे को पूछताछ के लिए बालाघाट पुलिस के हवाले किया गया है और आगे की जांच जारी है।

# अभी जोर नहीं पकड़ पा रही ठंड, पश्चिमी विक्षोप से छाई बादलों की परत

**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोप के कारण आसमान पर बादलों की परत छाई हुई है. बादलों की वजह से इस बार पारा फिर स्थिर हो गया है. अभी रात के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट आई थी, जो अब सामान्य स्थिति में आ गया. वहीं दिन का तापमान औसत से एक डिग्री उपर रहा. मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोप के कारण आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी हुई. लिहाजा दिन में मौसम में ठंडक नहीं आ पा रही है । अभी भी दिन में हलकी ठंडक का माहौल बना रहता है। रात में



जरूर ठण्डक आ जाती है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पश्चिमी विक्षोप के कारण बादलों की आवक-जावक बनी हुई है। आसमान पर बादलों की बसाहट के कारण तापमान स्थिर बना हुआ है। दिन का तापमान औसत से 1 डिग्री ऊपर है और रात का तापमान सामान्य की स्थिति में चल रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सामान्य से एक डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 83 प्रतिशत और सांय काल 66 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.30 पर और सूर्यास्त शाम 5.24 पर हुआ। उत्तर पूर्वी हवाएं 3 से 4 किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 27.1 और न्यूनतम तापमान 10.0 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले २४ घण्टों के दौरान जिले का मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा। प्रदेश में सबसे कम 5.6 डिग्री तापमान पचमढ़ी जिलें में दर्ज किया गया।



## काम्बिंग गश्तः आधी रात तक पुलिस ने की धड़पकड़

**जबलपुर।** जिला बदर आदतन अपराधी फरार वारंटियों के साथ साथ अनैतिक गतिविधियों में संलग्न अपराधियों पर नकेल कसने के लिये पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शनिवार की रात 9 बजे से देर रात 2 बजे तक काम्बिंग गश्त की गई. इस दौरान 303 वारंटी पकड़े गये. काम्बिंग गश्त के लिये शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई. एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षों से फरार 124 गैर म्यादी वारिटयों एवं 89 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 90 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

## कार की टक्कर से बुलेट सवार घायल

**जबलपुर।** केन्ट थाना अंतर्गत आफिसर मेस चौराहे के पास एक कार की टक्कर लगने से बुलेट मोटर सायकल सवार एक युवक घायल हो गया और उसका वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया. केन्ट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएमएम गोराबाजार निवासी 37 वर्षीय विपुल सिन्हा रायल इनफील्ड मोटर सायकल से निदान फाल कटंगी जा रहा था, सुबह 7.45 बजे आफिसर मेस चौराहे के आगे पीछे की ओर से आ रही कार एमपी 20 जेड एफ 4309 के चालक ने तेज रफतार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी. जिससे उसके हाथ पैर में चोट आ गई और मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गई. रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240